ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार 15.01.2024 वर्ष 11, अंक 15

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जो व्यक्ति पवित्र और साहसी है, वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।

## मणिपुर के थौबल से राहुल गांधी ने शुरू किया भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# मणिपुर के लोगों का आंसू पोंछने नहीं आए पीएम : राहुल

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर के थौबल से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश 'भारी अन्याय का सामना कर रहा है, इसलिए 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है. उन्होंने यात्रा की शुरुआत के मौके पर कहा कि एक ऐसे भविष्य का दृष्टिकोण पेश करना है, जो सद्भावना, समान भागीदारी वाला और भाईचारे से भरा हो.

राहुल गांधी ने कहा, 2004 से राजनीति में हूं. पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया, जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है. जिसे आप मणिपुर कहते थे, वो अब रहा ही नहीं. उन्होंने दावा किया, देश के प्रधानमंत्री आज तक यहां लोगों के आंसू पोंछने, हाथ पकड़ने नहीं आए. शायद भाजपा, आरएसएस के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है. राहुल गांधी ने कहा, सवाल उठा था कि यात्रा शुरू कहां से होनी चाहिए? मैंने साफ कहा कि यह यात्रा मणिपुर से ही शुरू होनी चाहिए. उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में जो हुआ, वो भाजपा, आरएसएस की 'नफरत की राजनीति का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि देश में एकाधिकार कायम किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर कारोबार बंद हो गए हैं तथा भयंकर बेरोजगारी है.कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा,भारत भारी अन्याय का सामना कर रहा है और इसलिए यह यात्रा जरूरी है.उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा,हम अपने मन की बात नहीं बताना चाहते, हम आपके मन की बात सुनना चाहते हैं. यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों से होकर 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी।

### राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक नजर

| 67 | 15 | 110 | 6,700 |
|---|---|---|---|
| दिन | राज्यों | जिला | किलोमीटर की यात्रा |

### अन्याय के खिलाफ है यह यात्रा : जयराम रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, यह यात्रा पिछले 10 साल में हुए राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अन्याय को ध्यान में रखते हुए निकाली जा रही है. उन्होंने कहा,प्रधानमंत्री अमृतकाल के सुनहरे सपने दिखाते हैं, लेकिन पिछले 10 साल की हकीकत अन्याय काल है. इस अन्याय काल का कोई जिक्र नहीं होता.

**मणिपुर वोट के लिए आते हैं पीएम मोदी : खड़गे:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे, तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी मणिपुर वोट के लिए आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुसीबत में है तब वे नहीं आते। वे राम-राम करते हैं। मुंह में राम और बगल में छुरी, यह वे जनता के साथ न करें।

### 110 जिलों से होकर गुजरेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

कांग्रेस ने इस यात्रा के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के अपने सहयोगी दलों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है और उसे उम्मीद है कि विभिन्न राज्यों में इस गठबंधन से जुड़े दलों के प्रमुख नेता यात्रा का हिस्सा बनेंगे. कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले निकाली जा रही यह यात्रा 67 दिन में 15 राज्यों और 110 जिलों से होकर गुजरेगी. 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लगभग 6,700 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी.

## महाराष्ट्र : कांग्रेस के दिग्गज नेता मिलिंद देवड़ा ने छोड़ी पार्टी

**मुंबई :** वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के थोड़ी देर बाद ही वे शिवसेना में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी का दामन थामा। आगामी लोकसभा चुनाव में देवड़ा के शिवसेना के टिकट पर दक्षिण मुंबई सीट से चुनाव लड़ने की भी चर्चाएं हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर मिलिंद देवड़ा ने लिखा कि आज वह अपनी राजनीतिक यात्रा के अहम अध्याय का अंत कर रहे हैं। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, साथ ही कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार के 55 साल पुराने रिश्ते का भी अंत कर रहा हूं। मैं सभी नेताओं, सहयोगियों और पार्टी कार्यकर्ताओं का उनके इतने सालों के समर्थन के लिए शुक्रगुजार हूं। गौरतलब है कि मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें बीते कई दिनों से चल रहीं थीं। हालांकि उन्होंने इसे अफवाह बताकर कांग्रेस छोड़ने की बात से इनकार किया था। मिलिंद देवड़ा ने ये बात स्वीकार की थी कि वह अपने समर्थकों से चर्चा कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है।

मिलिंद देवड़ा मुंबई की दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन इस बार गठबंधन के तहत शिवसेना (यूबीटी) दक्षिण मुंबई सीट पर अपनी दावेदारी कर रही है। ऐसे में देवड़ा को अपना टिकट कटने की आशंका थी। दक्षिण मुंबई सीट पर देवड़ा परिवार का दबदबा रहा है। हालांकि पिछले दो आम चुनाव में शिवसेना के अरविंद सावंत इस सीट से जीत दर्ज कर रहे हैं। यही वजह है कि इस बार भी शिवसेना इस सीट पर अपना दावा जता सकती है और गठबंधन के चलते हो सकता है कि कांग्रेस को यह सीट छोड़नी पड़े। ऐसे में माना जा रहा है कि इसी के चलते देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया है।मिलिंद देवड़ा कांग्रेस के दिवंगत वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली देवड़ा के बेटे हैं और साल 2004 और 2009 में दक्षिण मुंबई सीट से सांसद रह चुके हैं। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मिलिंद देवड़ा को शिवसेना उम्मीदवार के सामने हार का सामना करना पड़ा था। मिलिंद देवड़ा की गिनती कांग्रेस के युवा चेहरों में होती थी। वह कांग्रेस सरकार में साल 2012 में केंद्रीय नौका परिवहन राज्यमंत्री भी बनाए गए थे।

इसके अलावा वह सांसद रहने के दौरान रक्षा मंत्रालय की समिति, केंद्रीय शहरी विकास समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

## 15 मार्च तक मालदीव से अपने सैनिकों को हटाए भारत : राष्ट्रपति मुइज्जू

**माले :** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से कहा कि वह उनके देश में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को 15 मार्च तक हटा ले. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. माले की ओर से भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग किये जाने के दो महीने बाद राष्ट्रपति ने यह समय सीमा तय की है.सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मालदीव में 88 भारतीय सैन्यकर्मी हैं. राष्ट्रपति कार्यालय में सार्वजनिक नीति सचिव अब्दुल्ला नाजिम इब्राहिम ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से कहा है कि वह 15 मार्च तक अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुला ले. उन्होंने कहा,भारतीय सैन्यकर्मी मालदीव में नहीं रह सकते. यह राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और इस प्रशासन की नीति है. मालदीव और भारत ने सैनिकों की वापसी पर बातचीत के लिए एक उच्च स्तरीय कोर समूह का गठन किया है. इस समूह ने रविवार सुबह माले स्थित विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में अपनी पहली बैठक की. पिछले साल 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने का अनुरोध किया था. उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए मजबूत जनादेश दिया है. माले अब नई दिल्ली के साथ 100 से अधिक द्विपक्षीय समझौतों की भी समीक्षा कर रहा है.

## क्विक न्यूज

### ईस्टर्न पैरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, पांच ट्रकों की हुई जबरदस्त भिड़ंत, एक चालक की मौत

**नई दिल्ली :** घने कोहरे के चलते रविवार सुबह ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। ईस्टर्न पैरिफेरल पर पलवल से नोएडा जाने वाले रास्ते इंडियन पेट्रोल पंप के पास अत्यधिक कोहरा होने के कारण चलता हुआ ट्रक डिवाइडर तोड़कर उपर चढ गया। जिस कारण पीछे से आने वाले पांच ट्रक आगे पीछे टकरा गये। हादसे में एक चालक की मौत हो गई है और चार लोग घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं अन्य चार घायलों में रामलवट पुत्र जहरीलाल निवासी शाहगंज जनपद जौनपुर उम्र 60 वर्ष, प्रवीन पुत्र रोजदार निवासी नूह थाना पिनहवा जिला नूह हरियाणा उम्र 25 वर्ष, अशोक पुत्र बाबू लाल निवासी खुर्जा बुलंदशहर उम्र 40 वर्ष, भूपेन्द्र पुत्र उदयवीर सिंह निवासी खुर्जा जिला बुलंदशहर उम 30 वर्ष का नाम शामिल है।

### नड्डा ने दिल्ली के गुरुदास मंदिर में स्वच्छता अभियान में लिया भाग

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 'रामलला की प्राण प्रतिष्ठा' के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता अभियान का रविवार को करोल बाग स्थित गुरु रविदास मंदिर में शुभारंभ किया। इस दौरान नड्डा ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई में भी भाग लिया।स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा ने तय किया है कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक हम हर तीर्थस्थल और मंदिर की सफाई अभियान में शामिल होंगे और वहां भजन-कीर्तन भी करेंगे। 22 जनवरी को हम सभी अपने-अपने घरों में रामज्योति जलाकर प्रभु राम की आराधना करेंगे। आज इसी कार्यक्रम को उन्होंने यहां गुरु संत रविदास जी के ऐतिहासिक मंदिर से प्रारंभ किया और उन्हें यहां स्वच्छता अभियान में भाग लेने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।

### पीएम-जनमन से जुड़ी ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को जारी करेंगे पहली किश्त

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति को सशक्त बनाने के अंत्योदय के दृष्टिकोण की दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयासों के अनुरूप पिछले साल जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन की शुरुआत की गई थी।लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के बजट वाली पीएम-जनमन 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण प्रयासों पर केंद्रित है।

### मकर संक्रांतिः कहीं अन्न दान तो कहीं हुआ श्रम दान

**उदयपुर :** भले ही मकर संक्रांति इस बार 15 जनवरी यानी सोमवार को है, लेकिन 14 जनवरी की तारीख जनमानस में मकर संक्रांति के रूप में प्रचलित होने के कारण दान-पुण्य और पारम्परिक खान-पान और खेलों का दौर रविवार से ही शुरू हो गया। चूंकि, दिन रविवारीय अवकाश का रहा तो सुबह से ही मैदानों, चौक और गलियों में बच्चों की रेलमपेल नजर आने लग गई। कहीं देवदर्शन के साथ अन्न, वस्त्र और हरे चारे (रिचका) का दान हुआ तो कहीं श्रम का दान। घरों में मकर संक्रांति पर परम्परागत रूप से बनने वाले खीच-खिचड़े और तिल के लड्डू की खुशबू ने लुभाया। उदयपुर में रविवार से ही मकर संक्रांति का उल्लास नजर आने लग गया। अलसुबह से ही याचकों की टेर घर की ड्योड़ी पर सुनाई देने लग गई। लोगों ने घरों से निकलकर याचकों को अन्न-वस्त्र का दान किया। कहीं-कहीं गौशालाओं में लोगों की भीड़ नजर आई। लोगों ने वहां पहुंचकर यथायोग्य दान किया। दान-पुण्य के इस पावन पर्व पर कुछ स्थानों पर श्रम दान का भी दौर रहा। विभिन्न समाजों, युवा संगठनों की ओर से खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन रखा गया। इन खेलों में महिलाओं के बीच सितोलिया छाया रहा तो बच्चों में लट्टू, , पतंगबाजी का सुरूर चढ़ा रहा।

### रांची का तापमान

अधिकतम 23°

न्युनतम 10°

## प्रेमी ने प्रेमिका को मार डाला जंगल से कंकाल बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** एक प्रेमी ने अपने प्रेमिका से छुटकारा पाने के लिए उसकी हत्या कर दी और उसके शव को जंगल में फेंक दिया. प्रेमिका के शव को जंगली जीव खा गए, सिर्फ हड्डियां और कंकाल ही बचा है. दरअसल, प्रेमी ने प्रेमिका की दो महीने पहले ही हत्या कर दी थी और शव को जंगल में फेंक दिया था. प्रेमी के गिरफ्तार होने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है. इधर परिजन मान रहे थे कि उनकी बेटी अपने प्रेमी के साथ भाग गई है.

गौरतलब है कि पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के 17 वर्षीय एक लड़की का तरहसी थाना क्षेत्र के परसाई के रहने वाले सतबीर सिंह नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. प्रेम प्रसंग में लड़की सतबीर सिंह पर शादी का दबाव बना रही थी. इसी क्रम में सतबीर ने एक दिन अपने प्रेमिका को मिलने के लिए बुलाया था, उसी दिन उसने अपनी प्रेमिका की हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया. सतबीर ने अपनी प्रेमिका की गला दबाकर हत्या की थी.इधर,लड़की के परिजनों ने सतबीर के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करवाया था. परिजनों ने लड़की को भगाने का आरोप लगाया था.

इधर दो महीने से पुलिस सतबीर की तलाश कर रही थी, तकनीकी अनुसंधान के आधार पर सतबीर को शनिवार को मनातू थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया.

पुलिस ने जब लड़की के बारे में जानकारी मांगी तो उसने बताया कि वह अपनी प्रेमिका की हत्या कर चुका है. पुलिस ने सतबीर की निशानदेही पर लड़की के कंकाल को बरामद किया है.

## अवैध खनन मामला : ईडी ने 30 लोगों को भेजा समन

**तीन जनवरी को कन्हैया के घर में छापेमारी के दौरान ईडी को छह लाख नकदी के साथ 30 अलग-अलग बेनामी बैंक अकाउंट के खाते मिले थे**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय ने साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में कन्हैया खुडानिया सहित 30 लोगों को समन भेजा है। ईडी उनसे 17 जनवरी से पूछताछ करेगी। इससे पूर्व बीते तीन जनवरी को कन्हैया के घर में छापेमारी के दौरान ईडी को छह लाख नकदी के साथ 30 अलग-अलग बेनामी बैंक अकाउंट के खाते मिले थे। इन बेनामी अकाउंट खातों की जांच मामले के दौरान सामने आए नाम के लोगों को समन जारी किया गया है। ईडी के जरिये अबतक हुई जांच में किराए के बैंक अकाउंट की जानकारी मिली है। इन किराए के अकाउंट से करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया है। अब इस मामले में इन सभी 30 खाताधारकों से ईडी की टीम पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

### ईडी 15 को विनोद सिंह से करेगी पूछताछ

प्रवर्तन निदेशालय अवैध खनन मामले में विनोद सिंह से 15 जनवरी को पूछताछ करेगी। इससे पहले ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी ने गत छह जनवरी को समन जारी करते हुए साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी, विनोद सिंह को 15 जनवरी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था।

## मकर संक्रांति पर पीएम मोदी ने गायों को चारा खिलाया

*** पोंगल समारोह में अपनी शॉल बच्ची को उपहार में दी**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया। जिसको लेकर सोशल मीडिया में तमाम प्रतिक्रिया सामने आई हैं।

गायों के बीच घास खिलाते हुए पीएम मोदी की तस्वीरें जमकर वायरल हुआ। यह पहला मौका नहीं कि जब पीएम मोदी का गौ प्रेम सबके सामने आया हो। इससे पहले पिछले साल वारंगल शहर में भद्रकाली मंदिर में गौ सेवा करते हुए पीएम मोदी को देखा गया था। पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन शनि देव से मिलने उनके पिता सूर्य देव मिलने आते हैं। इधर केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में पीएम मोदी ने शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली एक बच्ची को पीएम मोदी ने अपना ही शॉल उपहार में दे दिया। कार्यक्रम में एक युवा गायक ने प्रस्तुति दी। जिसके बाद गायिका ने पीएम मोदी के पैर छुए, जिसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें अपना शॉल ही इनाम के तौर पर दे दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कि देश में कल लोहड़ी का त्योहार मनाया गया। कुछ लोग आज मकर संक्रांति मान रहे हैं और कई लोग कल मनाएंगे। मैं देशवासियों को इन त्योहारों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## सीकर में दो कारों की भिड़ंत में छह लोगों की मौत, पांच गंभीर

एजेंसी

**जयपुर :** सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में रविवार देर शाम तेज रफ्तार दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा इतना दर्दनाक था कि दोनों कार पूरी चकनाचूर हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार लक्ष्मणगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखे पांच शवों में तीन पुरुष, एक महिला एवं एक बच्चा शामिल है जबकि अन्य एक शव सीकर एसके अस्पताल की मोर्चरी में है।

पुलिस के अनुसार कार से नागौर निवासी मौलासर निवासी और जीप में खाचरियावास निवासी शख्स का आई कार्ड मिला है। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।लक्ष्मणगढ़ पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) धर्माराम ने बताया कि हादसा सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ से निकल रहे जयपुर-बीकानेर हाईवे के मणि महल के पास रविवार शाम पौने पांच बजे हुआ था।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## लायंस इंटरनेशनल संस्थापक का जन्मदिन गरीबों के बीच मनाया

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने लायंस इंटरनेशनल संस्थापक मेल्विन जॉन्स का जन्मदिन धुमधाम से मनाया क्लब अध्यक्ष ला डॉ कमलेश कुमार कि अध्यक्षता में लायंस विशाल कार्यालय गढ़वा में शनिवार रात मेल्विन जॉन्स के जन्मदिवस पर जरुरतमंदों के बीच ढ़ेर सारे कम्बल का वितरण किया गया। उसके बाद क्लब अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश कुमार के साथ सभी लायंस विशाल परिवार ने केक काटकर एक दुसरे को खिलाकर मनाया। जन्मदिन के दुसरे दिन रविवार को क्लब के कार्यालय में गोद लिये हुए दस टीबी मरीजों के बीच फुड फॉर हंगर के तहत सभी मरीजों को पौष्टिक आहार दिया गया। उन्हें अपने और अपने परिवार को कैसे टीबी रोग से बचाये। इसकी जानकारी क्लब के डॉक्टरों के द्वारा दिया गया। लायंस विशाल के अध्यक्ष ने बताया कि मेल्विन जॉन्स साहब ने सैकड़ों साल पहले उची सोच और जज्बा के साथ लायंस इंटरनेशनल कि स्थापना किया था। आज सेवा के क्षेत्र में पुरे विश्व में लायंस क्लब का परचम लहरा रहा है। उनकी नेक सोच और उनकी नेक इरादे को हम सब सलाम करते हैं और उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चलकर मानवता कि सेवा में समर्पित रहेगें। वैसे भी हमारा क्लब 1986 से लगातार सेवा में समर्पित है, इस कार्यक्रम में लायंस विशाल के बहुत सारे पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय हिंदू सेना ने संगठन विस्तार का कार्य तेजी से शुरू किया

**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत हनुमान मंदिर के प्रांगण में अखण्ड राष्ट्रीय हिंदू सेना की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजन वर्मा ने की।सभा की संचालन नगर उपाध्यक्ष नितेश कमलापुरी ने की।इस बैठक में वार्ड नं 34 एंव 35 गठन की गई । वार्ड नं34 की अध्यक्ष आकाश कुमार उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता को बनाया गया।जबकि वार्ड नं35 अध्यक्ष विकाश कुमार उपाध्यक्ष धर्मप्रकाश को बनाया गया ।बैठक में नवीन दायित्व की घोषणा ज़िला अध्यक्ष ने की साथही कहा संगठन का विस्तार पूरे जोर से किया जा रहा है।हमारा लक्ष्य पूरे गांवो में संगठन का गठन करना है साथ ही उन्होंने ने सभी से कहा 22 जनवरी के कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया । इस बैठक में मुख्य रूप से संदीप कु दास विवेक चौबे संजय प्रजापति, वाशु कुमार ,सोनू ,विकाश अभिषेक कुमार, सागर कुमार,,अक्षय कुमार, सूरज ,कृष्ण इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## सरैया पंचायत की मुखिया के सास का निधन

**हरिहरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका तिवारी के सास प्रभा देवी 65 वर्ष के निधन कि सुचना मिलने के बाद हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह मृतक के परिजनों से लातेहार आवास पर मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। विधायक ने बताया कि मुखिया के सास के निधन की सूचना मिलने के बाद परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। मुखिया प्रियंका तिवारी ने बताया कि 15 जनवरी को लातेहार आवास पर ब्रह्मभोज कार्यक्रम है। सरैया पंचायत के लोगों को आने के लिए सुरक्षित बस है। विकास तिवारी ने पिपरा प्रखंड के लोगों को मां के ब्रह्मभोज में आने का आग्रह किया है। स्व प्रभा देवी पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। जमुहार अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गई थी।मृतका प्रभा देवी के पति रामराज तिवारी फारेस्ट विभाग के अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए है। वे अपने पिछे पति एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## वार्ड पार्षद ने चुड़ा-गुड़ व तिलकुट का किया वितरण

**विश्रामपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 18 के निवर्तमान पार्षद सह जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा ने मकर संक्रांति के मौके पर तिलकुट व चुड़ा-गुड़ का वितरण किया.विश्रामपुर बस स्टेंड पर पार्षद संजय बैठा ने स्टॉल लगाकर टेम्पो चालको व स्थानीय लोगो के बीच चुड़ा-गुड़ बांटा.श्री बैठा ने सभी को मकर संक्रांति की शुभ कामना भी दी.उन्होंने कहा कि जो लोग अभाव के चलते मकर संक्रांति नही मना पा रहे थे,उन्हें अपनी ओर से चुड़ा-गुड़ व तिलकुट दिया ताकि अभावग्रस्त लोगों के घर मे भी पर्व मन सके.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# भारत 2047 तक पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर देश बन जायेगा : रामचंद्र चंद्रवंशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर(पलामू):** विश्रामपुर नगर परिषद में रविवार को भारत संकल्प यात्रा का शुरुआत किया गया. इस अवसर पर विश्रामपुर थाना चौक और रेहला महावीर चौक पर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया.जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल हुए.चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी सरकार के अगुआई में देश विकास की राह पर तेज गति से अग्रसर है.वर्ष 2047 तक भारत पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर देश बन जायेगा.इस विजन को साकार करने में आम लोग भी मोदी सरकार का सहयोग करें.श्री चंद्रवंशी ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को विकसित भारत संकल्प का शपथ दिलवाया.जिसमे भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश के समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वाले का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का शपथ लोगों ने लिया.इस दौरान संकल्प यात्रा का कैलेंडर भी लोगों के बीच वितरित किया गया.मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदीन अंसारी, कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ज्योति देवी,अजय रवि, आशीष कुमार, विवेक कुमार शुक्ला, फूल देवी, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, नाजमुदिन नूरी, दिनेश शुक्ला, विजय कुमार रवि, रमेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उद्घाटन पर एनसीपी करेगी कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** अयोध्या में रामलला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और श्री राम जन्मभूमि मंदिर उद्घाटन की शुभ घड़ी आने में अब मात्र 8 दिनों का इंतज़ार है। इस पुनीत उपलक्ष्य पर हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 11 हज़ार दीए प्रव्वलित किए जाएंगे। साथ ही, सरयू का पवित्र जल अर्पण किया जाएगा। सरयू नदी से जल उठाने हुसैनाबाद अनुमंडल के तीनों प्रखंडों से गाजा बाजा के साथ एनसीपी कार्यकर्ताओं को अयोध्या के लिए रवाना किया गया। एनसीपी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ,हैदरनगर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम और हुसैनाबाद नगर पंचायत की ओर से जय प्रकाश उपाध्याय एनसीपी परिवार के अन्य साथियों के साथ सरयू (अयोध्या) के लिए रविवार को रवाना हुए। वहां से वह सरयू का पवित्र जल लेकर मंगलवार 16 जनवरी को हुसैनाबाद लौटेंगे। 22 जनवरी को हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के पूर्व सरयू नदी का पवित्र जल विधायक कमलेश कुमार सिंह व प्रदेश संगठन महामंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु बाबू, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह जनसमूह की उपस्थिति में छठ पोखरा में प्रवाहित करेंगे। इसके बाद दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह हुसैनाबाद बनेगा।

# कस्तूरबा स्कूल में स्टूडेंट काउंसलिंग का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विद्यालय में नियमित उपस्थिति ही विद्यार्थियों का कैरियर संवारने का काम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस कस्तूरबा बालिका विद्यालय चैनपुर में कल आयोजित स्टूडेंट काउंसलिंग एंड इंटरेक्शन प्रोग्राम को संबोधित करते हुए आईएस प्रशिक्षु रवि कुमार ने यह बातें कहीं । कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के अभिभावकों से उन्होंने कहा कि अभिभावक यह मत सोचें कि उनके बच्चों की स्कूल में चार-पांच दिन की अनुपस्थिति से कोई अंतर नहीं पड़ता है, पढ़ाई एक सतत प्रक्रिया है अनुपस्थित रहने पर विद्यार्थियों को आगे का पाठ समझने में परेशानी होती है । जिससे उनका करियर प्रभावित होता है, उन्होंने कहा कि अभिभावक ये सुनिश्चित करें कि स्कूल खुलते ही अपने बच्चों को स्कूल भेजें। अपने संबोधन में स्कूल की वार्डन रानी कुमारी ने कहा कि चैनपुर कस्तूरबा के स्कूल आफ एक्सीलेंट्स बन जाने एवं सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिल जाने के बाद इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई शुरू कर दी गई है अब चैनपुर प्रखंड की बालिकाओं को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई के लिए ऊंची फी देकर प्राइवेट स्कूल में नहीं जाना पड़ेगा, छात्राएं निःशुल्क कस्तूरबा बालिका विद्यालय में इंग्लिश मीडियम में शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं। कार्यक्रम की उद्घोषणा एवं एंकरिंग शिक्षिका फूलमानी बाड़ा ने किया । दिन भर चले कार्यक्रम की गतिविधियों को संचालित करने में जिला समाहरणालय से आए पदाधिकारी नाजरीन खान, पुर लाइवलीहुड शुभम कुमार, विक्की सिंह, रोहित, आभांशी दीक्षित तथा अलविन थॉमस ने अहम भूमिका निभाई । स्कूल की छात्राओं ने लिसनिंग एक्टिविटी, एयरप्लेन बिल्डिंग, टावर कंस्ट्रक्शन, एटलस रीडिंग, स्टोरी बिल्डिंग तथा स्पीच कंपटीशन आदि मनोरंजक गतिविधियों में भी भाग लिया ।

# पिछड़ा वर्ग-ओबीसी एकता अधिकार मंच का बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डालटनगंज :** नव गठित पिछड़ा वर्ग - ओबीसी एकता अधिकार मंच पलामू प्रमंडल की बैठक समाहरणालय परिसर मेदनीनगर में सम्पन्न हुई ।बैठक में 16 जनवरी से पलामू व 18 जनवरी से गढवा जिला व लातेहार मे पिछडा वर्ग के हक अधिकार व जागरूकता व जिसकी जितनी जनसंख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के सवाल पर रथयात्रा निकाला जाएगा। 16 जनवरी को 11 बजे दिन में गांधी स्मृति टाउन हाल से झंडा दिखाकर रथ रवाना किया जाएगा। बैठक में युगल पाल, ब्रह्मदेव प्रसाद, सतीश कुमार, कुमार बिनोद अशर्फी चन्द्रवंशी राजनारायण पटेल रबि पाल शंकर प्रताप बिश्वकर्मा अजय चन्द्रवंशी संतोष गुप्ता जंगली महतो सुरेन्द्र सिंह चेरो राम प्यारे महतो शैलेश चन्द्रवंशी लोचन बैठा यशवंत पासवान बिनोद बैठा सोमरस सिंह चेरो राजु रजक समेत पलामू व गढवा जिला के कई लोग शामिल हुए।

## तहरीक ए बेदारी व इसलाह ए मोआशरा कमेटी की हुई आम बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** रविवार को भाई बिगहा में हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड के तमाम उलेमा -ए- कराम व दानिशवरान- ए- इस्लाम की तहरीक-ए-बेदारी व इसलाह- ए- मोआशरा के मौजू पर एक अहम बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से चन्द फैसले लिए गए। इसपर अमल करने का अहद- व- पैमान लिया गया। बैठक में नौ सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमे मुस्लिम समाज में पूरी तरह शराब पीने पर पाबंदी लगाई गई। दहेज नहीं लेने का संकल्प लिया गया। निकाह को आसान बनानाने व रस्मो रिवाज व फुजूल खर्ची रोकने पर चर्चा हुई। मौके पर कारी सलाहुद्दीन अयूबी ,मौलाना महबूब, मौलाना मुनौवर आलम, मौलाना अफरोज, अरशद बनारसी, अबू नसर सिद्दीकी, सज्जू खान, मोजीबुद्दीन खान, जाफर हवारी ,नवाजिश खान, हाजी कलीम सिद्दीकी, हाजी मुख्तार,हाजी नुरुल्लाह सिद्दीकी, अंसार खान, राजू खान, अली असगर खान, शब्बीर अंसारी, शकील खान, इस्तियाज अहमद, अरशद राजा बनारसी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद समवेत प्रार्थना, समवेत नाम जप, सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ, अनुस्रुति ग्रंथ, शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया.धृतिसुन्दर लाल,डॉ कृति सुन्दर लाल व उपस्थित सत्संगी वृन्द द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया.इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने कहा कि सभी जीव ईश्वर के संतान है,इसलिये सभी जीवों में हम सबों को श्री श्री ठाकुर जी ही दिखलाई देना चाहिये.सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक युग मे भगवान का अवतार नर रूप में होता है,जिनका एक विशेष नाम होता है.उस नाम का जप करने से मनुष्य का उद्धार होता है.इस नाम जप को श्री श्री ठाकुर जी ने यजन की संज्ञा दी है.उन्होंने कहा कि अपने ईश्वर य गुरु की गाथा दूसरे के साथ वर्णन करना यजन है.यजन-याजन करने से मनुष्य के अंदर भक्ति जागृत होता है.डॉ कृति सुन्दर लाल ने कहा कि सच्चा मानव वह है जो श्री श्री ठाकुर जी के आदेशों का पालन करते हुये दूसरे जीवों से प्रेम करता है.हमेशा अन्य जीवों का कल्याण करता है.सच्चा व्यक्ति अपने मुख से निकले वचन को नियंत्रित रखता है.ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने सात्वति पत्रिका में वर्णित श्री श्री ठाकुर जी के गुणों का वर्णन करते हुये कहा कि श्री श्री ठाकुर जी सभी जीवों को अपना समझते थे तथा सबों के सुख दुख के बारे में पूछते थे.सत्संग में संजय दा, अजय दा, प्रत्यूष कुमार, आयुष कुमार, आदित्य कुमार, धृतिदीप्त, अनिता देवी, मधु, पूजा सहित अन्य उपस्थित थे।

## मंदिर का कराएंगे सौंदर्यीकरण : जितेंद्र भारती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के अंतर्गत बारा में प्राचीन काल से कार्तिक पूर्णिमा, मकर संक्रांति और महा शिवरात्रि के अवसर पर मेला का लगते आ रहे है। लेकिन आज तक कोई भी प्रतिनिधि सुधी नहीं लिया। लेकिन पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने कहा कि इस धार्मिक स्थल पर मेरा पुरा ध्यान रहेगा। अपने 15 वें विते की राशि से मंदिर का सौदर्यिकरण, पेयजल की सुविधा, आवगन की व्यवस्था और धार्मिक स्थल पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की अन्य सुविधा मुहैया कराने की बात कहा। वही पर मौजूद उन्होंने यह भी कहा कि अगले वर्ष लगने वाले मेले के अवसर पर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती के मनोरंजन के सुविधा के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने की बात भी कहा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, विनय कुमार तिवारी,लव कुमार सिंह, अखिलेश मालाकार ,अनुज कुमार विश्वकर्मा, सुनेश्वर यादव, विष्णुपत कुमार शिक्षक, अखिलेश चौधरी, अम्बिका कुमार शिक्षक, छोटेलाल रजक, नन्दलाल कुमार शर्मा , हीरा चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में गण्यमान्य लोगों की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की तैयारी को लेकर रविवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गण्यमान्य लोगों की बैठक सम्पन्न हुई.बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया.ठंड को देखते हुये विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय प्रधान अपने अपने पोषक क्षेत्रों में प्रभातफेरी निकालेंगे. गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच आगामी 18 जनवरी को राष्ट्रगान, बंदेमातरम, देशभक्ति व प्रगति गीत प्रतियोगिता, 19 जनवरी को सामूहिक मैदानी कार्यक्रम के लिये प्रतियोगिता, 22 जनवरी को प्रश्नमंच प्रतियोगिता तथा 23 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा. प्रतियोगिता में बंदेमातरम, राष्ट्रगान, देशभक्ति गीत, प्रगतिगीत के चयनित प्रतिभागी 26 जनवरी को अनुमंडल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे.मार्चपास्ट में शामिल विद्यालयों के बच्चों का पूर्वाभ्यास 24व 25 जनवरी को अनुमंडल मैदान में कराया जायेगा. उक्त पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में सबंधित विद्यालयों के खेल शिक्षक उपस्थित रहेंगे.बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जायेगा. उक्त सभी कार्यो के लिये बैठक में उपस्थित लोगों को जिम्मेवारी सौपी गई.बैठक में एलआरडीसी मो अब्दुस शमद, कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रोम,नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, शिक्षा विभाग के बीपीओ तहमीना परवीन,डॉ कैसर आलम, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद, अनुमंडलीय पेंशनर समाज के अध्यक्ष गदाधर पांडेय, शिवनारायण चौबे, ओमप्रकाश चौबे उर्फ दिलू, सत्यप्रकाश पांडेय उर्फ मंटू पांडेय, अधिवक्ता दिनेश शुक्ल, शिक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा, कमलेश पांडेय, देवशंकर प्रसाद, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक भानु ने केतार के भगवान घाटी में 30 शहीद बनिहारो को दिया श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भगवान घाटी में रविवार को 14वी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के नेतृत्व में समाजिक संगठन नौजवान संघर्ष मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, उपस्थित ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया। उसके बाद शहीद बनिहारों के परिजनों को विधायक के द्वारा अंग वस्त्र भी प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी विधायक भानु की सराहना करते हुए झारखंड में नेताप्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की बात कही। साथ ही अपने क्षेत्र की मंत्री पर निशाना साधते हुए गरीबो को मिलने वाला दो माह का राशन गबन कराने की बात कही गई। साथ ही अन्य कई नेताओं ने अपना वक्तब्य रखा।

**क्यो मनाया जाता है श्रद्धांजलि सभा ?**

बता दें कि 14 जनवरी 2010 को केतार प्रखंड के कूपा गांव के मजदूर बनिहार बिहार के भोजपुर से धान काट कर लौट रहे ट्रक मे सवार बनिहार की गाड़ी भगवान घाटी में पलट गया था।जिसमें 30 बनिहारो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिसके कारण प्रत्येक वर्ष सामाजिक संगठन नौजवान संघर्ष मोर्चा के द्वारा शहीद बनिहार के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर गढ़वा भाजपा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जोहार पासवान, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया, भगत दयानंद यादव, एससी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, रघुराज पाण्डे,मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, उपेंद्र दास, मुखिया मुंगा साह, मधु लता देवी, मनोज फौजी, लल्लू ठाकुर, अनिल चौबे, नंदकिशोर प्रसाद, बीरबल मेहता, राजकुमार कुमार राम, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर सुखलदरी जल प्रपात में मेला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धुरकी :** गढ़वा जिले के प्रसिद्ध कर्पूरी ठाकुर पर्यटन स्थल पर सुखलदरी जल प्रपात में मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया मेला में झारखंड छत्तीसगढ़ के अलावा उतर प्रदेश सहित बिहार के पर्यटक पचास हजार से भी अधिक संख्या में पहुंचे और मेला में आनंद लिए तथा सुखलदरी जल प्रपात में स्नान कर पास में ही स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर चूड़ा लाई तिलकुट दही सहित अन्य सामग्री का सेवन किया। वही सुखलदरी जल प्रपात में पर्यटक मनोरम दृश्य प्राकृतिक छटा के साथ सुखलदरी झरना को घंटो देर तक अवलोकन किया तथा पर्यटक यहाँ के मनोरम दृश्य को कैमरे कैद करने में व्यस्त दिखे। मेले में आने के लिए लोग सहज ही आकर्षित होते है। मेले में बने नियंत्रण कक्ष में स्थानीय समिति के द्वारा भूले भटके बच्चों को उनके अभिभावकों तक पहुंचाया गया।सुखलदरी झरना देखने के लिए पर्यटकों की काफी संख्या भीड़ उमड़ी सुबह से ही लोग मेला देखने के लिए आना जाना प्रारम्भ हो गया था। धुरकी मुख्य मार्ग में वाहन का आवागमन सुबह से ही तेज हो गई थी। सुखलादरी जल प्रपात तक पहुंचने के लिए रास्ते में घंटो देर तक जाम की स्थिति बनी रही।हालाकि कोविड के चलते पिछले साल मेला नही लग पाया था। इधर मेला व भीड़ को देखते हुवे धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि अपने दल बल के साथ लगातार मेला स्थल पर नजर बनाए देखे गए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
राजधानी
रांची, सोमवार, 15 जनवरी 2024| पेज 3

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयंती समारोह 17 को

**रांची :** शहीद पाण्डेय गणपत राय स्मारक समिति की ओर से 1857 के क्रांतिवीर शहीद पांडेय गणपत राय की 215वीं जयंती समारोह 17 जनवरी को शहीद की जन्मस्थली लोहरदगा जिले के भौरो गांव में मनाया जायेगा। इसकी जानकारी समिति की अध्यक्ष डॉ वंदना राय ने रविवार को दी। शहीद पाण्डेय गणपत राय की प्रपौत्री डॉ वंदना राय ने बताया कि शहीद के परिवार की ओर से भूमि राज्यपाल के नाम दान दी गई। इसे वरिष्ठ आईएएस अराधना पटनायक के सहयोग से स्मारक का निर्माण कराके प्रतिमा स्थापित की गई। उन्होंने बताया कि सरकार ने इसे पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित किया है। शहीद के गांव गौंरो गांव को आदर्श गांव घोषित किया है। समारोह में शहीद बिरसा मुंडा सहित अन्य शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को आमंत्रित किया गया है।

### डोमन आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं मुकुंद केंद्रीय महासचिव मनोनीत

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार रविवार को डोमन सिंह मुण्डा को आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को केंद्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। दोनों के मनोनयन पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव लम्बोदर महतो, रौशनलाल चौधरी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, कौशिक चांद, अंचल किंगर, अरविंद कुमार, सज्जाद आलम, प्रो. मिथलेश सिंह, प्रो. के पी सिन्हा, प्रो. शंभू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, आदित्य महतो इत्यादि ने बधाई दी है।

# प्रतिबंधित पशुओं को रोकने और तस्करों को जेल भेजने में गिरीडीह एसपी सबसे आगे

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** पशु क्रूरता अधिनियम 2005 के तहत झारखंड में गोवंशीय पशुओं पर प्रतिबंध लगाई गई है। बावजूद इसके लगातार झारखंड के विभिन्न जिलों में अवैध पशुओं की तस्करी की खबरें आती रहती है। झारखंड के 24 जिलों की अगर बात करें तो सबसे अधिक अवैध पशुओं की तस्करी रांची, गुमला, लोहरदगा, जमशेदपुर ,बरही, हजारीबाग , गिरीडीह क्षेत्रों में जारी है। बीते 20 जुलाई 2022 रांची जिला के तुपुदाना ओपी क्षेत्र में एएसआई संध्या टोपनो द्वारा पशु तस्करों की वाहन रोकने के दौरान महिला पुलिस को पशु लदे वाहन से कुचल दिया था जिसमें उनकी मौत हो गई थी। बहुत लंबे प्रयासों बाद लगभग सभी आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस कर पाई । जिस तरह से अवैध गोवंशीय पशुओं को रोकने का काम होना चाहिए था वह नहीं हो पा रहा है , जिस कारण जमशेदपुर, लोहरदगा के प्रखंड में प्रतिबंधित मांस फेंके जाने के बाद सौहार्द बिगाड़ने का मामला प्रकाश में आया था,जिसे पुलिस ने किसी तरह से रोकने में सफल रही थी। इसके बाद भी अवैध धंधे फल-फूल रहा है।

**गिरिडीह एसपी ने चला रखा अभियान:** कुछ पुलिस अफसर हैं जो अपनी जान हथेली पर रखकर ऐसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का काम कर रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से गिरिडीह जिला की बात करें और यहां के एसपी दीपक शर्मा की बात करें तो उन्होंने लगातार प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं को बचाने , तस्करों की गिरफ्तारी और अवैध गोवंशीय पशुओं से लदे वाहनों को जब्त करने का काम किया है।

**गिरिडीह एसपी की पहल:** गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने बातचीत में बताया कि जब भी सूचना मिलती है तो उस पर पुलिस कार्रवाई करती है । अब तक गिरिडीह क्षेत्र से करीब 927

प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं को पशु तस्करों से बचाया गया है और उसे ग्रामीणों के बीच या गौशाला में सुरक्षित रखवाया गया है। वहीं अवैध गोवंशीय पशु से लदे करीब 74 वाहनों को जब्त किया गया है और वहीं अब तक गोवंशीय पशुओं के अवैध तस्करी करने वाले करीब 96 तस्करों की गिरफ्तारी हुई है । पुलिस के स्तर से प्रयास जारी है । यही नहीं 13 - 14 जनवरी 2024 को भी डुमरी थाना क्षेत्र से 45 प्रतिबंधित पशुओं को कंटेनर सहित जब्त किया गया है। जिसमें 37 गया और 8 बैल सभी को सुरक्षित स्थानों पर रखा गया । वहीं दो पशु तस्करों के गिरफ्तारी हुई है।

**इन थाना क्षेत्रों से पशुओं को बरामद किया है :** गिरीडीह जिला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र से 38 पशुओं,6,वाहन 5 तस्कर की गिरफ्तारी हुई, जमुआ थाना क्षेत्र से 6 पशुओं ,एक वाहन, दो तस्कर , बिरनी से 155 पशुओं, 7 वाहन, 19 तस्कर, सरिया से 176 पशुओं 12 वाहन, 22 तस्करों ,बगोदर से 73 पशुओं, तीन वाहन, दो तस्कर, डुमरी से 53 पशुओं, दो वाहन, दो तस्कर, पचंबा से एक पशु, एक वाहन, एक तस्कर वहीं अहिल्यापुर से 153 पशुओं,17वाहन और 18 तस्कर, निगिमावार 119पशुओं,4 वाहन,9 तस्कर,गिसरी क्षेत्र से 26 पशुओं, 6वाहन, गांवा 19 पशुओं , 1वाहन, 3तस्कर, देवती 103 पशुओं,3 वाहन,2तस्करों और घोडथंबा ओपी 2 पशुओं,1वाहन 2तस्करों की गिरफ्तारी अब तक हो चुकी है। इसमें से कुछ को बेल मिल चुका होगा,कुछ फरार होगा आदि।

**रांची में भी पुलिस करती है कार्रवाई :** 11 अक्टूबर 2022 को झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार ने सभी एसपी को निर्देश दिया था कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गोवंशीय पशु पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई करेंगे। इस आदेश निर्गत होने के तुरंत बाद 14 - 15 अक्टूबर 2023 की देर रात रांची जिला के नामकुम थाना क्षेत्र के दुर्गा सोरेन चौक के पास से जेएच ए 1327 ट्रक को जब्त किया था , इस ट्रक में प्रतिबंधित पशुओं का चमड़ा सहित एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई थी। वहीं 16 अक्टूबर 23 को कांके थाना क्षेत्र के हुसीर में 53 गोवंशीय पशुओं सहित तीन ट्रक को पुलिस ने जब्त कर एफआईआर दर्ज किया था जिसमें जेएच01सीजेड 9201, डीवाई 1928,बीए 0757 शामिल था। इसके बाद 30 नवंबर 23 को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में ऑटो में लाद कर अवैध तरीके से ले जा रहे प्रतिबंधित दो पशुओं और दो युवकों की गिरफ्तारी हुई थी।

वहीं 13 जनवरी 2024 गुमला जिला के पालकोट थाना क्षेत्र के गंजई पुल के पास पचास से अधिक प्रतिबंधित पशुओं से लदा शो रूम तक कार पहुंचाने वाली बड़ी कटेनर पुल से नीचे गिर गई जिसमें पच्चीस से अधिक पशुओं की मौत हो गई,कुछ घायल थी और एक व्यक्ति को भी चोट लगी थी जिस ने गिरफ्तार कर ली थी।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची :** सारथी संस्था के द्वारा प्रोजेक्ट छलांग के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18-19 जनवरी 2024 को राजकीयकृत मध्य विधालय बुनियादी, नामकुम के विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया है। इसमें नामकुम एवं रातु प्रखंड के 50 सरकारी विद्यालयों के 50 शिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पधाधिकारी श्रीमती विजया लक्ष्मी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विजय कुमार द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सारथी संस्था के श्री राजेश कुमार कार्यक्रम समन्वयक करेंगे। इस अवसर पर सारथी संस्था के सचिव श्री तारकेश्वर सिंह , ई0 एल0 एम0 एस0 फाउंडेशन के श्री डोलोन सिंह, गौरव गौरिवान, साईकिरण आदि उपस्थित रहेगें। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को बच्चों में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेल के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास पर प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम झारखंड सरकार के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।

## साइंस आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों का दिखा हुनर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल आजाद बस्ती रांची में साइंस आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया । प्रदर्शनी में बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किए गए जिसमे एक तरफ प्री नर्सरी से प्रेप तक के बच्चो ने आर्ट एंड क्राफ्ट में माचिस की तीलियों से कप एंड सौसर,पेपर हाउस तथा कैंडल स्टैंड बनाया ,नर्सरी के बच्चो ने डोर हैंगिंग ,विलेज हट ,मिनी बीच प्रेप के बच्चो ने डोर मैट,विलेज हट तथा कार्डबोर्ड बास्केट बनाया । दूसरी तरफ कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने साइंस के अलग अलग टॉपिक पर मॉडल बनाए जिसमे वर्किंग मॉडल्स भी थे जो की एनवायरमेंट पॉल्यूशन एंड प्रिवेंशन , इलेक्ट्रिक सर्किट , फिजिकल एंड केमिकल चेंजेज , ह्यूमन फिजियोलॉजी जैसे मॉडल थे । कक्षा 6 के छात्रों ने चंद्रयान के मॉडल को भी प्रदर्शित करके उसके विषय में संपूर्ण जानकारी दी । जिसमे मुख्य रूप से जिक्र,दिलशान,अजमत, अरफा, अस्फा, अफिया,सारा, फाज, अकीबूल, असद,आदि शामिल थे । विद्यालय की प्राचार्य सोनी सितारा केरकेट्टा ने कहा इस प्रकार के प्रदर्शनी को आयोजित करने के पीछे उद्देश्य यह है की बच्चे यह समझ सके की यदि प्रदूषण बढ़ रहा है तो उसकी रोकथाम किस प्रकार किया जा सकेगा।

## 3712 उर्दू शिक्षक पद को खत्म करने वाले प्रस्ताव का झारखंड प्रजातांत्रिक मंच ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** महागठबंधन सरकार द्वारा रिक्त 3712 उर्दू शिक्षक के पद समाप्त करने के खिलाफ झारखंड प्रजातांत्रिक मंच के संस्थापक सदस्य इमाम सफी, यास्मीन लाल, असलम, मुख्तार अंसारी ने उर्दू लाईब्रेरी रांची के समक्ष पत्रकारों को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में विरोध दर्ज किया। मौके पर इमाम सफी ने बताया कि झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा जारी प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारुप (ड्राफ्ट) 2 (1) में उल्लेखित कि उर्दू शिक्षक के पद को मरणशील कर दिया जाएगा। जिसके बाद रिक्त बचे 3712 पदों को सरेंडर कर दी जाएगी। जो घोर निंदनीय विषय है। सरकार को इस प्रारुप को अविलंब वापस लेना चाहिए। यास्मीन लाल ने कहा सरकार/शिक्षा विभाग का यह निर्णय उर्दू भाषी लोगों के साथ ज्यादती है। इस प्रस्ताव को वापस ले और शीघ्र उर्दू भाषा में शिक्षक की भर्ती करें। मुख्तार अंसारी ने कहा वर्ष 2022 में भी बिना समुचित जांच एवं जानकार लोगों से सुझाव लिए 543 उर्दू स्कूलों का स्टेटस छीन कर सामान्य विद्यालय बना दिया गया, वही अब बिहार सरकार 1999 में सृजित हुए 4401 उर्दू शिक्षक के पद , जिसमें सरकार के गलत निर्णय के कारण खाली रह गए 3712 उर्दू शिक्षक पद को भी खत्म करना सरकार के लिए बहुत बड़ी भूल होगी।

### इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई के सदस्य ने जेएससीए स्टेडियम का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के तीनऔर बीसीसीआई के एक-सदस्य द्वाराआगमी 23 फरवरी से होने वाले भारत इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए जेएससीए स्टेडियम के ग्राउंड, पिच , प्रैक्टिस पिच, डैशिंग रूम, जिम ,इंडोर क्रिकेट फैसिलिटी, सुरक्षा के मानदंडों का निरीक्षण किया गया । इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों का विशेष ध्यान मैच के विकेट पर था । स्टेडियम के साथ-साथ टीम के रुकने के लिए रेडिसन ब्लू होटल का भी उनके द्वारा निरीक्षण किया गया । स्टेडियम के सभी सुविधाओं और व्यवस्था से वे सभी संतुष्ट और प्रसन्न थे।

## छात्रों ने शून्यकाल में लोकसभा की कार्यप्रणाली को जाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मिशन ब्लू फांउडेशन के तत्वावधान में लोकसभा की तर्ज पर दो दिवसीय शून्यकाल 2.0 द जीरो ऑवर का समापन हो गया। कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम अंतिम दिन रविवार को शून्यकाल के तहत पक्ष और विपक्ष के लोगों ने सवाल पूछे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति गोपाल पाठक ने स्पीकर की भूमिका निभाते हुए सदन का संचालन किया। साथ ही पक्ष और विपक्ष से शून्यकाल के तहत सवालों को सुना। शून्यकाल में सांसदों की भूमिका निभा रहे विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने कई विषयों पर सवाल पूछे। छात्रों ने शून्यकाल में लोकसभा की कार्यप्रणाली को जाना।

एक देश एक चुनाव, ऑनलाइन गेमिंग पर लगे जीएसटी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर सवाल पूछे। सांसदों ने नव तस्करी, सीएनटी एक्ट, बालू की तस्करी पर सवाल उठाये और इसका निराकरण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार निलय सिंह, सुनंदा मित्रा समेत अन्य लोगों ने स्पीकर के रूप सदन का संचालन किया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में पर कई विषयों पर विपक्ष से सता पक्ष को सवालों से घेरा।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को बाल श्रम (उन्मूलन) विधेयक 2024 को पेश किया गया, जिसे बहुमत से लोकसभा में पास किया गया। बिल को पेश करने के बाद पर इस पर पक्ष और विपक्ष ने खुलकर चर्चा की और इस दौरान बिल पर तीखी बहस भी हुई। पक्ष और विपक्ष की भूमिका विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लेते हुए अपनी बातों को रखा। इस अवसर पर मंजीत सिंह, मेरी स्टेला माइकल, प्राची नारायण, मनीष पाठक, देवकी पवार समेत अन्य लोग मौजूद थे। मंच का संचालन मारिया एंथोनी ने किया।

कार्यक्रम में अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वालों छात्रों को सम्मानित किया गया।

## याद किए गए प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ .खगेंद्र ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद के द्वारा देश के जाने माने लेखक आलोचक प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम सीपीआई के झारखंड राज्य कार्यकारणी के सदस्य रहे डॉ .खगेंद्र ठाकुर के चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला सचिव अजय सिंह ने कहा की खगेंद्र जी की कमी वर्तमान समय में काफी खलती है। वर्तमान समय में जो वैचारिक लड़ाई इस देश में लड़नी होगी उसमे लेखकों और बुद्धिजीवियों को आगे आना होगा तभी इस देश की सांझी विरासत और गंगा जमुनी संस्कृति की रक्षा की जा सकती है।खगेंद्र जी बेवाक और बेखौफ होकर सत्ता की आलोचना करते थे।उनका कहना था कि तलवार की धार से ज्यादा धारदार हथियार है कलम ।तलवार सर कलम कर सकता है किसी का अस्तित्व मिटा सकता है लेकिन कलम से लिखे विचारो को कभी भी मिटाया नहीं जा सकता है। इसलिए सामाजिक बदलाव और क्रांति के लिए कलम के सिपाहियो को आगे आकर समाज को जागरूक करना चाहिए।समाज को आईना दिखाना चाहिए। गरीब , शोषित, पीड़ित,और दलित , महिला छात्र और नौजवानों को सही दिशा दिखाने के लिए कलम का इस्तेमाल करना चाहिए। खगेन्द्र ठाकुर का झारखण्ड से एक अटूट रिश्ता था।इनका जन्म भी वर्तमान में गोड्डा जिला में हुआ था। खगेन्द्र ठाकुर ने देश विदेश में भी झारखंड का नाम रौशन किया है ,साहित्य जगत में उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है।सच्ची श्रद्धांजली होगी की उनके बताए रास्ते पर चल । श्रद्धासुमन अर्पित करने में मुख्य रूप से राजद के राजेश यादव,मनोज ठाकुर,निर्भय कुमार दीपक लाल श्यामल चक्रबर्ती राजेश रावी, संजीत कुमार ललन मिश्रा शामिल थे।

## वार्ड 18 की जनता के बीच महुआ माजी व सोमवेत ने मनाया मकर संक्रांति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** एचबी रोड स्थित लोहार कोचा (नियर प्लाजा सिनेमा) में राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी और वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवेत माजी ने मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और बच्चों के बीच पतंग और सभी के बीच दही चूड़ा का वितरण किया। इस मौके पर सांसद महुआ माजी ने कहा कि रांची और राज्य की जनता के लिए हमेशा साथ खड़ा होकर उनके साथ कदम से कदम मिलाकर सभी के उज्जवल भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित रहूंगी। वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवेत माजी ने कहा कि किसी भी समस्या होने पर निसंकोच मुझसे कहे ताकि आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए मैं प्रयासरत रहूं। इस वितरण कार्यक्रम के शुभ अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी, वार्ड 18 के प्रत्याशी सोमवित माजी, विक्की लोहरा, अमित माजी, रवि लोहरा, निक्की लोहरा,अशोक लोहरा,राजा लोहरा, रणबीर लोहरा, शमशाद,आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### झारखंड में 15 से 14 फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह

**रांची :** झारखंड सहित पूरे देश में 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जायेगा। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस संबंध में विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किया है। जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय बैठकें निर्धारित की जायेगी। इसमें यातायात पुलिस, परिवहन अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों आदि सहित प्रमुख संस्थाओं को एक साथ लाया जायेगा। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा स्थिति पर चर्चा और समीक्षा करना, ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के साथ ही प्रभावी हस्तक्षेप की रणनीति बनाना है।

## इमा प्रतिभा सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) की द रांची प्रेस क्लब शाखा के तत्वावधान में रांची प्रेस क्लब सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को पदक दिला कर देश के गरिमा को बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, विशिष्ट अतिथि सचिव अमरकांत , कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मोनू थे , जिन्होंने सभी अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम से पूर्व इंटरनेशनल

मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने प्रेस क्लब के नए निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र लाल सोरेन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रेस क्लब में भी कराटे खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी ताकि भविष्य में यहां के कराटे खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सके। विशिष्ट अतिथि सचिव अमरकांत ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा के साथ-साथ एक ऐसा खेल है जो कि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है। ऐसे में खिलाड़ियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा की देश को गौरवान्वित करने वाले इन खिलाड़ियों को सम्मानित करना इमा के लिए भी सम्मान की बात है। मोहिनी रितिका टोप्पो थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में देश को कांस्य पदक दिलाने वाली ऐलिसन रूपल खाखा भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली कृतिका कुमारी, मयंक कुमार दास, साहिल कुमार महतो, आयुष दीवार, आर्यमन जैन, कुमारी मीनाक्षी एवं रूप मलिक शामिल है।

## चिली ने चेक रिपब्लिक के खिलाफ दनादन दागे 6 गोल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी मैदान स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटफ हॉकी स्टेडियम में एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में दूसरे दिन के पहले मैच में रविवार को चिली ने पहली जीत दर्ज की। चिली ने चेक रिपब्लिक के खिलाफ 6-0 से जीत दर्ज की। चिली की कप्तान मनुएला उरोज ने शानदार 2 फील्ड गोल दागे। पहले क्वार्टर में 0-0 की बराबरी के बाद दूसरे क्वार्टर से चिली ने आक्रामक खेल खेला और चेक रिपब्लिक को वापसी का मौका ही नहीं दिया। मुकाबले का पहला गोल डी लास हेरास कंज्यूलो ने फील्ड गोल के रूप में 17 वें मिनट में किया। दूसरा गोल 36 वें मिनट में कप्तान मनुएला ने चेक रिपब्लिक की डिफेंस में सेंध लगाकर फील्ड गोल दागा। 38 वें मिनट में कैमिला कैरम ने पेनाल्टी को गोल में बदला। 44 वें मिनट में एंटोनिया मोरालेस ने पेनाल्टी को गोल में बदला। 47 वें मिनट में कप्तान मनुएला ने एक और फील्ड गोल कर लीड को 5-0 किया। मुकाबले में 58वें मिनट में मारिया मालदोनाडो ने आखिरी गोल

कर 6-0 से बड़ी जीत दर्ज की और चिली की कप्तान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**जर्मनी और जापान के बीच मुकाबला:** वहीं जर्मनी और जापान के बीच मुकाबला हुआ जिसमें जापान ने जर्मनी को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफलता हासिल की। जर्मनी 15 पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं कर सकी। वहीं जापान मात्र एक पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे जापान ने गोल मारकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। मुकाबले में पहला हॉफ 0-0 की बराबरी पर छूटा। पूरे मैच में जर्मनी हावी रही। जर्मनी के लिए एकमात्र गोल 35वें मिनट में लीसा नोल्टे ने फील्ड गोल के रूप में किया। जापान के लिए 45 वें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को मियू हसेगावा ने गोल में तब्दील किया, प्लेयर ऑफ द मैच जापान की गोलकीपर एकिओ तनका को मिला।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य मे 1100 श्रद्धालुओ ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 129 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। 14 जनवरी 2024 को 130 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन मकर संक्रांति के सुअवसर पर संस्था के सेवा भावी सदस्यों एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य राज कुमार शारदा देवी खंडेलवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया।

मकर संक्रांति के अवसर पर पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे राँची शहर में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगीं विशाल जालान एव पुर्णमल सर्राफ के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, अभावग्रस्त परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 130 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

### भाजयुमो ने किया संगठनात्मक बैठक का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजयुमो खूंटी जिला अध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में भाजयुमो खूंटी का आगामी कार्यक्रम हेतु तोरपा में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह ने भाजयुमो के आगामी कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर युवा महाधिवेशन, विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन, नमो वारियर्स, प्रदेश स्तरीय युवती अधिवेशन, युवा मोर्चा अड्डा (नुक्कड़ सभा), तिरंगा यात्रा, मंडल कार्यसमिति सत्यापन जैसे कार्ययोजना हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आगामी नव मतदाता सम्मेलन हेतु तोरपा विधानसभा एवं खूँटी विधानसभा हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, भाजयुमो खूंटी जिला प्रभारी विनय कृष्ण राजू, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियंक भगत, महामंत्री दीपक तिग्गा, उपाध्यक्ष नीरज पाढ़ी, कोषाध्यक्ष सुरेश जयसवाल, मीडिया प्रभारी चंदन महतो, आईटी सेल प्रभारी अंकित जयसवाल, राहुल कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य निशांत जयसवाल, मंडल अध्यक्षगण नीरज जयसवाल, विनय गुप्ता, शुभम जयसवाल, सुकेन्द्र महतो, मंडल महामंत्री केशव कुमार, मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, शंकर दास, उपस्थित थे।

### तमाड़ थाना क्षेत्र दो अलग-अलग दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत वहीं चार व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हुए। पहली घटना गत रात्रि साढ़े ग्यारह बजे रांची टाटा मार्ग पर उलीडीह के समीप की है जिसमें एक ट्रेलर की चपेट में आने से सारजमडीह निवासी पच्चीस वर्षीय लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसका दोस्त मुकेश महतो,सावार मुंडा घायल हो गए घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल नम्बर जेएच 05 भी 7387 में सवार तीनों दोस्त रांगामाटी की ओर जा रहे थे की एक खड़ी ट्रक डब्ल्यू बी 55 डी 6619 को पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे ये बड़ी दुर्घटना घटी है इधर घटना की सूचना मिलते ही तमाड़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची शव अपने कब्जे में लेकर रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया और घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं दुसरी घटना रविवार की शाम साढ़े पांच बजे की है जिसमें तमाड़ खूंटी पथ पर तमाड़ वन विश्रामागार के समीप एक पल्सर बाइक नम्बर जेएच 01 सी वाई 6107 में सवार झझांग निवासी पंद्रह वर्षीय सहदेव स्वांसी अपने दोस्त इक्कीस वर्षीय देवेंद्र स्वासी के तेज गति से आकर पीछे से एक ट्रेलर डब्ल्यू बी 39 बी 2679 को जोरदार टक्कर मारी जिससे सहदेव स्वांसी गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं देवेंद्र स्वासी को भी चोटें लगी है। घटना के तुरंत बाद तमाड़ और स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा 108 एंबुलेंस पर सूचना दी गई जिसकी सहायता से दोनों घायलों को तमाड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया है।दोनों ही दुर्घटनाओं में मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।मौके पर कुछ जागरूक ग्रामीणों का कहना था कि अभी पर्व त्यौहार है बाजारों में भीड़ बढ़ी है ऐसे में उन्मादी युवा तेज गति से वाहन चला रहे हैं जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई है जिससे लोगों की जाने जा रही है लोग घायल हो रहे है।

### टाटा एआईए बिमारथ अभियान का विस्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल में अपने बीमारथ अभियान का विस्तार किया है, जिसमें कोलकाता और दक्षिण बंगाल के जिले शामिल हैं। अभियान का उद्देश्य शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन बीमा के बारे में जागरूकता और पैठ बढ़ाना है। टाटा एआईए ने बीमा सिद्धांतों, उत्पादों और प्रक्रियाओं पर लोगों को शिक्षित करने के लिए 10,000 से अधिक उपस्थित लोगों के साथ 400 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। नवंबर 2023 में, बिमारथ अभियान सिलीगुड़ी, मलादा, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार सहित उत्तर बंगाल के पांच जिलों तक पहुंच गया। दिसंबर 2023 में, अभियान ने कोलकाता महानगरीय क्षेत्र और दक्षिण बंगाल के सभी जिलों को कवर किया। बिमारथ गतिविधि सामान्य सेवा केंद्रों के साथ साझेदारी में ग्रामीण स्थानों तक भी पहुंची और 125 से अधिक लोगों को शिक्षित किया।

### पार्टी सशक्तिकरण को लेकर की गई बैठक

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली की अध्यक्षता में उनके सेमरा स्थित निजी आवास में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड स्तरीय बैठक की गई, जिसमें सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष और सभी पंचायत अध्यक्ष ने भाग लिया . बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता मजकूर आलम सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया और पार्टी की सशक्तिकरण को लेकर के कई बिंदुओं पर चर्चा किया. साथ ही साथ पार्टी कैसे हर एक घर तक पहुंचे इस पर भी विचार विमर्श किया गया. और सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया की पार्टी की नीति सिद्धांत को जन- जन तक पहुंचाना हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है. इसके लिए हम सभी लोगों को दिल से मेहनत करना होगा. मौके पर अबू माज, बलराम गोप, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, संगीता, भीमराम, राजेश तिर्की, प्रभात लकड़ा, अहमद अंसारी, अबरार इमाम, अब्बास अंसारी, लखन लकड़ा, सुनील मिंज, राजन केरकेट्टा, शीतल उरांव, फिरोज आलम, विष्णु महली सहित अन्य मौजूद थे ।

## भारत मुंडा समाज के लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** भारत मुण्डा समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति की अगुआई में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुण्डा समाज के लगभग 150 से भी अधिक संख्या में समाज के लोग भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मस्थली गांव उलीहातु का भ्रमण में पहुंच कर उनके समाधि स्थल पर उनके पोता सुखराम मुण्डा के साथ पूजा अर्चना कर उन्हें नमन करते हुए माल्यार्पण कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर पहुंच कर सभी मुण्डा समाज के लोग अपने आप को गौरवान्वित महसूस किये। इस भ्रमण में मुख्य रूप से भारत मुण्डा समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति के पदाधिकारी-शंकर राम बारला, किसुन राम बारला, महेन्द्र बारला, रीना बारला, अनीता बारला, सुनीता बारला, मुकेश इंदवार, बिन्देश्वर बघेल, सुजाता मुण्डा आदि और भारत मुण्डा समाज, झारखण्ड प्रदेश समिति के पदाधिकारी- सुशील पहान, ब्रजेन्द्र हेमरोम, भीम मुण्डा न झारखण्ड प्रदेश की ओर से सभी छत्तीसगढ़ के मुण्डा समाज के लोगों का उलीहातु में स्वागत करते हुए पूरे भ्रमण के दौरान उन लोगों के साथ में उपस्थित थे।

## कर्रा मिशन बगीचा में संयुक्त पड़हा संघ की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित मिशन बगीचा में रविवार को संयुक्त पड़हा संघ की विशेष बैठक होरो पड़ा राजा देवान सुनील होरो कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक में विशेष रूप से पड़हा व्यवस्था को आगे बढ़ाने, इवीएम हटाओ संविधान बचाओ, देश बचाओ के संबंध पर विचार विमर्श,ग्राम सभा के सामुदायिक भूमी पर बाहरी लोगों का कब्जा, पेशा कानून, समता जजमेंट, पांचवीं अनुसूची का खुलम खुला उल्लंघन के अलावे बहुत सारे मुद्दों पर विशेष चर्चा किया गया.

वही बैठक के दौरान 27 फरवरी को खूंटी में इवीएम वोटिंग मशीन के विरोध में विशाल जन सभा का आह्वान किया गया. बैठक पर उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टर बोदरा, कोयल कारों जन संगठन से आये मसीह गुड़िया, गुड़िया पड़हा से आये आशीष गुड़िया, होरो पड़हा से जोसेफ होरो, शिबू होरो ने अपने-अपने विचार दिये. बैठक पर मुख्य रूप से हेरेंज पड़हा राजा किशोर हेरेंज, होरो पड़हा देवान प्रेम प्रकाश होरो, संयुक्त पड़हा सचिव बिमल होरो, होरो पड़हा सचिव इपिल होरो, पांच मौजा राजा एतवा हेरेंज, बड़ लाल निरल होरो, होरो पड़हा के सहयोगी देवान गोलया होरो, रंजन संगा, करठा पांडे, विमल होरो, लौरेंस होरो, विजय होरो, अटल होरो के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।



## पहाड़ी मंदिर खलारी के खिचड़ी भंडारा में उमड़े श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** पहाड़ी मंदिर खलारी के पुनर्निर्माण के 22वीं वर्षगांठ आयोजन पर इस वर्ष भी बृहत खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया गया. रविवार को आयोजित इस भंडारा में हजारो श्रद्धालु उमड़ पड़े. 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन समापन के बाद सुबह करीब ग्यारह बजे खिचड़ी भंडारा आरंभ किया गया. इससे पूर्व मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे व सोनू दुबे ने भगवान का भोग लगाया. अतिथियों ने मंदिर में पूजा किया. मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय के अलावा एनके एरिया के पूर्व महाप्रबंधक संजय कुमार, केएनपी सिंह, बीरेन्द्र कुशवाहा, राजनसिंह राजा, जिप सदस्य सरस्वती देवी ने श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी परोस कर भंडारा का शुभारंभ किया. सुरेन्दनाथ्र पांडेय ने कहा कि खलारी का पहाड़ी मंदिर खलारी ही नहीं रांची जिले का धरोहर है. खलारी के पहाड़ी मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण के लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति सहित खलारी की जनता को धन्यवाद दिया. देर शाम तक चले भंडारा में तीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने खिचड़ी खाया. मंदिर प्रांगण में सारा दिन मेले सा नजारा रहा. श्रद्धालु पहले मंदिर में पूजा करते फिर खिचड़ी खाने आते. खलारी तथा आसपास के लोग देर शाम तक मंदिर आते रहे. पहाड़ी मंदिर विकास समिति के लोगों ने व्यापक प्रबंध कर रखा था. एसीसी हाई स्कूल के बच्चों ने प्रसाद वितरण में बिना थके अहम भूमिका निभाई. भंडारा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में सांसद संजय सेठ, रामदेवलाल अग्रवाल, सीसीएल मगध परियोजना के जीएम नृपेन्द्र नाथ, कमलेशकुमार सिंह, सुनीलकुमार सिंह, बीएन पांडेय, इंदिरा देवी, अरविन्द सिंह, श्यामसुंदर सिंह, जालिम सिंह, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, राजेन्द्र रजक, मनोज गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, प्रीतम साहू आदि शामिल थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सिद्धेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश राय, अमरेश वर्मा, सुशील अग्रवाल, दिनेशपांडेय घंटू, सूर्यकान्त सिंह, दिलीप साहू, बैजनाथ प्रसाद, उदय यादव, धीरज सिन्हा, भूपनाथ साव, नंदलाल साव, आशीषकुमार सिन्हा, दिलीप मेहता, अजीत कुमार, बाबूलाल, संतोष यादव, आदि सहित कीर्तन मंडली का सराहनीय योगदान रहा.



## स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला आगामी 21 जनवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लेगाहातू (कलुआडीह) भेलवा टुगरी चट्टानी में रविवार के दिन सुबह 7 बजे स्वर्गीय काशीनाथ महतो की स्मृति में आगामी 21 जनवरी को मेला का आयोजन को लेकर विभिन्न गांव के ग्रामीणों के बीच गणेश उरांव की अध्यक्षता में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया ताकि मेला का आयोजन भव्य रूप से किया जा सके। मेला को सफल बनाने हेतु ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार को व्यक्त किया एवं पिछला कमेटी को भंग कर नई कमेटी का सर्व समिति से गठन किया गया जिसमें संरक्षक लालूराम उरांव, अध्यक्ष विकास महतो, उपाध्यक्ष मनोहर महतो, चाँद हुसैन, फारुख मोमिन, सुशील महतो, बंशीधर उरांव, दिलीप मिंज, सचिव लक्ष्मण महतो एवं कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद महतो को चुना गया। मेला को आकर्षक बनाने के लिए फुटबॉल खेल, क्रिकेट खेल, मुर्गा लड़ाई, महिला पता नाच और भी विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया है जिसका ग्रामीण आनंद उठाएंगे। उक्त जानकारी मेला कमेटी के सुभाष चंद्र महतो ने दी।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया लोहड़ी पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में लोहड़ी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।लोहड़ी पर्व के मौके पर बचरा गुरुद्वारा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे सिख समुदाय की महिला,पुरूष और बच्चे शामिल हुए।कार्यक्रम मे शामिल लोगो ने उत्साह और उमंग के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया।इस संबंध मे बचरा गुरुद्वारा के ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि लोहड़ी का पर्व सुख शांति और खुशहाली के लिए मनाया जाता है।इस दिन सभी किसान रबि की फसल को काटकर खरीब की फसल लगाने की तैयारी करते है।वही शादी विवाह का भी मुहूर्त शुरू होता है।उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व के साथ ही समाज मे सभी शुभ कार्य की शुरुआत की जाती है।

कार्यक्रम में सिख समुदाय की महिलाएं लोहड़ी गीत गाकर परंपरा को आगे बढ़ाया।इस मौके पर प्रधान निर्मल सिंह,सुखदेव सिंह,ग्रंथी कुलदीप सिंह, अमन मेहरा,इन्दर सिंह, पृथ्वीपाल सिंह,कलवंत सिंह, गुरजीत सिंह,बक्सी सिंह, सेवा सिंह,प्रताप सिंह, गुरजीत सिंह,राजेन्द्र सिंह, अमनदीप सिंह,दिलबाग सिंह,कमलजीत सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर दुसरी और सीआईएसएफ के बचरा कैम्प मे लोहड़ी उत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस और डिप्टी कमांडेड उपेन्द्र सिंह सहित कई अधिकारी और जवान शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने एक साथ सामुहिक रुप से लोहड़ी पर्व धुमधाम और उत्साह के साथ मनाते हुए इसका आनंद उठाया ।

## तिरूफॉल को मिलेगा पर्यटक स्थल का दर्जा : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलॉचंल क्षेत्र के निकटर्वी तिरूफॉल मे रविवार को एतिहासिक मकर सक्रान्ति मेला का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे रांची सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि मे पूर्व विधायक डॉ. जीतु चरण राम,कांग्रेस के कांके प्रभारी सुरेश बैठा सहित कई लोग मौजुद थे।आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र और माला देकर स्वागत किया गया,जिसके बाद सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने तिरू जल प्रपात के महत्व पर प्रकाश डाला।वक्ताओ ने कहा कि तिरूफॉल का अपना एक महत्व है,यहां सालो भर सैलानियो का आवागमण होता है,लेकिन मूलभूत सुविधा नही रहने से सैलानी को परेशानी होती है।तिरूफॉल के विकाश के लिए राज्य सरकार से इस ओर ध्यान देने की अपील की गई।वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि ऐतिहासिक तिरुफॉल को पर्यटक का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।तिरुफॉल के विकास में अभी तक एक करोड रुपए खर्च किया जा चुका है,जिसमें उनके प्रयास से सिर्फ सीसीएल प्रबधंन द्वारा 88 लाख रूपये खर्च किया गया है।उन्होंने अपने संबोधन के दौरान तिरूफॉल मे स्टैज निर्माण करने की घोषणा की।पूर्व विधायक डॉ जितु चरण राम और कांग्रेस नेता सुरेश बैठा ने भी तिरुफॉल के विकास में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।इधर मेला मे दुर दराज के लोग शामिल होकर जमकर खरीदारी की।मेला मे आये लोगो ने तिरूफॉल के मनोरम दृश्य का भी दीदार किया,उंची वादियो से गिरता झरना लोगो को अपने ओर आर्कर्षित कर रहा था।मेला मे राय,बचरा,डकरा,खलारी, लपरा,टंडवा, बुड़मू,केरेडारी, ठाकुरगांव,किचटो,बिलारी सहित अन्य इलाको से काफी संख्या में लोग शामिल हुए।मेला के अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे कलाकारो ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कलाकारो के द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम पर मौजुद लोग झूमने पर मजबूर हो गये।इस मौके पर प्रमुख जगलाल मुण्डा,सत्यनारायण मुण्डा,उप प्रमुख हरदेव साहु, जिप सदस्य सह आजसु नेता रामजीत गंझु,भाजपा नेता कमलेश राम,सारले मुखिया सुमित्रा देवी,कांग्रेस की महिला नेत्री इंदिरा देवी तुरी,अभय सिंह,कैलाश लोहरा,रामदेव महतो,शर्मा महतो,रामेश्वर यादव,दिलिप गंझु,मजरू महतो,बिजेन्द्र मुण्डा,फूलेश्वर गंझु,फूलेश्वर महतो सांसद प्रतिनिधि, नारायण गंझु,बाबुलाल महतो,बिजय महतो सहित आयोजन समिति के सभी लोग मौजूद थे।

## डॉ बहादुर सिंह की 85 वीं जयंती मनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष और ख्यातिप्राप्त शिक्षविद स्व डॉ बहादुर सिंह की 85 वीं जयंती के मौके पर रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें याद व नमन किया गया । मौके पर जँहा कैंब्रिज ग्रुप के शिक्षण संस्थानों में पुष्पांजलि सभा आयोजित हुआ वंही स्वजनों द्वारा हटिया स्थित प्रसिद्ध जग्गनाथ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण व दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया ।कई राजनितिक व धार्मिक संगठनों ने भी कार्यक्रम का आयोजन कर जयंती मनाई। बता दें कि एक शिक्षाविद के रूप में उपराष्टपति के हांथो लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित बहादुर बाबू तात्कालीन राष्ट्रपति माननीय प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के साथ जकार्ता गए अर्थशास्त्रीयों के दल में भी शामिल थे । एक कॉलेज शिक्षक से अपना जीवन यात्रा शुरू कर उन्होंने बिभिन्न शिक्षण संस्थानों की स्थापना की । इसके अलावा सामाजिक व राजनितिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है । कैंब्रिज ग्रुप के प्रेससचिव धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि उनके सानिद्धय में शिक्षा ग्रहण करने वाले हज़ारों विद्यार्थी वर्तमान समय में देश विदेशों में कार्यरत हैं । जग्गन्नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी समेत पुत्र अभिषेक सिंह, नवनीत सिंह के अलावा कैंब्रिज परिवार के दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## शिविर में 200 लोगों का जांच निशुल्क किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** रविवार को मदरसा मोहल्ला स्थित कम्युनिटी मैरिज हॉल में होपवेल हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 200 लोगों का किया गया जांच एवं जरूरतमंदों के बीच दवा का भी वितरण किया गया. मौके पर अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर शाहाबाद आलम जर्नल सर्जन एवं स्त्री प्रसूति विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा अली ने अपने पूरी टीम के साथ कैंप में अपना योगदान दिया. मौके पर तामीर ए इंसानियत के मेंबर के साथ ही हाजी मोइनुद्दीन, अबरार इमाम, अनीस आलम, सादिक आलम, आशिक आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।



## कंदरी फुसरा टांड स्थित जामिया इस्लामिया अकादमी का तीसरा वर्ष गांठ मनाया गया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** माण्डर के कंदरी फिरदोस नगर फुसराटांड में जामिया इसलामिया एकेडमी का रविवार को तिसरा वर्षगांठ मनाया गया बतौर मुख्य अतिथि के रुप में समाज सेवी पुर्व डी डी सी डा प्रमेश्वर भगत बुड़मु के सदर शमीम बड़ेहार माण्डर अंजूमन के सेक्रेटरी अफरोज हुसेन मौलाना साबीर हुसैनी मजाहिरी उपस्थित थे इस अवसर पर मौलाना साबिर मजाहिरी नें अपने संदेश मे कहा की आज के दौर मे हरेक गांव और कस्बा मे मक्तब का होना जरूरी है, साथ ही तालीम और तरबियत भी, उन्होंने कहा की आप अपने बच्चों को जहां भी पढ़ाएं निगरानी जरूर रखें मौक़े पर अमन ग्रुप रातु के ज्याऊल हक एजाज अंसारी एकेडमी के डाईरेक्टर मौलाना रफीक मौलाना अब्दुल जलील कासमी डाईनमिक कोचिंग सेंटर के मौलाना मोहसीन अंसारी नदवी अब्दुस्सलाम नदवी आरजु परवीन सानिया परवीन सायमा परवी गजाला परवीन सहित एकेडमी के शिक्षक जमील नदवी नेहा परवीन रुखसार परवीन मौलाना अबु सुफियान नदवी मोआज अंसारी कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने मेडल बूक पानी बोतल देकर पुरष्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन मौलाना सूफियाना ने किय मौके पर छात्र छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक मौजुद थे।



## जिला परिषद सदस्य ने नौदी गांव में दर्जनों बुजुर्ग महिला पुरुष के बीच कम्बल वितरण किया

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो पूर्वी भाग के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के द्वारा प्रखंड के नौदी गांव में दर्जनों बुजुर्ग महिला पुरुष के बीच कम्बल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जनप्रतिनिधियों को इस बार कंबल काम उपलब्ध कराया गया था जिसके कारण जरूरतमंदों के बीच पूरा वितरण नहीं हो पाया इसके बाद निजी कोस से गरीबों को कंबल का वितरण किया जा रहा है।

## चान्हो व मांडर में उर्दु पद को समाप्त करने को लेकर झारखण्ड सरकार का विरोध कर प्रतिया फाड़ी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो/मांडर :** रविवार को माण्डर प्रखण्ड अंजुमन कमिटी और चान्हो के मरकज बलसोकर मदरसा चौक में उर्दू पद समाप्त करने को लेकर झारखंड सरकार खिलाफ विरोध किया सरकार के नया नियमावली पत्र प्रारूप की कॉपी जलायी गयी। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा झारखंड राजकीयकृत प्रारम्भिक विधालय शिक्षक प्रन्नोति नियमावली 2024 तैयार किया गया है, उसके परिभाषा के क्रम 2 के (1) एवं (2) में स्पष्ट उल्लेखित है उर्दू शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पद को मरणशील कर समाप्त कर दिया जाएगा। इस नियमावली के लागू होते ही बिहार सरकार 1999 में सृजित हुए 4,401 उर्दू शिक्षक के बचे 3712 पदों को सरेंडर कर दी जाएगी।झारखंड सरकार इस नियमावली को वापस ले और उर्दू शिक्षक के बचे 3712 पदों को कक्षा 1-5 एवं 6-8 में बांटकर सीधी बाहली करे या शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार बहाली शुरू करें। इस विरोध मे माडर के फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी,हाफिज आज़ाद अंसारी, जावेद अंसारी, मौलाना जियाउल्लाह, मौलाना सनाउल्लाह ,जावेद अंसारी, समसुल अंसारी, आरसद अंसारी चानहो के अरशद हुसेन शम्मा परवी मो सामनूर तुफैल अहमद अफजालुर्रहमान शमीम अहमद अहमद अली अतीकुर्रहमान महफूज आलम अन्य लोग मौजुद थे।

## कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच 250 कपड़े एवं कंबल वितरित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** कपड़ा बैंक की टीम के द्वारा अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के मासू गांव में 250 जरूरतमंदों के बीच रविवार को कपड़ा व कंबल का वितरण किया गया। जिसमें कंबल साड़ी, सूट, जींस, पैंट, बच्चों के कपड़े और गर्म कपड़े शामिल है। इधर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा की कपड़ा बैंक पिछले चार वर्षों से लगातार जरूरतमंदों के बीच नए पुराने कपड़े का वितरण करती आ रही हैं. लोगों के मुख्य आवश्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है। जिसमे कपड़ा भी प्रमुख आवश्यकता है और ठंड के मौसम में कपड़े की अवश्यकता और बढ़ जाती है. जिससे की लोग ठंड से बच सके। कपड़ा बैंक की टीम के द्वारा आपस में सहयोग राशि जमा कर नए कंबल खरीद कर लोगों के बीच कंबल भी वितरित किया जा रहा है। कपड़ा बैंक की टीम में रवि केशरी, सुनील कुमार, शक्ति साहू, मुकेश कुमार और कैलाश कुमार सहित गांव के लोगों ने सहियोग किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, सोमवार, 15 जनवरी 2024 | पेज 5

## रेनो11 सीरीज़ के साथ ओप्पो ने स्मार्टफोन फोटोग्राफी को नए आयाम में पहुंचाया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओप्पो इंडिया ने अपनी रेनो सीरीज़ का लेटेस्ट संस्करण, रेनो11 प्रो 5जी और रेनो11 5जी लॉन्च किया है। इन दोनों डिवाइस में ओप्पो की प्रोप्राइटरी टेक्नोलॉजी, जैसे विस्तृत व सूक्ष्म फ़ोटोग्राफ़्स के लिए हाइपरटोन इमेज इंजन, बैटरी को चार साल से ज़्यादा समय तक चलने की क्षमता देने के लिए बीएचई (बैटरी हेल्थ इंजन), सुरक्षित और तेज चार्जिंग के लिए सुपरवूक, तथा बैकग्राउंड में बिना लैग और बिना अटके लगभग 30 ऐप्स एक साथ चलाने के लिए डिज़ाइन किया गया ट्रिनिटी इंजन है। रेनो11 प्रो 5जी का मूल्य 39,999 रुपये है, और यह 18 जनवरी 2024 से बिकना शुरू होगा, जबकि रेनो11 5जी दो स्टोरेज वैरिएंट्स में 25 जनवरी 2024 से 29,999 रुपये (128जीबी) और 31,999 रुपये (256जीबी) में उपलब्ध होगा। ये सभी स्मार्टफोन फ्लिपकार्ट, ओप्पो ई-स्टोर और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर मिलेंगे। ओप्पो इंडिया के डायरेक्टर, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, सेवियो डिसूज़ा ने कहा, रेनो11 सीरीज हाइपरटोन इमेज इंजन, बीएचई, सुपरवूक और कलरओएस जैसी प्रोप्राइटरी टेक्नोलॉजीज़ में ओप्पो की विशेषज्ञता का प्रमाण है। हम अपने ग्राहकों द्वारा इन नए स्मार्टफ़ोंस का अनुभव लेने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

## समाजसेवी सुखदेव ने किया जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के शीशी एवं बुरंगबुरू गांव में पूर्व क्रिकेटर सह समाजसेवी सुखदेव तंतुबाई ने जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने बुड़े बुजुर्गो, विधवा एवं असहाय ग्रामीणों के बीच करीब दो सौ कंबल का वितरण किया। वहीं क्रिकेटर सह समाजसेवी सुखदेव तंतुबाई ने बताया कि अपने स्तर से प्रतिवर्ष सैकड़ों जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। उन्होंने लोगों को मकर संक्रांति में भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में टुसु मेलों का आनंद उठाने का भी अपील किया। मौके पर तापस प्रधान,कौशल यादव, काबुल योगी, मुकेश कुईरी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस इंस्पेक्टर आनन्द मिश्रा को मातृ शोक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्पेशल ब्रांच जमशेदपुर पुलिस निरीक्षक आनंद मिश्रा को मातृ शोक हुआ है। 75 वर्षीय बिमला देवी का निधन टाटा मेन अस्पताल में हो गया। पिछले दस दिनों से वह सीसीयू में इलाजरत थीं। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। पार्वती बर्निंग घाट में उनके पार्थिव देह को सनातन रीति रिवाज के अनुसार अग्नि में समर्पित कर दिया गया। कदमा गणेश वाटिका से निकली अंतिम यात्रा में शिक्षाविद एवं बागबेड़ा इंदिरा ज्योति स्कूल के संस्थापक प्रिंसिपल दिनेश कुमार मिश्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, डीएसपी अनिमेष गुप्ता, डीएसपी मनोज ठाकुर, पुलिस पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, सेवानिवृत डीएसपी कमल किशोर, यू ट्यूबर अजीत मिश्र, श्रीराम सिंह, बागबेड़ा पंचायत के उप मुखिया सुनील गुप्ता, अधिवक्ता कुलविंदर सिंह, पत्रकार पशुपति मिश्रा, पत्रकार बृज तिवारी, श्रीकांत सिंह, ब्राह्मण समाज के अरुण द्विवेदी, शिक्षक नेता बिनय शंकर तिवारी, उद्यमी सतिंदर सिंह बंटी सहित बागबेड़ा के कई लोग शामिल हुए।

## सोनारी में सांसद के सहयोग से हुआ कंबल वितरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरन महतो के सौजन्य से सोनारी मारार पाड़ा, एवं झाबरी बस्ती में जरूरतमंद लोगों के बीच 100 कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, सोनु ठाकुर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सुनील सिंह, महावीर सिंह, विरेंद्र, शंभु, संजय, सरिता, सतेन्द्र, प्यारे लाल, बिराज डे आदि उपस्थित थे।

## सारेगामा के विजेता अदिति कुमारी को बब्लू झा ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर संगीत कला ग्रुप के आयोजनकर्ता दीपक कुमार द्वारा टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की ओर से गोपाल मैदान में चल रहे कार्निवल में आयोजित सारेगामा में बारीडीह बस्ती की मधुर सुरीली आवाज़ की धनी अदिति कुमारी को बेस्ट फीमेल सिंगर से पुरस्कृत किया गया। बबलू झा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ने इस खुशी के पल में अदिति सिंह को शॉल, पुष्प गुच्छ एवम प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। अदिति के माता एवं पिता राजेश पाठक इस पल में भावूक हो गए। इस सम्मान समारोह में दिपक कुमार, राजेश पाठक, सुनील कुमार, नीतू, किशोर, शिराज, विजय, हरेंद्र पंडित, सोनाली, श्याम, प्रमोद एवम अन्य उपस्थिति रहे।

## जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ने किया वारिस कॉलोनी का सर्वे

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान ने आज वारिस पिया वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष नसीम उल हक, सचिव मोहम्मद आबिद हुसैन के साथ वारिस कॉलोनी क्षेत्र का सर्वे किया। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। अंसार खान ने कमेटी के लोगों और बस्ती वासियों से कहा मंत्री बना गुप्ता के द्वारा काफी मानगो क्षेत्र में काम किया गया है और काम चल रहा है। मेन रोड वारिस कॉलोनी का रोड भी मंत्री बना गुप्ता के द्वारा जल्द से जल्द बनाया जाएगा। आप सभी की समस्याएं मंत्री बना गुप्ता और मानगो नगर निगम के उपायुक्त नगर सुरेश यादव को लिख कर दिया जाएगा।

# सरकार आदिम जनजाति समूह के विकास को लेकर संवेदनशील : मंजूनाथ भजन्त्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय परिसर से जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पीएम- जनमन योजना के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो मौजूद रहीं । इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री, झारखंड द्वारा आदिम जनजाति समूहों को विकास योजनाओं को लेकर जागरूक करने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया है। पीएम जनमन योजना के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में अंतर समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति समूहों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान हेतु जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। इस महाअभियान के तहत पीवीटीजी बसाहटो का सर्वे कर आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड का लाभ तथा स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं को लाभ, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा।

# जेवियर स्कूल में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जेवियर स्कूल गम्हरिया में एक दिवसीय विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में काफी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार के विज्ञान के मॉडल एवं चित्रकला का अदभुत नमूना प्रस्तुत किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित एक्सआईटीई कॉलेज, गम्हरिया के प्रधानाचार्य फ्रांसिस एस.जे ने फीता काटकर इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य सेबेस्टियन एस.जे द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जज के रूप में केपीएस गम्हरिया के शिक्षक संतोष कुमार, दिलीप कुमार शर्मा और सरस्वती बिरुआ मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य फादर दयानिधि, सिस्टर रेशमी, सिस्टरअर्चना, प्रभात मिश्रा, रेखा सिंह, अंजलि झींगरण, प्रियंका पटेल समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

# घाघीडीह पंचायत में खुला आजाद समाज पार्टी का कार्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी ने आज बेड़ाढीपा हरहरगुट्टू, पूर्वी घाघीडीह पंचायत में अपना प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष - काशिफ रजा उपस्थित थे, मीडिया से बात करते हुए बताया कि आज़ाद समाज पार्टी एक वैचारिक पार्टी है, जो भ्रष्टाचार, जातिवाद और धार्मिक कट्टरता के विरूद्ध समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित समाज कर निर्माण के लिए मेहनत कर रही है। उन्होंने पार्टी के द्वारा आगामी 20 जनवरी को होने वाले मुख्यमंत्री आवास घेराव को कामयाब बनाने की अपील की। जिला अध्यक्ष युवा मज़हर ख़ान और जिला सचिव युवा अजंगक्या बिरुवा युवा महा सचिव जिब्रन आज़ाद की मौजूदगी में जमशेदपुर प्रखंड कमेटी युवा मोर्चा का गठन किया गया।

इसमें जुगनू लेयाँगी (प्रखंड अध्यक्ष), अभि सामड (सचिव), विकास सिंह कुंटिया (महासचिव), बेस देवगम (संगठन सचिव), हैप्पी दास (मीडिया प्रभारी), सरद गागराई (मिडिया प्रभारी) बनाया गया।

# रोमांचक मैच में झुंझका को हरा कर दिघी क्रिकेट टीम बना चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के दिघी क्रिकेट मैदान में रविवार को एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिघी टैलेंट्स क्रिकेट टीम की ओर से किया गया। इस प्रतियोगिता में पटमदा- बोड़ाम प्रखंड के कुल 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच दिघी क्रिकेट टीम और झुंझका क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। अंधेरा होने के कारण फाइनल मैच एक - एक ओवर का खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए झुंझका क्रिकेट टीम ने 1 ओवर में 8 रन बना कर दिघी क्रिकेट टीम को 9 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दिघी 1 ओवर में 1 विकेट खो कर 9 रन बना मैच जीत लिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में दिघी टैलेट्स क्रिकेट टीम के गंगाधर महतो, अजय कोड़ा मुदी, सुनिल मुदी, अनिल मुदी, घासीराम सहिस, राजू राय, सुभाष महतो, फूलचांद महतो, पशुपति महतो, अंपायर- गोपेन महतो, तारापद महतो,नीलकमल महतो आदि का अहम योगदान रहा।

# सुंदरकांड पाठ व भजनों से राममय हुई जमशेदपुर महानगर का भाजपा कार्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा अयोध्या नगरी में बने भव्य राम मंदिर में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर संगीतमय रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित सुंदरकांड पाठ में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा समेत पार्टी के तमाम वरीय नेताओं के संग सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान देश एवं विदेशों में ख्याति प्राप्त पुरोहित पंडित अभिषेक पाठक एवं मानस सत्संग समिति के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंडली के मनमोहक भजन प्रस्तुति से जिला कार्यालय राममय हो गया। सुंदरकांड पाठ को लेकर भाजपा की ओर से जिला कार्यालय में आकर्षक पुष्पसज्जा, ध्वज सज्जा एवं विद्युत सज्जा की गई थी। वहीं, सुंदरकांड के समापन के पश्चात कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 22 जनवरी को 'राम ज्योति' के लिए लोगों के बीच निःशुल्क 11 मिट्टी के दीपक, 11 बाती और एक धर्मध्वजा भेंटकर लोगों से घरों एवं प्रतिष्ठानों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया गया।

# वित्तीय साक्षरता कार्यशालाओं के जरिये बीएफआईएल लोगों को बना रही है सशक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडसइंड बैंक की 100: सहायक कंपनी, भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड वित्तीय समावेश बढ़ाने और वित्तीय उत्पादों तथा सेवाओं की जानकारी प्रदान कर लोगों को सशक्त बनाने के लिए, देश के छह राज्यों - बिहार, झारखंड , मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में वित्तीय साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। झारखंड राज्य में, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम और साहेबगंज आदि जिलों में 27 कार्यशालाएं आयोजित की गई जिसमे 2000 से अधिक प्रतिभागि सम्मिलित हुए। इन कार्यशालाओं में धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता, उधार लेने के सुनहरे नियम, ज़्यादा आय प्रदान करने वाले उद्यमों और वित्तीय योजना में ऋण निधि के निवेश के महत्व सहित कई वित्तीय विषयों पर संवादपरक अभ्यास, ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियां और विशेषज्ञ सेमिनार शामिल थे।

# मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर हाट बाजारों में जमकर हुई खरीदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के हाट बाजारों में मकर संक्रान्ति के पूर्व संध्या बांउंढ़ी पर मकर संक्रांति व टुसु मेला को लेकर लोग जमकर खरीदारी करते देखे गए। डुमटांड़ हाट, मिलन चौक बाजार में लोग मिट्टी से बने वर्तन ,बांस का सुप, डाला, टोकरी, कपड़े, जुते ,तेल गुड़, तील कुट आदि का लोग जमकर खरीदारी किया। बाजारों में काफी रौनक देखा गया। टुसु चौडलों का भी अंतिम दिन अच्छे खासे बिक्री हुई। लोग दिन भर खरीदारी में व्यस्त रहे। कपड़ों का दुकानों में भी काफी भीड़ भाड़ देखा गया। आपको बता दूं कि बांउंढ़ी के रात लोग चावल से बने गुंडी और गुड़ से पीठा बनाते हैं। तील कुट से लेकर तरह तरह के ब्यंजन बनाने का रिवाज है। घर में बने पीठा आदि व्यंजन लेकर लोग मकर संक्रांति का नदी नालों में डुबकी लगाते हैं और तरह तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं। वहीं व्यसायी अजय कुमार रक्षित ने बताया कि आज मकर संक्रांति के पूर्व संध्या में हाट बाजारों में लोग मिट्टी के बर्तन, बांस के टोकरी, कपड़े आदि का जमकर खरीदारी किए । उन्होंने कहा कि डुमटांड़ हाट और मिलन चौक में लोगों का काफी भीड़ भाड़ रहा। उन्होंने कहा कि टुसु चौडलों का बिक्री काफी अच्छा रहा। टुसु सौ से लेकर 5 हजार तक बीका । उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का तैयारी को लेकर काफी खुश नजर आए ।

# जयप्रकाश उद्यान में कोल्हान आध्यात्मिक पर्यावरण संवर्धन संगठन की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को जयप्रकाश उद्यान आदित्यपुर में कोल्हान आध्यात्मिक पर्यावरण संवर्धन संगठन की बैठक एके श्रीवास्तव अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि राजीव रंजन सिंह भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्ति पुलिस उप महानिरीक्षक उपस्थित हुए। बैठक में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर वाहिनी खरकाई नदी एवं जयप्रकाश उद्यान के संवर्धन के संबंध में चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासचिव सुधीर कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे, ओम प्रकाश, अमित, सचिन अंबुज कुमार, रमन, अशोक, कमल नयन, काफी संख्या में प्रबुद्ध जन शामिल हुए। विदित हो कि यह इस क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों की अलाभकारी संस्था है और आध्यात्मिक एवं पर्यावरण संबंधित कार्य करने हेतु कटिबद्ध है।

# आदिवासी कला व संस्कृति को बढ़ावा देने का मंच जोहार हाट ने कामयाबी का पहला साल किया पूरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित आदिवासी कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले मासिक कार्यक्रम जोहार हाट के समारोह की धूमधाम से शुरुआत हुई। यह महीना जोहार हाट के एक साल पूरे होने का प्रतीक है, जिसमें पिछले एक साल में 15 जनजातियों के 120 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 6000 से अधिक उत्साही लोग इस आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय ने कहा कि, जोहार हाट, आज अपनी पहली वर्षगांठ मना रहा है, और लगातार आदिवासी कारीगरों और होम शेफ के लिए प्रतिभा के प्रदर्शन के मंच के रूप में उभरा है। हम जनजातीय समुदायों द्वारा हम पर निरंतर विश्वास के लिए उनके आभारी हैं। इन मासिक विशेष कार्यक्रमों ने हर महीने की 14 से 20 तारीख तक कारीगरों, शिल्पकारों, चिकित्सकों और घरेलू रसोइयों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान किया। एक्सएलआरआई, जमशेदपुर के वार्षिक आयोजन, मैक्सी फेयर के सहयोग से जोहार हाट का जनवरी 2024 संस्करण उत्सव में आदिवासी कला, व्यंजन और उपचार विधियों के विविध पहलुओं को प्रस्तुत करेगा। जोहार हाट हाल ही में गोपाल मैदान में आयोजित जमशेदपुर कार्निवल का भी हिस्सा था।

# नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंजू बगड़िया को पहनाया ताज, एक अप्रैल से संभालेगी कार्यभार

## जमशेदपुर शाखा को मिला सर्वश्रेष्ठ शहरी क्षेत्र का पुरस्कार, जामताड़ा को ग्रामीण का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन का दो दिवसीय ग्यारहवा प्रांतीय अधिवेशन मंथन के दूसरे दिन रविवार को सत्र 2024-26 के लिए नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंजू बगड़िया (करकेंद, धनबाद) को प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने ताज पहना कर पदभार सौंपा। आगामी 01 अप्रैल से मंजू बगड़िया कार्यभार संभालेगी। इससे पहले तुलसी भवन बिष्टुपुर में प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल (काशीडीह, साकची) की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे इस मंथन अधिवेशन के दौरान खुले मंच से सम्मेलन की सदस्यों ने हमारी क्या कमी रह गई है उसे कैसे सुधारा जा सकता है इस पर भी चर्चा करते हुए कई सवाल किये। मंच पर उपस्थित पूर्व राष्ट्रीय तथा झारखंड प्रदेश अध्यक्षों ने सवाल का जवाब एवं सुझाव देते हुए सदस्यों का संदेह दूर किया। इस दौरान झारखंड प्रदेश के सभी 54 शाखाओं को अलग-अलग पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार- शहरी क्षेत्र में जमशेदपुर शाखा और ग्रामीण क्षेत्र में जामताड़ा शाखा को मिला। स्व.मंजू मेहारिया स्मृति पुरस्कार- शहरी क्षेत्र में देवघर शाखा और ग्रामीण क्षेत्र में कतरास शाखा को मिला। इसी प्रकार पांच शहर क्रमशः रांची, चाईबासा, चास, धनबाद, गिरिडीह शाखा को श्रेष्ठ शहरी तथा श्रेष्ठ ग्रामीण क्षेत्र में गोविंदपुर, गम्हरिया पाला जोड़ी को सम्मान मिला। नूतन शाखा में शहरी से दुमका और ग्रामीण से हल्दीपोखर को सम्मानित किया गया।

# बारुबेड़ा में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र के बारूबेड़ा गांव में शनिवार को बिरसा मुंडा फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता बिमल बैठा व विशिष्ट अतिथि में विजय सोय शामिल हुए। टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता बने राधे - राधे टीम को 10 हजार, उप विजेता माकुला फुटबॉल टीम को 8 हजार रुपये एवं तीसरे व चौथे स्थान पर रहे मांडी एकादश व घोषडीह को भी कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रदीप शर्मा, अष्टमी सिंह, हरिहर टुडू, हरेकृष्ण महतो, गोकुल चंद्र मुदी, सुबोध सिंह, गोवर्धन सिंह, कवि कोड़ा, अमित कोड़ा, पशुपति कोड़ा, सुभाष कोड़ा, बलराम मांडी, शंकर मांडी आदि उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हो गया. राहुल गांधी के नेतृत्व में ये यात्रा इंफाल के निकट थोबल से शुरू हुआ। इससे पहले उन्होंने खोंगजोम युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरी झंडी दिखाई। बीएसपी के निष्कासित लोकसभा सदस्य दानिश अली भी राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत के मौके पर राहुल गांधी ने वहां पर लोगों को संबोधित किया, उन्होंने मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा हाइब्रिड है। इसमें हम पैदल चलेंगे और बस से भी चलेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम लोगों से मिलेंगे और उनसे बात करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम ज्यादा मन की बात नहीं करना चाहते हैं। हम आपकी बात सुनना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा हम मणिपुर में शांति कायम करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे, तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी। पीएम मोदी मणिपुर वोट के लिए आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुसीबत में है तब वे नहीं आते। वे राम-राम करते हैं। मुंह में राम और बगल में छुरी, यह वे जनता के साथ ना करें, वोट के लिए ये सब ढोंगबाजी नहीं करनी चाहिए। पीएम मोदी वोट मांगने के लिए मणिपुर आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुसीबत में होते हैं, तो वह अपना चेहरा नहीं दिखाते हैं। वे समुद्र के ऊपर सैर करते फिरते हैं और बैठे जगह जप करते रहते हैं राम राम। भगवान में सबकी आस्था है, लेकिन वोट के लिए ऐसा मत करो, ये लोग लोगों को भड़काने के लिए धर्म का मिश्रण करते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी राम, राम का जाप करते रहते हैं, लेकिन उन्हें वोट मांगने के लिए ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, बीजेपी धर्म को राजनीति से जोड़ती है, लोगों को भड़काती है, हम धर्मनिरपेक्षता, समानता, सामाजिक न्याय के लिए लड़ते हैं। राहुल गांधी आपका दर्द बांटने, आपकी समस्याओं पर बात करने के लिए मणिपुर आए हैं। लोगों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस न्याय यात्रा निकाल रही है, यह महंगाई के खिलाफ और किसानों के अधिकारों के लिए है। संविधान, लोकतंत्र को बचाने और फासीवादी ताकतों को रोकने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। यह यात्रा 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी. 66 दिनों तक चलने वाली ये भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के 15 राज्यों से होकर गुजरेगी. ये यात्रा पैदल और बस के जरिए की जाएगी. इस दौरान राहुल गांधी जगह-जगह रुककर स्थानीय लोगों से संवाद करेंगे और जनसभाओं को संबोधित करेंगे. खांगजोम युद्ध स्मारक एक ऐतिहासिक स्मारक है, जिसका उद्घाटन 2016 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कांग्रेस सरकार के दौरान किया था. यह 1891 में हुए आखिरी एंग्लो-मणिपुर युद्ध के शहीदों की याद में बनाया गया है.यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं के शामिल होने की भी संभावना है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी विपक्षी पार्टियों के अध्यक्षों को यात्रा में शामिल होने का न्योता भेजा है. इसके अलावा कई और हस्तियां भी इस यात्रा में शामिल होंगी. राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के 15 राज्यों से होकर गुजरेगी. यह यात्रा 110 जिलों, 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा सीटों को कवर करेगी. इस दौरान ये यात्रा 6713 किलोमीटर लंबा दायरा कवर करेगी. ये यात्रा मणिपुर, नागालैंड, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र के मुंबई पहुंचेगी. यहां यात्रा का समापन होगा. यात्रा से एक दिन पहले शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह यात्रा एक वैचारिक लड़ाई है। जिसे कांग्रेस ने ध्रुवीकरण की राजनीति और सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अन्याय के खिलाफ शुरू किया है. यह चुनावी यात्रा नहीं एक राजनीतिक दल की वैचारिक यात्रा है. भारत जोड़ो यात्रा नफरत और हिंसा की राजनीति के खिलाफ देश भर में प्यार और सद्भाव की मांग के लिए थी. अब न्याय यात्रा देश के लोगों के लिए न्याय की मांग के लिए है. जयराम रमेश ने बताया कि यात्रा के दौरान राहुल गांधी हर दिन दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे. इसके अलावा, वह हर दिन समाज के विभिन्न वर्गों से 20 से 25 लोगों से मिलेंगे. वह नागरिक समाज ग्रुप्स के साथ भी बातचीत करेंगे. अगले 11 दिनों के दौरान यात्रा देश के पांच उत्तर पूर्वी राज्यों में रहेगी. 23 जनवरी को राहुल गांधी घोषणापत्र के सिलसिले में गुवाहाटी में लोगों से जनसंवाद करेंगे. बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण 7 सितंबर, 2022 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुआ था और जनवरी 2023 में श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में समाप्त हुआ था. इस दौरान राहुल गांधी ने लगभग 4,080 किलोमीटर की दूरी तय की थी. यह रैली 126 दिनों में 12 राज्यों के 75 जिलों से होकर गुजरी. ये अब तक भारत की सबसे लंबी पदयात्रा है. राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के खत्म होने के बाद कई बार अपने अनुभव साझा किए थे।

### धर्म और आत्म-बोध के मार्ग पर महत्वपूर्ण, समयातीत सीखों को अपने में समाहित किए हुए है

# श्रीमद्भगवद गीता के ज्ञान को समझें छात्र

**डा. वरिंदर भाटिया**

> भारत के सबसे प्रामाणिक ग्रंथों में से एक श्रीमद्भगवद गीता को दुनिया भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में वैकल्पिक या नियमित पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जा रहा है। कई स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने गीता को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है। भारत में शीर्ष रैंकिंग वाले पेशेवर संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम और बिट्स-पिलानी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और विदेशों में ऑक्सफोर्ड, हार्वर्ड जैसे विश्वविद्यालय और सेटन हॉल सहित कई अन्य लोग मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अन्य पाठ्यक्रमों के अलावा गीता पढ़ाते रहे हैं।

**दिल्ली** विश्वविद्यालय (डीयू) के तहत एक कॉलेज ने फैकल्टी सदस्यों और शोधार्थियों के लिए 'श्रीमद्भगवद गीता : ज्ञानोदय और प्रासंगिकता' पर एक सर्टिफिकेट/रिफ्रेशर कोर्स शुरू किया है। दि टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, रामानुजन कॉलेज में भगवद गीता की शिक्षाओं पर आधारित 20 दिन का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम 22 दिसंबर से शुरू हुआ है और 10 जनवरी 2024 तक चलेगा। इसमें 18 व्याख्यान सहित 20 सत्र होंगे। कॉलेज द्वारा जारी एक कॉन्सेप्ट नोट के अनुसार, कहा गया है, 'श्रीमद्भगवद गीता जीवन के लिए एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक है जो कत्तर्व्य, धर्म और आत्म-बोध के मार्ग पर महत्वपूर्ण, समयातीत सीखों को अपने में समाहित किए हुए है। इससे जुडक़र प्रतिभागी न केवल अपनी आध्यात्मिक समझ को समृद्ध करेंगे बल्कि भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत से भी परिचित होंगे।' भारत के सबसे प्रामाणिक ग्रंथों में से एक श्रीमद्भगवद गीता को दुनिया भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में वैकल्पिक या नियमित पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जा रहा है। कई स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने गीता को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है। भारत में शीर्ष रैंकिंग वाले पेशेवर संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम और बिट्स-पिलानी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और विदेशों में ऑक्सफोर्ड, हार्वर्ड जैसे विश्वविद्यालय और सेटन हॉल सहित कई अन्य लोग मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अन्य पाठ्यक्रमों के अलावा गीता पढ़ाते रहे हैं। वे अधिकतर मानते हैं कि यह पाठ्यक्रम उनके छात्रों के व्यक्तित्व विकास और पेशेवर क्षमता में मदद करता है। गीता मूल रूप से श्रीकृष्ण, जो ईश्वर के अवतार हैं और अर्जुन, जो महाभारत के युद्ध में धर्मी पक्ष के प्रमुख योद्धा हैं, के बीच एक संवाद है। धर्मग्रंथ की आवश्यक शिक्षाएं व्यक्तिगत इच्छाओं और हमारे कार्यों या कार्य के परिणामों के आंतरिक त्याग का प्रचार करती हैं। इस तरह का त्याग समभाव की ओर ले जाता है, ईश्वर के प्रति हमारे पूर्ण समर्पण को पूरा करता है और विभाजित अहंकार से मुक्ति का समर्थन करता है, जो हमें एकता लाता है। बीसवीं सदी के प्रमुख योगियों में से एक, श्री अरबिंदो इसे इस प्रकार कहते हैं : 'गीता हमें कार्यों और प्रकृति की पूर्ण ऊर्जाओं के बीच भी आत्मा की स्वतंत्रता का वादा करती है, यदि हम अपने संपूर्ण अस्तित्व की



अधीनता को स्वीकार करते हैं जो अलग करने और सीमित करने वाले अहंकार से अधिक है।' भगवद् गीता का मर्म महत्वपूर्ण है। इसकी व्याख्या अनेक प्रकार से की जाती है। मेरे निजी विचार के अनुसार, एक महाभारत का युद्ध हर मनुष्य को अपने जीवन में लडऩा है। जब तक नहीं लड़ोगे तब तक मुक्त नहीं होंगे। परंतु यह युद्ध लडऩा कहां है? तो श्रीकृष्ण ने 13वें अध्याय में बताया कि यह शरीर ही वह क्षेत्र है जहां यह युद्ध होता है। अब प्रश्न है कि शरीर में किससे युद्ध करना है? तो शरीर में दो सेनाएं हैं। एक पांडव अर्थात पुण्यमयी और एक कौरव अर्थात पापी। इनमें प्रत्येक योद्धा उपस्थित है। और वो इस प्रकार है : अभिमन्यु अर्थात अभय मन। वह मन जिसमें अब भय नहीं हो। जो भय से मुक्त है। अभिमन्यु अर्जुन का पुत्र है। अर्जुन से उत्पन्न हुआ है। अर्जुन का अर्थ है- अनुराग। मनुष्य का इष्ट के प्रति राग ही अनुराग कहलाता है। उसी अनुराग से अभिमन्यु अर्थात अभय मन होता है। ध्यान रहे कि मन तो पहले ही है, परंतु पहले उसमें भय था। परंतु अनुराग ने उसे अभय बना दिया। जब भक्ति करते हैं तो मन भय से परे कर दिया जाता है। अब भय तो उस मन में है ही नहीं। उधर देखें तो भीष्म का अर्थ है- भ्रम। यहां बड़ा भयंकर योद्धा है। समस्त कौरवों का सेनापति है। यह भ्रम ही है। मनुष्य को जब तक इस संसार के मायाजाल का पता नहीं लगता तब तक भ्रम बड़ी तबाही करता है। परंतु अनुराग अर्थात अर्जुन उसे अपने धनुष से बाणों की शैय्या पर लिटा देता है। धनुष का अर्थ है- ध्यान। अनुरागी व्यक्ति ध्यान के द्वारा अपने भ्रम को हटा देता है। परंतु उसके बाद सेनापति होते हैं द्रोण। द्रोण का अर्थ है- द्वैत। जब तक यह लगता है कि मैं ईश्वर से अलग हूं, उसे ही द्वैत कहते हैं। यह बड़ा षड्यंत्रकारी है। अलग-अलग व्यूह बनाता है। चक्रव्यूह भी बनाता है। और इसके चक्रव्यूह में अभिमन्यु अर्थात अभय मन फंस जाता है। और मारा जाता है। वर्तमान में हमारा मन भय में रहता है। जब यह अभय हो जाएगा तो बड़ा जबरदस्त हो जाएगा। परंतु द्वैत इसे फंसा लेगा। द्वैत खत्म कर देगा। द्रोण का पुत्र है अश्वत्थामा। अर्थात- आसक्ति। यह अंत तक रहता है। अश्वत्थामा अर्थात आसक्ति अमर है। किसी वस्तु में लगाव होना ही आसक्ति है। इसे मारा नहीं जा सकता, परंतु निष्क्रिय किया जाता है। इधर पांडवों में पांच पांडव हैं जिनके मतलब कुछ इस प्रकार हैं : पांडु पुत्र पांच हैं। पांडु का अर्थ है- पुण्य। पांडु की पत्नी कुंती है। कुंती का अर्थ है : कत्तर्व्य। जब कुंती (कत्तर्व्य) का पांडु (पुण्य) के साथ सम्बन्ध होता है तो युधिष्ठिर रूपी धर्म, भीम यानी भाव, अर्जुन यानी अनुराग, नकुल यानी नियम और सहदेव यानी सत्संग, इन सब का जन्म होता है। उधर धृतराष्ट्र अर्थात अज्ञान से दुर्योधन अर्थत मोह उत्पन्न होता है। यह मोह ही सबका राजा है। मनुष्य के अंदर होने वाले युद्ध में यही बड़ा प्रबल है। परंतु जब अनुराग अर्थात अर्जुन मनुष्य में प्रकट होता है तो स्वयं श्री कृष्ण अंतरात्मा से उसका मार्गदर्शन करते हैं। उसे बार-बार हृदय में होने वाले युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं। दुर्योधन अर्थात मोह को अंत में भीम अर्थात भाव ही खत्म करता है। यही गीता समझाना चाहती है, इसीलिए तो गीता हम सबको मिली। वरना अर्जुन तक ही रह जाती। याद रहे कि भगवद् गीता का अर्थ मन के स्तर पर है। यह एक सार्वभौमिक ग्रंथ है। इसका स्थान धर्म विशेष से ऊपर है, यह हर समय और स्थान पर प्रत्येक मानव जीवन के लिए प्रासंगिक है। भगवान श्रीकृष्ण का संदेश न केवल हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का मार्गदर्शन करता है, बल्कि हमारे आध्यात्मिक उत्थान और हमारे अस्तित्व के अंतिम लक्ष्य, ईश्वर से मिलन की ओर भी ले जाता है। कॉलेज छात्रों को और हमारे युवा अध्यापकों को और यहां तक कि नौकरशाहों, राजनेताओं को, ऐच्छिक तौर पर श्रीमद भगवद् गीता के भाव का ज्ञान विशेष रूप से उपयोगी होगा, क्योंकि इनके सामने उनका पूरा जीवन पड़ा है। वे इस बहुमूल्य ज्ञान को आत्मसात कर कामयाबी के लिए जरूरी लीडरशिप के गुण पैदा कर सकते हैं और इसकी आध्यात्मिक शक्ति और प्रकाश से समृद्ध होकर अपना जीवन जी सकते हैं।

दृष्टि कोण

# चीन की शह पर भारत विरोधी रहा है मालदीव का रुख

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर मालदीव के तीन मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दोनों देशों के बीच पहले से ही खराब चल रहे रिश्ते को बड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड कर रहा है। मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भी उन टिप्पणियों की जमकर आलोचना की है। हालांकि मालदीव सरकार नुकसान की भरपाई करने में जुट गई है और टिप्पणी करने वाले मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को निलंबित कर दिया है, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि मौजूदा मालदीव सरकार का रुख भारत विरोधी रहा है, जिसे चीन से समर्थन मिलता है। बीजिंग ने अभी मालदीव के 1,200 द्वीपों में 17 को पट्टे पर लिया हुआ है, जो पूरे मालदीव में फैले हुए हैं और चीन की तीन सबसे बड़ी परियोजनाओं की लागत कुल मिलाकर 1.5 अरब डॉलर है, जो मालदीव की जीडीपी के 40 फीसदी से ज्यादा है। मालदीव में चीन का निवेश 97 करोड़ डॉलर को पार कर गया है, जिसे चुकाना मालदीव जैसे गरीब देश की क्षमता से बाहर है। फिर भी मौजूदा मुइज्जू सरकार भारत के प्रभाव को घटाने और चीन के प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। मालदीव में चीन के प्रभाव को कम करने के लिए भारत ने 50 करोड़ डॉलर की सबसे बड़ी नागरिक बुनियादी ढांचा परियोजना की घोषणा करने का तार्किक कदम उठाया, जिसके तहत 6.7 किलोमीटर लंबा पुल और सड़क बनेगी, जो



मालदीव की राजधानी माले को तीन नजदीकी द्वीपों से जोड़ेगी। इस तरह से भारत लंबाई, पैमाने और लागत के मामले में 20 करोड़ डॉलर की लागत से बने मालदीव-चीन मैत्री पुल को पीछे छोड़ देगा। लेकिन चीन के प्रति मुइज्जू के झुकाव को देखते हुए भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है, जिन्होंने अभी हिंद महासागर द्वीप समूह में तैनात भारतीय सैनिकों को लौटाने का फैसला किया है। यह मुख्यतः मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की 'भारत पहले' की नीति को पलटने के उद्देश्य से उठाया गया कदम है। इसके अलावा मुइज्जू सरकार ने एक और भारत-विरोधी निर्णय के तहत हाइड्रोग्राफी (जल सर्वेक्षण विज्ञान) के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के सहमति पत्र के नवीनीकरण के खिलाफ फैसला लिया है। सिर्फ मालदीव में ही नहीं, बल्कि नए वर्ष में भारतीय विदेश नीति के समक्ष कई चुनौतियां हैं। चीन अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका सहित दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है, जिसके लिए इसकी खतरनाक कर्ज-जाल नीति, विस्तारवाद और बीआरआई के माध्यम से दिए जा रहे प्रलोभन को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। विदेश नीति के विशेषज्ञों का मानना है कि भारत एशिया में खुद को चीन की तुलना में एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है, हालांकि दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। लेकिन अमेरिका के साथ बढ़ते भू-राजनीतिक सहयोग से वह चीन को मात दे सकता है। भारत के साथ अमेरिका का रक्षा और आर्थिक सहयोग दोनों देशों के रिश्ते को और मजबूत करेगा, जिसका असर वैश्विक मंच पर हो सकता है। चीन की कर्ज जाल नीति में पाकिस्तान पूरी तरह से फंस चुका है, जिससे निकट भविष्य में निकलना उसके लिए असंभव है। आगामी फरवरी में पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव से राजनीतिक परिदृश्य बदल सकता है, क्योंकि नवाज शरीफ के सत्ता में लौटने की संभावनाएं बन रही हैं। नवाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की इच्छा जताई है। चीन नेपाल का सबसे बड़ा निवेशक और व्यापार भागीदार के रूप में उभरा है, जिसने दोनों देशों के आर्थिक एवं कूटनीतिक रिश्तों को बदल दिया है। चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है और बीआरआई के क्रियान्वयन के लिए दबाव बना रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है, लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ सदियों पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था, जिसे मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने सुधारने की बहुत कोशिश की है। अब भारत ने कई आर्थिक पहल की है, जिनमें दीर्घकालीन व्यापार समझौता, बिजली की खरीद और पारगमन संधि, आदि हैं, जो द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम दे सकते हैं। भारत को बीआरआई की किसी भी प्रगति पर नजर रखनी होगी, क्योंकि 1,770 किलोमीटर की खुली सीमा के कारण सुरक्षा जोखिम होगा। हम्बनटोटा में चीन ने 4.5 अरब डॉलर का निवेश किया था, जिसने नई दिल्ली के लिए सुरक्षा चिंताएं पैदा कर दी थीं। लेकिन श्रीलंका जब आर्थिक पतन के कगार पर था, तो चीन उसकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। ऐसे में, भारत को उदारता दिखाने का मौका मिला। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के साथ श्रीलंका का मौजूदा दोस्ताना रवैया जारी रह सकता है, क्योंकि भारत ने खुले दिल से सहयोग किया और चार अरब डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता दी, जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के तीन अरब डॉलर के राहत पैकेज से ज्यादा है। भारत को श्रीलंका से रिश्ते और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में भारत समर्थक शेख हसीना फिर से सत्ता में लौट आई हैं। चीन ने हमेशा बांग्लादेश में गहरी दिलचस्पी दिखाई है, जो 2016-22 के दौरान 26 अरब डॉलर के निवेश से स्पष्ट है। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में चीन सबसे बड़ा निवेशक बनकर उभरा है और वह अब वहां अपना निवेश और बढ़ा सकता है।

कुछ अलग

# कर्जखोर अब चांद की ओर

**वे** करते धरते कुछ नहीं, पर उनके पास किसी से दो पल चैन से बात करने का कभी वक्त नहीं होता। आज भी नहीं था। खड़े खड़े ही पांव आगे पीछे करते उन्होंने मुझसे गंभीर हो पूछा, 'यार! चांद पर प्लॉट लेना था। ये धरती तो अब रहने लायक रही नहीं। जहां देखो सच्चाई के नाम पर प्रहसन! दिन के उजाले में भी कुछ भी साफ नहीं। जिसे मां समझो वह मां नहीं, जिसे बाप समझो वह बाप नहीं। जहां देखो वहीं मंथन के नाम पर मर्दन। स्वच्छता के नाम पर इधर कूड़ा, उधर कचरा। बैल तक बन रहा है बलि का बकरा। सच कहूं तो इस धरती पर अब नाक बंद कर, नाक बचा बचा कर जीना पड़ रहा है। कहां से रजिस्ट्री होगी? आजकल वहां पर स्कवेयर गज क्या चला होगा? दलाल तो अभी तक वहां कहां ही पहुंचे होंगे? किस ईमानदार पटवारी से बात की जाए कि वह वहां पर प्लॉट पूरा नापे? किस तहसीलदार के रजिस्ट्री करवाई जाए कि वहां सीधी रजिस्ट्री हो?' वाह! क्या दिन आ गए? जिनके नाक ही नहीं वे भी इन दिनों नाक बचाने को लेकर अहा! कितने लेकर चिंतित हैं। उन्होंने मुझसे एक पर एक दिमाग हिला देने वाले सवाल दागे तो उन पर हंसी आने के बदले मुझे अपने पर हंसी आई। गधे! कैसे कैसे दोस्त पाल रखे हैं तूने भी! ऐसे दोस्त तुझे और कहीं ले जाएं या नहीं, पर नरक में जरूर ले जाएंगे। बंदा भी कमाल का है। जिस कमरे में रहता है, उसके मालिक को बीस महीने से किराया नहीं दिया है। जिस राशन की दुकान से राशन लाता है, उसका उधार दस महीने से स्टैंड है। राशन की दुकान वाला उसके बदले अब मेरा रास्ता रोकने लगा है। गारंटर के साथ बुधा ऐसा ही होता है। और अब जनाब प्लॉट लेने की बात कर रहे हैं, वह भी चांद पर। पर मैं भी बिल्कुल तैयार था कि अबके बंदे की कहीं गारंटी न दूंगा। जनाब की गारंटियां देते देते अपनी घंटियां बजने लगी हैं अब तो। वैसे फेंकने में जाता भी क्या है भाई साहब! पर फेंकने से पहले एक बात का जरूर ध्यान रखा जाना चाहिए कि जब फेंकने को मन करे तो फेंकने की समझदारी से ईमानदारी इसी में होती है कि फेंको तो इतनी दूर की फेंको कि...जिसकी ओर फेंकी गई हो, उसकी सांस रुकने के बदले उसका दम निकल जाए। ईमानदारी से फेंकना इसी को कहते हैं। वर्ना न फेंकने में ही धर्म की सलामती। 'देखो यार! पटवारी तो पटवारी होता है। वह चाहे वैकुंठ का ही क्यों न हो। ईमानदारी के नाम पर प्रहसन या लूट के नाम पर नौटंकी! यह तो सुनार जाने या सुनार की मां, पर एक कथा है कि एक बार सुनार ने अपने मां के गहने में से सोना नहीं खाया तो पता है उसे क्या हुआ था?' 'उसके पेट में दर्द हो गई थी, तो? पर गए वे दिन! अब दर्द नहीं होता।' 'तो क्या? मां तो ठहरी मां! जब मां को पता चला कि उसके बेटे के पेट में दर्द क्यों हो रहा है तो उसने अपने बेटे के पेट की दर्द ठीक करने के लिए अपने गहने में से उसे कुछ सोना निकालने को कहा। जैसे ही सुनार ने अपनी मां के आदेशानुसार मां के गहने में से कुछ सोना चुरा उसमें उतना खोट पाया तो उसके बेटे के पेट का दर्द एकदम ठीक हो गया। पर यार! बीस महीने से तुमने अपने कमरे का किराया नहीं दे पाए और अब चांद पर प्लॉट? अब सच्ची को इनकी उनकी तरह कर्ज मार देश से भागने की तो नहीं सोच रहे हो?' 'हां ! अब मैं यहां से जितनी जल्दी हो सके शिफ्ट कर जाना चाहता हूं। दूर कहीं दूर! मुझे कर्ज देने वाले जब मुझसे कर्ज मांगते हैं तो मेरा दम घुटने लगता है। मैं ऐसे दमघोंटु कर्ज देने वालों के बीच अब और नहीं रह सकता', तब पहली बार पता चला कि कर्ज देने वालों का किसी को कर्ज देकर ही दम नहीं घुटता, कर्ज लेने वालों का कर्ज लेने पर भी दम घुटता है। 'मकान मालिक का किराया दिए बिना ही? देखो, तुम्हारी गारंटी मैंने दी है।' 'तो किराया भी तुम ही देते रहना।

देश दुनीया से

# उत्तर भारत का प्राचीनतम राम मंदिर जिसे भूल गए रामभक्त भी



> अयोध्या के अलावा उत्तर भारत का पहला और प्राचीनतम राम मंदिर उत्तराखण्ड के टिहरी जिले के देवप्रयाग में है। भारत की सबसे पवित्र नदी गंगा के उद्गम पर बना यह रघुनाथ मंदिर जम्मू के डोगरा शासकों द्वारा निर्मित रघुनाथ मंदिर से भी कई सदियों पुराना है। यह ऐसा मंदिर है जिसका उल्लेख न केवल पुराणों और चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा वृतांत में है बल्कि इसका प्रामाणिक इतिहास मंदिर परिसर के शिलालेखों और गढ़वाल राज्य के प्राचीन पंवार शासकों के कई सदियों पुराने ताम्र पत्रों में भी दर्ज है। ईटी एटकिंसन ने तो हिमालयन गजेटियर में अल्मोड़ा में भी रामचन्द्र मंदिर का उल्लेख किया है।

**भगवान** राम की जन्मस्थली अयोध्या में करोड़ों सनातन धर्मावम्बियों की आस्था का प्रतीक भव्यतम्‍मंदिर के रूप में आकार ले चुका है और अब दर्शनार्थ द्वार खुलने के लिए 22 जनवरी की प्रतीक्षा की जा रही है। लेकिन करोड़ों धर्मावलम्बियों में से शायद कुछ ही को पता होगा कि अयोध्या के अलावा उत्तर भारत का पहला और प्राचीनतम राम मंदिर उत्तराखण्ड के टिहरी जिले के देवप्रयाग में है। भारत की सबसे पवित्र नदी गंगा के उद्गम पर बना यह रधुनाथ मंदिर जम्मू के डोगरा शासकों द्वारा निर्मित रघुनाथ मंदिर से भी कई सदियों पुराना है। यह ऐसा मंदिर है जिसका उल्लेख न केवल पुराणों और चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा वृतांत में है बल्कि इसका प्रमाणिक इतिहास मंदिर परिसर के शिलालेखों और गढ़वाल राज्य के प्राचीन पंवार शासकों के कई सदियों पुराने ताम्र पत्रों में भी दर्ज है। ईटी एटकिंसन ने तो हिमालयन गजेटियर में अल्मोड़ा में भी रामचन्द्र मंदिर का उल्लेख किया है। लेकिन बिडम्बना यह कि पौराणिक काल के इन राम मंदिरों का नामलेवा भी देवप्रयाग वासियों के अलावा कोई नहीं मिलता है।

## रघुनाथ मंदिर से ही निलती है पतित पावनी गंगा

मध्य हिमालय की कई पवित्र धाराओं से बनी अलकनन्दा एवं भागीरथी नदियों के संगम से भारत की सबसे पवित्र नदी गंगा का उद्धव होता है। इसी पवित्र स्थल पर एक छोटा सा ऐतिहासिक और पौराणिक नगर है जो कि अपने धार्मिक महत्व के कारण देवप्रयाग के नाम से जाना जाता है। गंगा के उद्गम और रघुनाथ मंदिर के कारण धार्मिक दृष्टि से यह प्रयाग (संगाम) अपने नाम के अनुकूल उत्तराखण्ड के पंच प्रयागों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। यह स्थान देश के चार सर्वोच्च धामों में से एक बदरीनाथ धाम और भारत तथा नेपाल में भगवान शिव के द्वादस ज्योतिर्लिंगों में से एक केदारनाथ धाम के यात्रा मार्ग पर ऋषिकेश से 73 किमी दूर और समुद्रपल से लगभग 830 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। फिर भी इस पवित्रतम रघुनाथ मंदिर को अपने स्वर्णिम अतीत के लिये राजनीतिक संरक्षण की जरूरत पड़ रही है। इतिहास जनश्रुतियों में नहीं शिलालेखों, पुराणों और ताम्र पत्रों में प्रायः मंदिरों का इतिहास जनश्रुतियों पर आधारित होता है और उन मंदिरों की सिद्धि रिद्धि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जनश्रुतियों के आधार पर चलती है। लेकिन देवप्रयाग के रघुनाथ मंदिर का इतिहास जनश्रुतियों पर नहीं बल्कि अठारह पवित्र पुराणों में से चार, पद्म पुराण, मत्स्य पुराण, कूर्म पुराण और अग्नि पुराण में मिलता है। इस मंदिर में संबत 1512 याने कि सन् 1456 ई0 का तत्कालीन गढ़वाल नरेश जगतपाल को मंदिर की मठाधीशी के लिए शंकर भारती कृष्ण भट्ट को दिया गया ताम्र पत्र मौजूद है जिसे गढ़वाल के प्रसिद्ध इतिहासकार कैप्टन शूरवीर सिंह और डॉ यशवन्त सिंह कठौच ने संरक्षित किया है। जबकि जम्मू स्थित उत्तर भारत के विख्यात रघुनाथ मंदिर का इतिहास लगभ 200 साल से कम पुराना है। उस मंदिर का निर्माण 1835 में महाराजा गुलाब सिंह ने शुरू किया था जिसे महाराजा रणवीर सिंह ने 1860 में पूर्ण कराया।

गढवाल के इतिहास की झलक भी मंदिर में मिलती है

ऐसा माना जाता है कि मूल रूप से मंदिर की स्थापना 8वीं शताब्दी के दौरान आदि शंकराचार्य द्वारा की गई थी। बाद में गढ़वाल राज्य के नरेशों द्वारा इसका विस्तार किया गया। पंवार वंश के 34वें राजा जगतपाल के बाद 44वें राजा मानशाह द्वारा दान संबंधी एक ताम्रपत्र भी मंदिर में मौजूद बताया गया है जो कि सम्बत 1610 याने कि सन् 1554 का माना जाता है। मानशाह की मृत्यु सन् 1575 में मानी जाती है। इसी वंश के 42वें राजा सहजपाल द्वारा मंदिर को दान किये गए घंटे का उल्लेख भी मंदिर के शिलालेखों में मिलता है कि 1664 के मंदिर के दरवाजे और चैखटों पर लगे शिलालेखों से पता चलता है कि इस क्षेत्र पर राजा पृथ्वीपति शाह का शासन था। राजा जयकीर्ति शाह, जिन्होंने 1780 के दौरान इस क्षेत्र पर शासन किया था, ने मंदिर में अपना जीवन समाप्त कर लिया क्योंकि उनके दरबारियों ने उन्हें धोखा दिया था। मंदिर के ठीक पीछे मौजूद शिलालेखों पर ब्राह्मी लिपि में 19 लोगों के नाम खुदे हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि स्वर्ग की प्राप्ति के लिए उन्होंने यहां संगम पर जल-समाधि ले ली थी।

## ब्राह्मण हत्या के दोष से मुक्ति के लिए राम ने की तपस्या

माना जाता है कि धारानगरी के आए पंवार वंश के राजा कनकपाल के पुत्र श्याम पाल (722-782 ईस्वी) के गुरु शंकर ने काष्ठ का प्रयोग कर मंदिर शिखर का निर्माण करवाया था। गुरु शंकर और आद्य शंकराचार्य का काल आठवीं सदी का है। उस काल में मंदिर का शिखर परिवर्तित होने के कारण जनश्रुति है कि मंदिर का निर्माण शंकराचार्य ने कराया था।

आप का नजरीया

# शेख हसीना की वापसी, विदेशी मुद्रा संकट के बीच राजनीतिक स्थिरता लाने की चुनौती

**बीते** रविवार यानी सात जनवरी को बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के लिए मतदान हुआ, जिसमें शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग एक बार फिर विजयी हुई है। चुनावी नतीजे काफी हद तक उम्मीद के मुताबिक रहे और सत्तारूढ़ दल ने संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल किया। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसने चुनाव का बहिष्कार किया था, अपना विरोध जारी रखने की योजना बना रही है। हालांकि, हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति, जो उनके अनुसार, गुंडों की पार्टी है। उन्होंने बांग्लादेश का करीबी साझेदार होने के लिए भारत की सराहना भी की है। बांग्लादेश के चुनावी नतीजे के आंकड़े बताते हैं कि मतदान में मात्र 40 प्रतिशत मतदाताओं ने ही भागीदारी की, जबकि विपक्ष को इस पर भी भरोसा नहीं है। जिन 61 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, उन्हें भी अवामी लीग का ही छद्म उम्मीदवार बताया जाता है। जातीय पार्टी को सिर्फ 11 सीटों पर जीत मिली है। मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी के नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी मंगलवार से शांतिपूर्वक अपने विरोध आंदोलन को तेज करने की योजना बना रही है। बीएनपी ने इस चुनाव को 'फर्जी' बताया है। बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ, जिनमें 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक प्रत्याशी मैदान में थे। 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे थे। भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक बांग्लादेश के चुनाव की निगरानी कर रहे थे। मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7.5 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई थी। विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना की सत्ता में वापसी भारत के लिए फायदेमंद है, क्योंकि उनका रुख हमेशा से भारत समर्थक रहा है, जबकि बीएनपी के शासन के दौरान भारत के अलगाववादियों को वहां सुरक्षित पनाह मिलती रही है और बीएनपी का रुख भारत विरोधी रहा है। बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य शेख हसीना और खालिदा जिया के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता के लिए जाना जाता है। शेख हसीना बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी हैं, जबकि खालिदा जिया बांग्लादेश के पूर्व तानाशाह शासक जिया उर रहमान की विधवा हैं। इस राजनीतिक परिदृश्य में अचानक लोगों का ध्यान नोबेल विजेता अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस की ओर चला गया, जिन्हें हाल ही में बांग्लादेश की एक श्रम अदालत ने छह महीने जेल की सजा सुनाई है। हालांकि इस फैसले के खिलाफ यूनुस को ऊपरी अदालत में अपील करने की इजाजत दी गई है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि अदालत का यह फैसला नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस के खिलाफ राजनीतिक बदले की कार्रवाई का हिस्सा है। हालांकि अवामी लीग सरकार ने इससे इन्कार किया है। मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के माध्यम से अपने सूक्ष्म-ऋणों के लिए जाने जाते हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, सोमवार, 15 जनवरी 2024 | पेज 7

# 41 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार, गए जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के अनुसार गिद्धौर पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ चार युवक को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी तथा थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने कहा। बताते चलें कि बीते शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सिमरिया डीएसपी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के गांगपुर के समीप एंटी क्राइम चेकिंग व वाहन चेकिंग किया गया। इसी क्रम में अवैध ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को पकड़ा गया। इनके बताए लोगो के मुताबिक खरीद बिक्री करने आये एक अन्य युवक को बलबल से पकड़ा गया। इन सभी के निशानदेही पर गिद्धौर के सलगा में सुंदर भुइयां पिता स्वज़ पच्चू भुइयां के दुकान से भी 19 ग्राम ब्रॉउन शुगर बरामद किया है ।इन सभी के विरुद्ध गिद्धौर थाना कांड संख्या 5/24 दिनांक 13.01.2024 धारा 21/22/ 27/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। तथा गिरफ्तार चार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।साथ ही अन्य अभियुक्त के विरुद्ध अनुसंधान एवं छापामारी की जा रही है।पुलिस ने कुल 41 ग्राम ब्रॉउन शुगर, चार विभिन्न कंपनी का मोबाइल दो अपाची मोटर साइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गिद्धौर के रामकुमार साव पिता लखन साव, दीपेंद्र दांगी पिता ऋषुराज दांगी, सदर थाना के ऊंटा गांव के रंजन दांगी पिता केदार दांगी, हजारीबाग जिला के पदमा थाना चौक के मो.कैफ पिता मो.कुदुस शामिल है। छापामारी दल में डीएसपी थाना प्रभारी के साथ जैयरा बाखला रंजय कुमार सिंह सशत्र बल के सुनील कुमार इंदु भूषण मनोज शाह सहायक महिला आरक्षी ममता कुमारी शामिल थी।

## सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में ग्राम समिति का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** रविवार को मिश्रौल पंचायत स्थित कढनी गांव के देवी मंडप प्रांगण में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जयशंकर तिवारी व संचालन गोविंद तिवारी द्वारा की गई। बैठक में मौजूद प्रखंड कमिटी के संरक्षक अक्षयवट पांडेय ने अपने संबोधन में आपसी एकता पर बल दिये। वहीं सांसद प्रतिनिधि सह संरक्षक ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि स्वभावश ब्राह्मणों ने समाज व देश के लिए स्वहितों को त्याग कर जनहितों को सर्वोच्च तरजीह दिया है।कहा, विपन्नता के बावजूद सरकारों से कभी याचना व आंदोलन का रुख अख्तियार नहीं किया है।सांस्कृतिक विरासतों की रक्षा हो या सामाजिक समरसता, ब्राह्मणों का त्याग अतुलनीय है। समाज में जीवन- यापन करने वाले कई निर्धन परिवारों के उत्थान के लिए अब सामुहिक प्रयास आवश्यक है। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष दीपक तिवारी, सचिव संजय तिवारी, उपाध्यक्ष रविकांत तिवारी, अरविंद तिवारी,संजय तिवारी, लक्ष्मण तिवारी, मंत्री विनोद तिवारी बनाये गये। साथ हीं पांच सदस्यीय संरक्षक मंडली में मणियार तिवारी,नकुल देव तिवारी, शशि भूषण तिवारी, सुरेश तिवारी एवं जयशंकर तिवारी मनोनीत हुवे। सर्व ब्राह्मण समाज के प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र पांडेय ने बताया कि पंचायत व ग्राम स्तरीय समिति का गठन शीघ्र करने का लक्ष्य रखा गया है। विप्र परिवार के बीच जरूरत मंद के अनुसार कम्बल का भी वितरण किया गया। इस मौके पर विजय चौबे,विकास पाण्डेय, नीरज तिवारी, सुमन भारतीय,धनंजय चौबे ,अजीत पांडेय, संजीव तिवारी, ऋषिकेश तिवारी, कृष्णदेव तिवारी, दयानंद चौबे, उदय कुमार, द्वारीका नाथ पांडेय, रामचंद्र पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

## समाजसेवी बंशी यादव की पुण्यतिथि मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** सांच बराबर तप नहीं झुठ बराबर पाप नहीं इन बेहतरीन लफ्जों को अंतिम सांस निभानेवाले परोरिया निवासी बंशी यादव की चौथी पुण्यतिथि शनिवार को सादगीपुर्ण मनायी गयी।इस दौरान स्व.बंशी यादव के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की गयी।जब देश में सत्य और अहिंसा की पुजारी पूज्य गांधी जी के द्वारा अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन का नारा दिया गया था इसी साल अर्थात 1942 में बंसी यादव का जन्म हुआ था।गुलामी में होश संभालने वाले स्वर्गीय बंशी यादव बचपन से ही निडर, मेहनती और पढ़ाई में मेधावी थे। बताया जाता है कि एक बार जो ठान लेते थे बंसी यादव उसे हर हाल में पूरा करके ही छोड़ देते थे।राजतंत्र इनके जन्म काल के कुछ साल तक ही रहे अर्थात 15 अगस्त 1947 तक लेकिन बंसी यादव इन चंद वर्षों में ही राजतंत्र की पूरी परिभाषा को समझ चुके थे।स्व.बंशी यादव अपने गांव में इकलौता पहले व्यक्ति थे जो सन 1958 में मैट्रिक की परीक्षा पास कर अपने गांव का नाम रौशन किया था। राजतंत्र के बाद प्रजातंत्र परिभाषा को काफी करीब से देखने और तमाम झंझावातों को झेलनेवाले स्वर्गीय बंशी यादव किसी भी बईमान व्यक्ति के सामने आखरी सांस तक झुकने का काम नहीं किया।जानकार बताते हैं कि स्व.बंशी यादव मैट्रिक पास करने के बाद पश्चिम बंगाल की राजधानी जो कभी भारत की राजधानी हुआ करता था कोलकाता चले गए और रेलवे की तरह चलने वाले ट्राम में अपनी काबिलियत के दम पर सरकारी नौकरी सेवा से जुड गए।नौकरी में रहते हुए और नौकरी से सेवानिवृत्ति के बाद इन्होंने पढ़ाई पर जोर देते रहे। शिक्षा को यह इतना महत्व देते थे कि एक बार जब एक सरकारी शिक्षक यहां आए तो इन्होंने अपने घर में रखा और गांव के गरीब बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जिसका जीता जागता आज उदाहरण यह है कि परोरिया गांव शिक्षा के दृष्टिकोण से आज के समय में बेहतर स्थिति में है।प्रभात मंत्र से विशेष बातचीत करते हुए बंसी यादव के बड़े पुत्र समाजसेवी और मयूरहंड प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव ने बताया कि एक जमाना था जब यहां धान की बाण खोसनी यानि धान की बिचडे की पहली रोपाई की परंपरा एक खास वर्ग के द्वारा शुरू किया जाता था जिसका पुरजोर विरोध करते हुए स्वर्गीय बंसी यादव ने लोगों में जागरूकता फैला कर इस प्रथा को हमेशा हमेशा के लिए खत्म कर दिया गया। गौरतलब हो कि स्वर्गीय बंसी यादव अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।पुण्यतिथि कार्यक्रम में मुख्यरूप से राजद नेता इंद्रदेव ठाकुर,देश की सेवा कर चुके पूर्व सैनिक आदित्य यादव 20 सूत्री प्रखंड कमेटी सदस्य जमील अख्तर समेत परिवार के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## बलबल दस दिवसीय पशु मेला का हुआ उद्घाटन, मुख्य अतिथि रहे श्रम नियोजन मंत्री व विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बलबल बागेश्वरी मंदिर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन 14 जनवरी को नारियल तोड़ फीताकाट एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे। तथा जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी जिला 20सूत्री अध्यक्ष प्रभु यादव पत्थलगड़ा प्रखंड प्रमुख मनीषा देवी गिद्धौर प्रखंड प्रमुख अनिता यादव जिला परिषद सदस्या अनीता देवी मुखिया जगदीश यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंत्री के साथ सभी लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना कर मेला का भ्रमण किया।जहां मेला समितियों के द्वारा की गई व्यवस्था से संतुष्ट हो बलबल मेला में भी इटखोरी महोत्सव के जैसा बलबल में भी महोत्सव करवाने की बात मंत्री ने कही। तथा पर्यटन स्थल बनाने को लेकर भी इशारे इशारे में बात कही है। मेला के शुरुआती दिन में मवेशियों की ज्यादा बिक्री नहीं हुई है। एवं गाय बिक रहे क्षेत्र में सन्नाटा दिखा। वही मेला में मनोरंजन का साधन कई प्रकार के आए हुए हैंजिसमें मौत का कुआं, बड़ा हिंडोला, छोटा हिंडोला, बूगी बूगी डांस, आर्केस्ट्रा, तारा मची जैसे अनेकों मनोरंजन के साधन मेला में लगाए गए हैं। और सभी जगह सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है।ताकि हुरदंगों पर नजर रखा जाए। मेला में तरह-तरह की मिठाइयां भी बिक रही है एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भी भीड़ देखी गई। हालांकि 14 जनवरी को बहुत कम लोगों ने चुड़ा तिलकुट दही खाए जिसका जायजा लेने से लोगों ने बतलाया कि मकर संक्रांति तिथि के अनुसार 15 जनवरी को है।इसलिए चूड़ा तिलकुट दही सोमवार को ग्रहण किया जाएगा। मौके पर उपस्थित मेला समिति के साथ रामदेव भोक्ता बालेश्वर यादव सुरेश यादव प्रेमचंद यादव के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नव मतदाता युवा सम्मेलन 25 जनवरी को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को लेकर चतरा जिला प्रभारी अधिराज नारायण सिंह जी का आगमन हुआ। चतरा विधानसभा और सिमरिया विधानसभा में होने वाली युवा सम्मेलन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन संबोधित करेंगे। और साथ ही 21 विधानसभा से डायरेक्ट ऑनलाइन वार्तालाप करेंगे। जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी ने सभी युवाओं और नव मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या मे पहुंचने का अपील किया।चतरा विधानसभा मे भाजपा जिला कार्यलय और सिमरिया विधानसभा मे डाकबंगला मे कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला मंत्री जितेंद्र पांडे, जिला कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, राजकुमार वर्मा, राजा मालाकर सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## वृक्षो में रक्षा सूत्र बांध पर्यावरण को संरक्षित करने का लिया संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के बेलगड्डा इचाक कला गांव में मंगलवार को समारोह आयोजित कर धूमधाम से फल्गु नदी उद्गम स्थल महोत्सव मनाया गया।महोत्सव का उद्घाटन विधायक किशुन दास उद्गम स्थल पर पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम में जिप सदस्य देवनन्दन साहू, मुखिया नरेश साहू, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित साहू कार्यक्रम के दौरान फल्गु उद्गम स्थल की पूजा अर्चना की तथा महा आरती उतारी गई। इस दौरान उद्गम स्थल पर स्थित वृक्षो में रक्षा सूत्र बांधा गया साथ हीं इसे सुरक्षित व संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। उद्गम स्थल के समीप मकर संक्रांति का त्योहार भी मनाया गया जहां महिलाओं और बच्चों ने दही-चूड़ा तिलकुट और खिचड़ी का जमकर लुत्फ उठाया। महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें जंगल नदी पहाड़ पशु पक्षी की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला गया और उसके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विधायक और जिप सदस्य ने पर्यावरण को जीव जगत के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण शुद्ध है तो हम हैं अन्यथा हमारा अस्तित्व नहीं रहेगा।उन्होंने प्रकृति प्रदत्त सभी वस्तुओं से प्रेम करने की सीख दी साथ ही कहा कि फल्गु उद्गम स्थल को राज्य सरकार से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की जाएगी। कार्यक्रम संचालन पूर्व उपप्रमुख बलदेव ठाकुर ने किया।इस अवसर भाजपा नेता नरेश सिंह, प्रवीण चंद्र पाठक, दयानिधि सिंह, अध्यक्ष विशेष कुमार यादव, उपाध्यक्ष राजू प्रजापति, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव संजय यादव, भरत कुमार प्रजापति, सुग्रीव ठाकुर,राजू ठाकुर, दिनेश कुमार यादव, मनोज साहू, राजू कुमार, शशिकांत कुमार ठाकुर, रामू पांडेय, मुकेश यादव, अखिलेश कुमार साहू, रामकुमार साहू, दिलीप यादव, सुनील साहू, पप्पू कुमार राणा,सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

# लातेहार की खबरें

## श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति कि एक बैठक प्राचीन शिव मंदिर परिसर, बाजारटांड़ में आयोजित की गयी। अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि पांच सौ साल के संघर्ष के बाद आज यह दिन आया है। आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा. इसे हमें ऐतिहासिक बनाना है. प्रेचमंद पांडेय व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी का रथ लातेहार के उच्च विद्यालय में भी आया था. उस दिन लातेहार में एक अलग ही उमंग था।मुकेश कुमार पांडेय व राजीव रंजन पांडेय ने भी 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताया और इस मौके पर लातेहार में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। विहिप के जिला मंत्री संजय तिवारी ने कहा कि यह अविस्मरणीय क्षण है और हम सब इसके गवाह बनने जा रहे हैं। अध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि बैठक में आगामी 22 जनवरी को अपराह्न एक बजे से बाजारटांड़ से एक शोभा यात्रा निकाली जायेगी. शोभा यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर तक जायेगी और इसके बाद पुन. बाजारटांड़ पहुंचेगी,यहां लौटने के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने इस शोभा यात्रा में भाग लेने की अपील की।बैठक में त्रिभुवन पांडेय, सुदामा प्रसाद गुप्ता, श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के सचिव आशीष टैगोर,राजेश कुमार अग्रवाल, राजन तिवारी, श्याम अग्रवाल, मनीष पाठक, अनिल कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ शाहदेव,दीपक विश्वकर्मा, संतोष अग्रवाल, भोला दास, संजय अग्रवाल, रमेश कुमार गुप्ता, नारायण प्रसाद, वीरेंद्र पाठक,रवि वर्मा, दिनेश कुमार सोनी, विपिन प्रसाद, गौरव महलका, विशाल विश्वकर्मा, कौशल किशोर राज, रविंद्र प्रजापति, पिंटू कुमार विशाल भास्कर आदि मौजूद थे।

## साल्वे ग्राम में गाजे बाजे के साथ निकला शोभा यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम साल्वे के सभी टोला, गिधवाबर, गजुआ, जुठाटाड, अलखडिहा व गुरु साल्वे में, गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकालकर घर-घर अक्षत व चित्र निमंत्रण पत्र पहुँचाने का कार्य किया। इस पावन कार्य का शुभारंभ समाजसेवी नंदु उरांव ने समाज सेवी मुकेश गंझु के घर अक्षत, चित्र व निमंत्रण पत्र देकर किया जिसे मुकेश गंझु के धर्म पत्नी सधनी देवी ने स्वीकार किया गया गया। इस कार्यक्रम के संबन्ध मे विनोद मिश्रा, संजय मिश्रा, नंदु उरांव व मुकेश गंझु सहित शोभा यात्रा मे सम्मिलित गणमान्य लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान रामलीला की नवनिर्मित मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा. जिसको लेकर 15 जनवरी तक घर-घर अक्षत निमंत्रण दिया जाना था। इसी क्रम में आज 14 जनवरी के शुभ दिवस के अवसर पर हमारे गाँव के सभी बडें बुजुर्ग बुद्धिजीवीयो के सहमति पर बाजे गाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकालकर राम भक्तों ने? गांव के घर-घर पहुँचकर जयकारे के साथ निमंत्रण दिया .साथ ही बताया कि अयोध्या से अक्षत व फुल के माध्यम से जन-जन तक आमंत्रण के लिए भेजा गया है उक्त कार्य के लिए जोरों पर निमंत्रण दिया जा रहा है . प्राण प्रतिष्ठा के दिन सत्संग हवन के साथ रात्रि में दीपावली मनाया जाएगा. मौके पर शंकर सिंह, ,मनोज सिंह, राहुल सिह , रामकुमार राणा, सिवनारायण राणा, आनंद सिंह, फनिक ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, बिन्देश्वर ठाकुर, तेजु गंझु, फोजदार गंझु, झुमन गंझु, सधनी देवी,उर्मिला देवी, शान्ति देवी, कौशल्या देवी सहित भारी संख्या मे राम भक्त महिला पुरूष, युवक, युवती, ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समाजसेवी स्व पंडित जी की 34वीं पुण्यतिथि में शामिल हुए रामचंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** समाजसेवी स्व पंडित विद्यार्थी तिवारी जी की 34 वीं पुण्यतिथि बाजकुम में मनाई गई ,मौके पर स्व तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जेष्ठपुत्र प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने किया दो मिनट का मौन धारण कर स्व तिवारी के आत्मा की शांति की कामना किया, वहीं मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए स्व तिवारी को कुशल ब्यक्तित्व के धनी व्यक्ति बताते हुए कहा कि वे निष्पक्ष निडर ब्यक्तित्व वाले गरीबों के सहयोगी थे।मौके पर समाजसेवी ललित पांडे ,मदन प्रसाद, लातेहार उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद व भाजपा जिला मंत्री मनोज कुमार ने स्व तिवारी के असामयिक मृत्यु को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।इस 34 वें पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि कामेश्वर यादव, लातेहार जिला कांग्रेस के अमित उरांव, सुरेन्द पासवान, सुरेन्द्र भारती, लातेहार जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रब्बानी हुसैन, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, दरोगी यादव, रवींद्र प्रसाद, विश्वनाथ पासवान, नन्दकिशोर यादव, अमित उरांव, रवींद्र प्रसाद, सुनील प्रसाद, अख्तर अली, वाजिद अंसारी, तस्लीम अंसारी व फूलचंद यादव आदी मौजूद रहे व श्रद्धा के पुष्प अर्पित किया।

## अयोध्या से आए अक्षत व आमंत्रण पत्र का किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत के सभी ग्रामों में अयोध्या में नवनिर्मित रामलाल की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र के साथ मंदिर का चित्र को घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र दिया गया। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अपील किया गया। साथ ही आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के भव्य उद्घाटन में जाने का आग्रह भी किया जा रहा है। वहीं भगवान श्री राम की तस्वीर और अयोध्या से आए अक्षत को प्राप्त कर श्रद्धालु बड़े पुलकित हो रहे हैं और शीश झुकाकर प्रणाम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पारस प्रसाद, निरंजन प्रसाद, सतनारायण शुक्ला, दिलीप प्रसाद, पवन प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, नितेश कुमार, वरुण प्रसाद सत्यम कुमार ने योगदान दिया।

## भाजपाइयों नें तिलकुट गुड़ चूड़ा का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** रविवार को बरवाडीह भाजपा मंडल के सम्मानित अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं के सहयोग से मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर तिलकुट गुड़ चूड़ा का वितरण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम का आयोजन पिछले 2015 से ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जाता रहा है।वहीं पर्यटन स्थल पर पहुंचे भाजपाइयों ने पर्यटकों के बीच गुड़ चूड़ा वितरण किया। बता दें कि प्रखंड अंतर्गत पंचायत मोरवाईकला के ततहा जो पर्यटन के रूप में जाना जाता है और प्रत्येक वर्ष मेला का आयोजन किया जाता है। जहां पर्यटकों को आकर्षित करने वाले झरने का गर्म पानी लुभाता है। वहीं मकर संक्रांति के अवसर पर काफी भीड़ उमड़ पड़ती है जिसके सुरक्षा की दृष्टि से प्रखंड प्रशासन मुस्तैद रहते हैं। मौके पर पहुंचे बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करते पर्यटन स्थल का लुत्फ उठाया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, महामंत्री मनोज प्रसाद,दिलीप यदुवंशी, विवेक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उपेन्द्र प्रसाद, श्रवण सिंह हेमंत कश्यप, नन्देव सिंह, जितेन्द्र शाह, राजेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर रामजन्म भूमि अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को छिपादोहर नगर अंतर्गत खैराही टोला हंसराज टोला ललमटिया टोला आदर्श नगर केड़ कुचिला पंचायत के लाहीबार टोला सनन टोला बरवागढ़ा टोला कर्माटांड़ टोला नटवाबार टोला समेत अन्य टोले में वन विभाग एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व में वितरण किया गया,साथ ही आगामी 22 जनवरी 2024 को छिपादोहर शिव मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया है । मौके पर विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता नगर संयोजक पवन गुप्ता विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## 4 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बालूमाथ थाना पुलिस ने चार किलो अफीम के दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया की शनिवार की देर रात बालूमाथ-खलारी मार्ग स्थित झारखंड ढाबा के समीप तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी धीरज कुमार के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था । इसी दौरान एक लाल रंग की ब्रेजा कार जेएच02बीसी3986 को आते देखकर जांच हेतु उक्त वाहन को रोका गया । जिसमे ब्रेजा कार के डिक्की में दो अलग-अलग प्लास्टिक में 4 किलो गीला अफीम छुपा कर रखा हुआ था।जिसके बाद मौके पर से ब्रेजा कार के चालक शेख सद्दाम अली पिता शेख इमाम अली ग्राम हाजीचौक अल कमर कॉलोनी थाना रातू जिला रांची निवासी और मो सनाउल्लाह पिता मो इसहाक ग्राम मुरेनवा,राजगुरुवा थाना वशिष्ठ नगर जिला चतरा निवासी को गिरफ्तार किया गया। और कार को जप्त करते हुए बालूमाथ थाना लाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय परिवार ने खंडोली में मनाया वन भोज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग की समिति सह आचार्य परिवार ने खंडोली, गिरिडीह में वन भोज का आनंद लियाद्य गौरतलब है कि इस वन भोज एवं पर्यटन कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय ,कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार सपरिवार एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन तथा आचार्यगण सामूहिक भोज में शामिल हुएद्य सामूहिक भोज के कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य बंधु -भगिनी एवं समस्त कर्मचारी गण भी मौजूद थें।

### समाजसेवी मो. कयूम के पिता का निधन, शोक की लहर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही विधान सभा के अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कयूम अंसारी के पिता हाजी नूर मोहम्मद का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया।

इनके निधन की खबर सुनते ही पूरे बरही विधानसभा में शोक की लहर फैल गई। बताया जाता है पिछले कुछ दिनों से उनके पिता बीमार चल रहे थे। जानकारी मिलने पर कई समाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उनके आवास गरजामु पहुंचे और उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं मृत आत्मा का सुपुर्दे खाक के गरजामु स्थित कब्रिस्तान में किया गया।

अंतिम संस्कार में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि मो तौकीर रजा, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, डोमन पांडेय, एनसीपी नेता महेश ठाकुर, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, मो. असलम, मनोज मंडल, पंसस प्रतिनिधि बिनोद यादव, बंधन यादव, किशोर यादव सहित अन्य ग्रामीण व उनके परिजन मौजूद थे।

### बरकट्ठा में चूड़ा दही कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने आवास बरकट्ठा में चूड़ा दही गुड़ तिलकुट कार्यक्रम का आयोजन हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया । टाटीझरिया प्रखंड के खैरा , झरपो , भराजो पंचायत अंतर्गत कई गांवों के कार्यकर्ता संग समर्थक चूड़ा दही मिलन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यकर्ता संग समर्थकों ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को पुष्प गुच्छ बुके देकर भेंट किया और मकर संक्रांति पर्व सह अंग्रेजी के नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दिया ।

वही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र विधायक अमित कुमार यादव ने भी बरकट्ठा स्थित आश्रम आवास में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति सह अंग्रेजी के नव वर्ष अवसर पर मिलन समारोह 14 जनवरी 2024 को चूड़ा दही कार्यक्रम के साथ आयोजित किया। जहां हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल होकर विधायक अमित कुमार यादव और पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को पुष्प गुच्छ बुके देकर मकर संक्रांति पर्व नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया । आदिवासी समुदाय के महिला पुरुषो ने अपने संथाली भाषा में लोकगीत गाकर विधायक अमित कुमार यादव के कार्यक्रम में मांदर के थाप पर शोभा बढ़ाया और मौजूद विधायक अमित संग उपस्थित लोगों को भी अपने साथ में झुमाकर शोभा बढ़ाया। बाद में चूड़ा दही गुड़ तिलकुट का लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल , इब्राहिम अंसारी,जितेंद्र पासवान, समाज सेवी अरविंद केशरी, खैरा मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, धानेश्वर पासवान, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,अजय कुमार ,बद्री भुइंया,मुकेश कुमार,संतोष कुमार, सचिन पांडेय, गौरी शंकर प्रसाद,राजेश कुमार , अजीत कुमार,रोहित कुमार खैरा पसंस विनय कुमार दास,पप्पू रविदास, सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद कुशवाहा, शशि ठाकुर,राजेश ठाकुर,लक्ष्मीकांत सोनी,अशोक कुमार,संजय पांडेय, डब्लू अंसारी,सरजू राम, समेत अन्य हजारों की संख्या में विधायक एवं पूर्व विधायक के चूड़ा दही कार्यक्रम में शामिल थे।

### अडरा में बांटे गए अयोध्या से आए पूजित अक्षत

**कटकमदाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम अडरा में रविवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप सनातनी धर्मावलंबियों के घरों में वितरण किया गया। अडरा शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद अक्षत वितरण का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव ने किया। जय श्रीराम के नारे लगाते हुए राम भक्तों ने घर-घर जाकर लोगों को अक्षत देते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में नव निर्माण श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्रामीणों को अपने-अपने घरों में दीप जलाकर उत्सव मनाने को अपील की। उन्होंने बताया कि उस दिन गांव के मंदिरों को सजा कर विशेष पूजा-पाठ की जाएगी। अक्षत वितरण कार्यक्रम में गांव के किशोरी व युवा बढ़ाकर भाग लिया।

## 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर करियातपुर में हुई बैठक, मनाया जाएगा दीपोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर शुक्रवार रात्रि हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वा दीपोत्सव को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता चंदन केशरी एवं संचालन कैलाश केशरी के द्वारा किया ने किया,वहीं पूर्व से निर्धारित करियातपुर के सभी मंदिरों को लाइट से सजाया जाएगा और 22 जनवरी को मंदिरों में भजन कीर्तन, पूजा पाठ करने एवं अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने के लिए टीवी और साउंड लगाया जाएगा। जिसके लिए करियातपुर के चार मंदिर को केंद्र बनाया गया, जिसमे संकट मोचन मंदिर , लक्ष्मी मंदिर , भगवती मंदिर वा सितला मंदिर शामिल है,जहां अयोध्या का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा।वहीं प्रसाद वितरण फूल सजावट वा देख रेख की कमिटी बनाई गई, मौके पर संतोष प्रजापति, चंदन केशरी ,प्रकाश केशरी,प्रमोद केशरी, मुन्ना सोनी,धर्मेंद्र प्रजापति, कमलेश कुशवाहा,संतोष केशरी, संजीत केसरी, अंबिका केशरी,शशि सोनी, संकर केशरी, उमेश केशरी,संदीप केशरी,सकलदेव शर्मा,चंदन शर्मा, सहित अन्य रामभक्त मौजूद थे।

## बरही के अर्पित साहू का यूपीएससी में चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना निवासी ढालो साहू के पुत्र अर्पित कुमार का चयन यूपीएससी में हुवा। इन्होंने रसोइया धमना पंचायत समेत बरही व पूरे जिला का मान बढ़ाया है। सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू ने बताया की मेरे चचेरे भाई अर्पित साहू यूपीएससी द्वारा आयोजित केंद्रीय भू-वैज्ञानिक सेवा में पूरे भारत में 21 वा स्थान प्राप्त किया। आज पूरा परिवार खुश है, इनके बड़े भाई भी सीनियर सॉफ्टवेयर इंजिनियर है। बता दे की अर्पित साहू अपने घर रसोईया धमना में रह कर दिनरात मेहनत कर खुद से तैयारी कर यह मुकाम हासिल किए है, इन्होंने बताया की किसी भी कार्य को आत्मविश्वास के साथ दृढ़ संकल्पित होकर करने से सफलता अवश्य मिलती है। इधर अर्पित साहू के यूपीएससी में चयन होने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, अनुमंडलीय साहू समाज अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला मंत्री सुनील साहू, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया गोविंद साहू, पंसस मो. तैयब, मो. तौकीर रजा, मो. तस्लीम अंसारी, कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, युवा नेता मनोहर यादव, प्रो. बद्री साहू, प्रो. हिरामन साहू, धीरेंद्र गुप्ता आदि ने बधाई दिया।

## दिगवार व ईरगा चंडी स्थान में हुआ भव्य मेले का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दारू प्रखंड अंतर्गत दिगवार पंचायत और ईरगा पंचायत के चंडी स्थान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी को भव्य मेले का आयोजन किया गया द्य दिगवार चंडी स्थान में मेले का आयोजन लगभग दो दशकों से लगातार धूमधाम से किया जा रहा है द्य यहां पर लोगो की माता पर आस्था और विश्वास बहुत है द्ययह पावन स्थल दारू प्रखंड अंतर्गत दिगवार पंचायत के घने जंगलों में स्थित है जो दारू झूमरा और चुरचू प्रखंड के मुख्य मार्ग काला रोड के किनारे अवस्थित है । ईरगा चंडी स्थान में मेले का आयोजन विगत दो वर्षों से हो रहा है द्य पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष काफी मात्रा में भक्त उपस्थित हुए, यहां चर्चित समाजसेवी सह कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने उपस्थित होकर चंडी मां का दर्शन किया।

## पांच दिवसीय बाना दाग पहाड़ी मेला का हुआ श्रीगणेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के बाना दाग मे गौरी शंकर धाम ट्रस्ट शिव पहाड़ी मंदिर के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला 5 दिनों तक चलेगा।मेले का उद्घाटन रविवार को शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन से पूर्व हर्ष अजमेरा ने गौरी शंकर धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र



वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की।तत्पश्चात गौरीशंकर धाम मंदिर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष अजमेरा का जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के द्वारा मेले को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मेले में खानपान,बच्चों के झूले सहित अन्य आकर्षण उपलब्ध है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि बाना दाग का इतिहास सनातनी धर्म के लिए जाना जाता है।मौके पर संदीप कुमार अध्यक्ष, अजय कुमार राम मेला संचालक, धूकन महतो महामंत्री, तुलसी महतो मंत्री, उपेंद्र महतो उपाध्यक्ष जगदीप सिंह, अनिल कुमार महतो संरक्षक, रामावतार राम सचिव, सोहर प्रसाद उप सचिव, चमन महतो संरक्षक, सुरेश रजक कोषाध्यक्ष, पिंटू कुमार उमेश प्रसाद, सूरज कुमार मीडिया प्रभारी,रोहित कुमार श्रवण कुमार मुकेश प्रसाद, पप्पू कुमार शिवम कुमार विशाल कुमार मुंशी प्रसाद सहित कई अन्य मौजूद थे।

## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत वितरण को लेकर निकाला गया शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के खैरा गांव में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या हेतु पूजित अक्षत वितरण सह आमंत्रण कलश यात्रा खैरा गांव के राम भक्तो के नेतृत्व मे आयोध्या से आया पूजित अक्षत रविवार 14 जनवरी को गांव के गली मोहल्ले में राम भक्त श्रद्धालुओ ने गाजे बाजे के साथ जय श्री राम के जय घोष करते हुए अपने हाथो में हनुमान ध्वज लिए घर घर अक्षत पहुंचाएंगे की संकल्प लेकर भक्तो के बीच अक्षत वितरण कर आमंत्रण यात्रा के लिए जागरूक करते हुए लोगों से



राम भक्तो ने कहा की 22 जनवरी को सभी भक्त गण अपने अपने घरों में श्री राम की तस्वीर के समीप दीप प्रज्वलित करे । एवं नजदीकी राम मंदिर ,हनुमान मंदिर, देवालयों में जाकर भगवान श्री राम के नाम का श्रद्धा युक्त होकर धूप दीप प्रज्वलित कर संगीतमय कीर्तन भजन कर मर्यादा पुरुषोत्तम का गुण गान कर आशीर्वाद प्राप्त करे। अयोध्या राम जन्म भूमि में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का होना सम्पूर्ण भारत के सनातन हिन्दू धर्म के लिए कई वर्षो का स्वप्न का साकार हुआ। शोभा यात्रा के दौरान मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, समाज सेवी अरविंद केशरी, पसंस विनय कुमार दास, सुनील पांडेय , परमेश्वर प्रसाद,रेणु देवी ,रेखा देवी,मंजू देवी,रीना देवी, किरण देवी, विजय पांडेय ,संग सैकड़ें की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त गण शामिल थे।

## हजारीबाग यूथ विंग ने गौशाला कर्मचारी के संग मनाया मकर संक्रांति का त्यौहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में कार्यरत कर्मचारियों के संग हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मकर संक्रांति का महापर्व मनाया। इस पूर्व सभी लोगों ने गौ माता की सेवा कर उन्हें गुड,चोकर खिलाया। गौशाला में कार्य कर रहे 45 कर्मचारियों के बीच चूड़ा,गुड,तिलकुट सहित अन्य



सामान का वितरण किया गया ।

मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि गौशाला में इनकी सेवा एक अतुलनीय है जिस तरह गौ माता यह लोग सेवा करते है हमें भी इनकी उतनी ही ध्यान रखनी चाहिए इसी को देखते हुए आज गौशाला परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मकर संक्रांति पर चूड़ा,गुड, तिलकुट एवं अन्य सामान का वितरण किया साथ ही साथ सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी कहा कि मीठी बोली मीठी जुबान मकरसंक्रांति का है ये ही पैगाम। उन्होंने सभी कर्मचारी बंधुओं को बताया गया की मकर संक्रांति एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है यह भारत में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है तथा यह हर साल 14 एवं 15 जनवरी को मनाया जाता है।

## 11 हजार के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गणेश ठाकुर की हुई मौत, अक्रोशित ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे सड़क किया जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में इंडियन पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक लाइन होटल के बगल में 11 हजार तार के चपेट में आने से 38 वर्षीय पंचमाधव गांव निवासी गणेश ठाकुर पिता सहदेव ठाकुर की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह करीब 10-30 बजे घटी। मृतक गणेश ठाकुर पेशाब करने के लिए होटल के बगल में गया था, इस दौरान उसके ऊपर 11 हजार की हाईटेंशन तार टूट कर गिर गया और उसके चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई।

वही होटल में बैठे 3 से 4 लोग बाल बाल बच गए। बिजली विभाग के लापरवाही को देखते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों ओर से सड़क को जाम कर दिया, और सड़क पर ही बैठ गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व



विधायक मनोज कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अर्जुन साहू, प्रमुख मनोज रजक, जेबीकेएसएस के नेता संजय मेहता, राजद के पूनम यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, थाना प्रभारी रोहित सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, छठू गोप, रघुनंदन गोप, मनोहर यादव, तौकीर रजा, बीरेंद्र यादव आदि घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व बरही प्रशासन से उचित मुआवजा, पीड़ित परिवार के घर से एक व्यक्ति को बिजली विभाग में नौकरी व लचर बिजली व्यवस्था को सुधार करने की मांग करने लगे और करीब 3 घंटे तक सड़क को जाम रखा। उचित मुवावजा और पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति के नौकरी मिलने के आश्वाशन के बाद जाम हटाया गया। वही बरही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के करना यह घटना घटी है। उचित मुआवजा से लेकर एक व्यक्ति को नौकरी दिलाने काम में करूंगा। वही कहा की 2 क्विंटल चावल व 50 केजी गेहूं जल्द मृतक के घर भेजवाएंगे। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने इस घटना का जिम्मेवार बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को बतलाया। कहा कई ग्रामीणों की जान जा रही है, सिर्फ विभाग पैसा वसूली पर ध्यान दे रहा है और जर्जर तारों को बदलने का काम नहीं किया जा रहा है। यदि ग्रामीण शिकायत भी करते हैं तो कोई सुनने वाला नहीं है, यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो हम लोग जल्द आंदोलन करेंगे। बता दे की मृतक गणेश ठाकुर घर का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था, वे होटल के बगल में एक सैलून दुकान खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिसमें दो बेटियां वह एक लड़का है। मृतक गणेश ठाकुर एक पैर से विकलांग भी था, और पूरा परिवार का भरण पोषण कर रहा था, उनके निधन से पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया, इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## कटकमदाग पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** हजारीबाग-सिमरिया मार्ग पर कटकमदाग थाना समीप पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कटकमदाग थाना के एएसआई अरविंद पासवान के नेतृत्व में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान वाहनों के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की गई। दो पहिया वाहनों पर ट्रीपल लोड व बिना हेलमेट पहने चालकों को हिदायत देते हुए छोड़ा गया। अभियान के दौरान पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामग्री हाथ नहीं लगी। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाए जाने को लेकर बिना हेलमेट के बाइक चालकों ने अन्य मार्गों से अपने गंतव्य की ओर रवाना होते देखे गए। हजारीबाग से सिमरिया की ओर जाने वाले चालक बानादाग से ही गोंदा डैम होते हुए नावाडीह से पकरार होकर सुल्ताना मुख्य मार्ग पर निकलकर अपने मंजिल की ओररवाना हुए। जबकि सिमरिया की ओर से आने वाले चालक मेयातु से ही बाइपास होकर पकरार होते हुए हजारीबाग शहर पहुंचे।

## नशा मुक्ति को लेकर हिरामन महतो ने महतोईया में की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जरिया महतोईया के नवयुवकों के साथ समाजसेवी हीरामन महतो की उपस्थिति में नशा मुक्ति को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में युवाओ के साथ समाज के बुद्धिजीवी लोग भी सम्मिलित हुए।बैठक में हीरामन महतो ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में बहुत ऊर्जा होती है,परन्तु आज की युवा पीढ़ी नशे के मकड़जाल में फंस कर अपनी ऊर्जा एवं अपना भविष्य दोनो बर्बाद कर रही है।हमसभी को मिलकर अपने गाँव को एक आदर्श ग्राम के रूप में निर्माण करना है,ताकि नौजवान का नाता किताबो से हो अच्छी संगत में उसकी ऊर्जा और निखरे,आगे चलकर यही युवा हमारे गाँव के साथ विष्णुगढ़ प्रखंड के नाम रौशन करें।

अपने गांव के नौजवानों को नशा से दूर रहने और किताबो से नाता जोड़ने की बात कहते हुए



पुनः उन्होंने कहा की नशा से केवल एक बच्चा बर्बाद नहीं होता है, बल्कि पूरा परिवार और समाज भी खराब होता है ।इसलिए बच्चों को नशा से दूर रहना चाहिए।

बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए वादा किया कि आर्थिक तौर पर कमजोर बच्चो की पढ़ाई में मेरे रहने तक तो बाधा नही आने दूँगा।इस मौके पर बाल गोविंद सर ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के धरोहरों की रक्षा के साथ-साथ अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाए रखना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से ईश्वर कुमार,मुकेश कुमार,लोचन महतो,रेखा देवी,बेबी देवी,जयंती मैडम,निरंजन पटेल,ललित कुमार समेत दर्जनों की संख्या में अन्य लोग शामिल थे।

## मांडू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी सोहराय उत्सव में हुई शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार पंचायत के टोला तिलैया में शनिवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आदिवासी सोहराय मिलन समारोह पर्व पारंपरिक रूप से संपन्न हुआ। आदिवासी सोहराय पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ढोल और नगाड़े के थाप के साथ संथाल समुदाय के सभी सदस्य थिरकते दिखे। साथ ही सभी महिलाएं एवम पुरुष एक साथ समूह में आदिवासी



नृत्य पर जम कर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समुदाय के लोगों ने कहा कि सोहराय पर्व के माध्यम से लोग एकता एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। यह ऐसा त्यौहार है, जिसमें भाईचारा, एकता और सामूहिक खान पान का अवसर मिलता है। यह पर्व आदिवासी परिवार व प्रकृति से जुड़ा है। सोहराय पर हमारी सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर मांडू विधानसभा विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी शामिल हुई। उन्होंने सोहराय पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आयोजित कार्यक्रम में बढ़ती ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया मंजू देवी, पंचायत समिति सदस्य मूलिया देवी, पंचायत समिति सदस्य गंगिया देवी, खरकी पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन, पूर्व मुखिया डॉ0 रीतलाल महतो, छोटी शर्मा, लखन महतो, गणेश साव, समाजसेवी राम जी किस्कू, कन्हार महतो, कार्तिक तुरी, लालचंद, नेमचंद महतो, निरंजन महतो, बैजनाथ साव, टीपन साव, बुधन महतो, वार्ड सदस्य रामलाल महतो, सोना राम, वार्ड सदस्य संतोष मुर्मू, छोटे लाल किस्कू, फातू मांझी, रमेश, करमचंद किस्कू, सुनील महतो, बहराम, छोटो, नरेश, सरयू तुरी, बिरजा मुर्मू, सुनील हेंब्रम, मनोज किस्कू, शिकारी मुर्मू, फूलचंद बेसरा, ललकु तुरी, केला मुर्मू, वार्ड सदस्य धनीराम हेंब्रम, अशोक किस्कू, ईश्वर महतो, छोटेलाल हेंब्रम, टेकलाल हेंब्रम, सामलाल हेंब्रम इत्यादि भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।।

## अंजू देवी के नेतृत्व में पूजित अक्षत का घर-घर जाकर किया गया वितरण

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामलला की जन्मभूमि पावन श्री अयोध्या धाम से पूजित अक्षत का वितरण भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्षा अंजू देवी के नेतृत्व में किया गया।पूजित अक्षत का वितरण कार्य का श्री दुर्गा मन्दिर रमुआ से आरम्भ की गई,और सातमिल से लेकर आठमिल कॉलेज तक एन एच-522 के दोनों किनारे रह रहे रामभक्तो के बीच पूजित अक्षत को हाथो में देकर श्री अयोध्याधाम में नवनिर्मित श्रीराम मन्दिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया। इसके सातमिल लौटकर विष्णुगढ़ बगोदर मार्ग पर होटल अतिथि सत्कार तक सडक् के दोनों ओर पूजित अक्षत का वितरण करते हुए रमुआ में पूजित अक्षत का वितरण किया गया।इस दौरान महिलाएं अपने सर पर पूजित अक्षत कलश को अपने सिर पर रखकर रामधुन राम आएँगे भजन के साथ रामभक्ति का अद्भुत नजारा पेश कर रही थी। साथ हीं 22 जनवरी को स्थानीय सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की भी अपील की गई। अक्षत वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री गायत्री देवी, मीडिया प्रभारी सीमा देवी,तारा रानी,सविता देवी,डेजी सिन्हा,अंजू देवी, सरिता देवी,मुनिया देवी,बसंती देवी,शांति देवी,सुशीला देवी, धनेश्वरी देवी,पुतुल देवी,काजल कुमारी,रास्ता सारा,अंशु कुमारी, मिस्टी कुमारी समेत दर्जनों की संख्या में महिला और पुरुष शामिल रही।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड/रामगढ़
रांची, सोमवार, 15 जनवरी 2024| पेज 9

# स्वआईजे मेहरा ए डिविजन ज़िला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

## इस क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि दक्षिणी छोटानागपुर जोनल आईजी अखिलेश झा उपस्थित हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित छावनी फुटबॉल मैदान में स्व. आई. जे. मेहरा ए डिविजन ज़िला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मैच 2023-24 हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिणी छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश झा थे उनके साथ झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव पी.एन.सिंह, रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य एवं रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार शर्मा झारखंड राज्य क्रिकेट संगठन के सदस्य रंजीत कुमार सिंह,रणंजय कुमार के अलावा रामगढ़

क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक सह प्रायोजक रमन मेहरा,अध्यक्ष अशोक कुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू उपाध्यक्ष गिरधारी गोप,संयुक्त सचिव रोहित कुमार सहसचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह सदस्य परशुराम शाह महावीर अग्रवाल डॉक्टर राहुल सिंह शिवनंदन सिंह अतुल्रेश कुमार सिंह सागर मुंडा कार्यक्रम के अध्यक्षता आरसीऐ अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने किया संचालन मानद सचिव अरुण कुमार राय धन्यवाद ज्ञापन रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने किया। छावनी फुटबॉल मैदान में ए डिवीजन ज़िला लीग का रविवार को अंतिम मैच यानी फाईनल मैच यंग क्रिकेट क्लब भुरकुंडा बनाम रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, 40-40 ओवर के मैच में यंग क्रिकेट क्लब भुरकुंडा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 207/10 बनाकर ऑल आउट हो गया जवाबी पारी खेलते हुए रॉयल क्रिकेट क्लब मात्र 21.3 ओवर में सभी विकेट खो कर मात्र 84/10 विकेट के नुकसान कर ऑल ऑउट हो गया। यंग क्रिकेट क्लब भुरकुण्ड 123 रन से मैच जीत कर सत्र 2023-24 का विजेता बना वही रॉयल क्रिकेट क्लब ÷बी÷ उपविजेता वर्तमान सत्र का रहा। यंग क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज लक्ष्मण कुमार बल्लेबाजी कर 19 रन अपने टीम के लिए बनाए, उनके साथ दिया रुद्राक्ष कुमार सिंह ने 66 रन का बेहतर पारी खेला एवं धरम कुमार 39 रन बनाए, रौशन कुमार 41 रन की बेहतरीन पारी खेल कर 207 रन का लक्ष्य दिया। वही रॉयल क्रिकेट क्लब के गेंदबाज हिमांशु कुमार 8 ओवर में 50/3 विकेट व शिवम शर्मा 8 ओवर मे 30/3 विकेट लिया,रमेश महतो 4,15/2 तथा अनुज को 1 विकेट, रॉयल क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज वीरप्रीत सिंह 26 रन विशाल कुमार 13 रन ही बना पाये अपने टीम के लिये। यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज राहुल कुमार वर्मा 8 ओवर में 14 रन देखकर 2 विकेट अपने नाम किया, दिब्यम राज 8 ओवर में,23/6, विकेट ले कर रॉयल क्लब के बल्लेबाजों को वापस पवेलियन भेजने में मजबूर कर दिया अपने टीम को सत्र का विजेता बनने में मुख्य भूमिका निभाया सुभोजित 3.3 ओवर में19/2 विकेट लिया । मैच में अंपायरिंग आदित्य रजक व सुमित कुमार एवं स्कोरिंग में रवि मुंडा ने किया। मौके पर आरसीए सचिव अरुण कुमार राय, महेन्द्र राणा, कैफ आलम दिनेश कुमार साव।

## जन सेवक सह प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक चितरपुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जन वितरण प्रणाली के दुकानों का संचालन नियमानुसार सुनिश्चित कराने हेतु उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो द्वारा जिले के विभिन्न गोदामों का निरीक्षण किया गया जिनमें चितरपुर प्रखण्ड अंतर्गत झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम के निरीक्षण के क्रम में निर्धारित 5068.56 क्विंटल( चावल एवं गेहूं) के विरुद्ध केवल 720.70 क्विंटल गेहूं एवं 1243.50 क्विंटल चावल कुल 1964.20 क्विंटल खाद्यान्न ही पाया गया। जिसके उपरांत जन सेवक सह प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक चितरपुर रविंद्र कुमार महतो से स्पष्टीकरण की मांग की गई। स्पष्टीकरण का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने एवं गोदाम से संबंधित आगत, निर्गत एवं भंडार पंजी तथा गोदाम का वार्षिक सत्यापन कराए जाने संबंधित प्रतिवेदन भी जमा नहीं किए जाने के उपरांत जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चितरपुर को श्री रविंद्र कुमार महतो के विरुद्ध खाद्यान्न कालाबाजारी के आरोप में तत्काल रूप से प्राथमिक की दर्ज कराने सहित अन्य कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।

## कुंटू बाबू ने बिरहोरों को बांटे दर्जनों कंबल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्यासी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार ने रामगढ़ के हेहल स्थित बिरहोर बस्ती ने जाकर गरीबों के बीच दर्जनों कंबल का वितरण किया।इस अवसर पर उन्होंने बताया की 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती थी और उसी दिन मेरे सुपुत्र अभिषेक गौतम का भी जन्मदिन था। इसी उपलक्ष्य में आज मैंने मेरे पत्नी पूनम सक्सेना और सुपुत्र अभिषेक गौतम के साथ हेहल स्थित बिरहोर टोला जाकर बिरहीरों के बीच कंबल का वितरण किया जिससे ठंड से गरीबों को राहत मिले।इस पुनीत कार्य में उनके साथ मुखिया प्रदीप शर्मा एवं रंजित राम भी उपस्थित रहें।

## बिरहोर समूह के लोगों के लिए हुआ स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा बिरहोर समूह के लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में 12 एवं 13 जनवरी 2024 को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अंतर्गत गोविंदपुर, मुरपा, जराहिया चैनपुर, दुरुकस्मार, सुगिया, बालादोहर सहित अन्य क्षेत्रों में बिरहोर समूह के लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर संदिग्ध मरीजों का सिकल सेल एनीमिया जांच, टीबी जांच, बीपी, शुगर, मौसमी बुखार आदि की जांच की गई वहीं उन्हें विभिन्न रोगों मे चिकित्सीय परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। मौके पर जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं हो उन्हें आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने हेतु भी कार्य किया गया।

## मकर संक्रांति आपसी भाईचारगी का त्यौहार है जिसे हर्ष और उल्लास के साथ झारखंडी मनाते हैं : सांसद

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत मायल स्थित दामोदर नदी तट पर रविवार को लाखो लता मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, युवा समाजसेवी सांसद पुत्र पियूष चौधरी, समाजसेवी जगदीश महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि मेला के आयोजन से समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ता है। इस मेले को आगे ओर भव्य रूप दिया जाएगा. ताकि क्षेत्र के लोग एक दूसरे से मिल सके. इस दौरान द ग्रेट म्यूजिकल ग्रुप के मजबूल खान एवं रांची से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का 51 किलो का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया. मौके पर केदार महतो, किशोर महतो, सुखदेव महतो, प्रयाग मुर्मू, विनोद मरांडी, संतोष कुमार, बिनु महतो, अनिल महतो, दशरथ कुमार, सुराली महतो, देवकी महतो सहित कई मौजूद थे।

## अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत एवं आमन्त्रण पत्र का किया गया वितरण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को श्री राम मंदिर अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत, श्री राम लला का नव्य दिव्य भव्य मंदिर का चित्र एवं आमंत्रण पत्र गोला क्षेत्र के सभी सनातनी बन्धुओं को घर घर जाकर वितरण किया गया। इस अक्षत वितरण कार्यक्रम को लेकर सनातनी बन्धुओं ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या धाम में होनेवाला पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रत्येक सनातनी परिवार श्री रामलला के प्रति अपने आस्था को दर्शाते हुए अपने अपने घरों में दीपक अवश्य जलाएँ। इस कार्यक्रम में बजरंग दल के रामगढ़ जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार, भाजपा मंडल महामंत्री जितेन्द्र साहु, भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष विकास मणि पाठक, गौतम मिश्रा, उज्जवल चक्रवर्ती, महेन्द्र ठाकुर, सुरज साव एवं गीरीश बर्मन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दिग्वार काली मंदिर प्रांगण में बैठक हुई आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दिग्वार काली मंदिर प्रांगण में रविवार को एक बैठक हुई इस बैठक में आगामी 22 /1 /2024 को अयोध्या धाम श्री राम जन्मभूमि में भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण काली मंदिर में किया जाएगा एवं एवं मंदिर प्रांगण में पूजा पाठ एवं महिला मंडली के द्वारा शिव चर्चा एवं भजन कीर्तन के बाद भोग का वितरण किया जाएगा इसके बाद कीर्तन मंडली के द्वारा कीर्तन भजन गायन का आयोजन किया जाएगा एवं शाम में 251 दीप से से मंदिर को सजाया जाएगा एवं दीप उत्सव मनाया जाएगा साथ ही आज मोदी जी के हवन पर मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया मंदिर प्रांगण को साफ सफाई किया गया। इस इस प्रोग्राम को संचालन करने के लिए अध्यक्ष डॉक्टर रोहन लाल सचिव विनोद प्रसाद एचपी कोषाध्यक्ष बिट्टू प्रसाद संरक्षक अर्जुन महतो व्यवस्थापक मनोज गिरी संस्कृतिमंत्री नारायण यादव को बनाया गया। इस बैठक में विनोद प्रसाद महेंद्र प्रसाद रामकिशन महतो रामाधार प्रसाद बसंत महतो बंटी कुमार विशाल कुमार डॉ सुरेंद्र प्रसाद द्वारिका महतो दिनेश प्रसाद मनीष कुमार एवं अन्य नगर वासियों का उपस्थिति रही।

## विस्थापित नेता ने श्रमदान कर तीन किलोमीटर तक सड़क मरम्मत कराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के पोटंगा पंचायत अंतर्गत पारीटाड से लेकर पन्नाटाड तक विस्थापित नेता मनोज मुंडा के द्वारा रविवार को श्रमदान कर तीन किलोमीटर तक सड़क मरम्मत का कार्य किया गया। मौके पर विस्थापित नेता मनोज मुंडा ने कहा कि पंचायती चुनाव के बाद भी यहां पर सड़क मरम्मत का कार्य नहीं किया गया था। पंद्रह साल बीत जाने के बाद भी किसी जनप्रतिनिधि ने आज तक इस सड़क का रूख नहीं किया। ग्रामीणों को आने जाने में इस सड़क से काफी कठिनाई होती थी।जब किसी प्रतिनिधि ने सड़क मरम्मत नहीं कराया तब विवश होकर विस्थापित नेता मनोज मुंडा ने अपने सहयोगीयो के साथ मिलकर श्रमदान कर उक्त सड़क को चलने योग्य बनाया। श्रमदान करने वालो में धर्मदेव करमाली, प्रेमलाल,अजय कुमार, विजय कुमार, रमेश कुमार, बिदेश्वर कुमार, जगमोहन गंझू,छोटन मुंडा, बिनोद कुमार,अनुज कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार, अर्जुन कुमार, दिनेश कुमार आदि लोगों का सहयोग रहा।

## मेले में एक दूसरे से मिलने जुलने का मिलता है अवसर : सुनीता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के संग्रामपुर पंचायत स्थित सरला कलां गांव के बाघलतवा में रविवार को किसान सह टुसू मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा फीता काटकर किया गया। मकर संक्रान्ति के मौके पर प्रति वर्ष यहां मेले का आयोजन किया जाता है। यहां पर एक गुफा है जहां इस गुफे पर कभी कभी बाघ आकार रहते थे इसलिए इस जगह को बाघलतवा के नाम से जाना जाता है। मेले में टुसू का प्रदर्शनी किया गया साथ ही कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मेले में किसानों ने सब्जियों की भी प्रदर्शनी लगाया ।मेले को देखने के लिए आसपास तथा दूरदराज के लोग पंहुचते हैं तथा यहां काफी भीड़ लगती है। इस दौरान स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी ने बताई के इस तरह के मेले के आयोजन से दूरदराज के लोगों परिजनों को एक साथ मिलने का अवसर प्राप्त होता है। मौके पर मुख्य रूप से पियूष चौधरी, मुखिया सीताराम मुंडा, जीप सदस्य सरस्वती देवी, सरिता देवी, आजसू नेता सह संरक्षक प्रभात कुमार, रूपेश महथा, गोपाल बेदिया, के अलावे संध्या देवी, दीपक महथा, रविंद्र कुमार, गंगाधर महतो, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार, मनोज महतो आदि कई लोग उपस्थित थे।

## स्पंज आयरन लदा ट्रक रेलवे ट्रैक में फंसा ट्रेनों का परिचालन घंटों हुआ बाधित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** बरकाकाना मुरी रेलखंड के नावाडीह रेलवे फाटक में सुबह एक स्पंज आयरन लदा हुआ ट्रक रेलवे पटरी में फंस गया जिससे रेलवे का परिचालन तथा सड़क परिचालन घंटों बाधित हो गया। इस व्यवधान की जानकारी लाईन मैन के द्वारा स्टेशन मास्टर को दी गई जिससे दोनों तरफ से आने जानें वाले ट्रेनों को स्टेशन पर ही घंटों रोक दिया गया। इस संबंध में जानकारी के अनुसार बताया गया कि उक्त ट्रक चाईबासा से स्पंज आयरन लोड कर रामगढ़ के एक फैक्ट्री ले जा रही थी। इस दरमियान नावाडीह रेलवे फाटक को पार करने के दौरान ओवर लोड होने की वजह से ट्रक के नीचे की पत्ती टूट गई जिससे बीच पटरी पर ट्रक फँस गई। ट्रक फँसने के कारण गोला/मुरी मार्ग के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क अवरुद्ध होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अधिकारियों के द्वारा जाम को हटाने के लिए हाइड्रा क्रेन वाहन को मँगाया गया जिससे पटरी में फँसे हुए ट्रक को हटाया गया तब जाकर ट्रेनों एवं वाहनों का परिचालन शुरु हुआ। हालाँकि गोला/मुरी सड़क मार्ग काफी व्यस्त मार्ग है तथा प्रति दिन हजारों वाहनों का परिचालन होता है। इस सड़क मार्ग में बरकाकाना/मुरी रेलखंड की चार फाटक मिलती है तथा रेल मार्ग भी काफी व्यस्त हैं। एक्सप्रेस ट्रेन, सवारी गाड़ी एवं मालगाड़ी का भी परिचालन हमेशा रहता है। फाटक बन्द या अवरुद्ध रहने से लोगों को एवं विशेष तौर पर मरीजों को ले जाने वाले एम्बुलेंस की जान आफत में पड़ जाती है।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर चौथे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है। दीनानाथ सुनो अरदास राजन के राजा महाराजा के महाराजा जो लड़े दिन के हैत सुरा सोई गोविंद के गुण गाओ साधु गोविंदा के गावो आदि सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया, , एवम निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली,निशान साहेब की सेवा कुजु गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा जी कर रहे थे।आज की प्रभात फेरी वैष्णो देवी मंदिर मैन रोड होते हुए पंजाबी मोहल्ला सरदार हरमिंदर सिंह सलूजा सुपुत्र स्वर्गीय जगदीश सिंह सलूजा के गृह विखे पहुंची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बीबी गुरबख्श कौर सैनी जी द्वारा सरदार हरविंदर सिंह सलूजा की माताजी बलजीत कौर को सरोपा देकर सम्मानित किया गया।प्रभात फेरी मै गुरूद्वारा के मीत प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी, रघुबीर सिंह छाबड़ा,जोगेंद्र सिंह जग्गी राजा कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, पपिंदर सिंह खंबे,त्रिलोचन सिंह जस्सल, हरजीत सिंह,इकबाल सिंह, कमल जस्सल,जसमीत कौर सोनी, सूमी जोली, गुरबख्श सैनी,मनमोहन सिंह लांबा, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी गुरजीत सिंह, बबल छाबड़ा,सतपाल सिंह सलूजा बिट्टू लांबारामगढ़ के मशहूर शाबाद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा कवल जीत सिंह लांबा नवलजीत कौर मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कौर आदि शामिल हुए।

## समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही झारखंड सेवा समिति का है लक्ष्य : अमित सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड सेवा समिति एवं जिला नाई समिति के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को छत्तर मांडू स्थित सामुदायिक भवन में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा,मनोज मंडल, रंजन फौजी, राजेश कुमार ,जीतू अग्रवाल, अजीत जायसवाल, विनोद साहू, नंदकिशोर गुप्ता, डॉ संजय सिंह, डॉ एसके सिन्हा, प्रोफेसर राजेश प्रसाद, नाई समिति के जिलाध्यक्ष प्रो पूर्णकांत कुमार, सचिव लालचंद ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष प्रणीत कुमार ठाकुर, संरक्षक महेंद्र ठाकुर मौजूद थे। मौके पर समाज के 50 वृद्ध जरूरतमंद लोगों के बीच झारखंड सेवा समिति द्वारा कंबल का वितरण किया गया। मौके पर समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हुए झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा की समाज के वृद्ध और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए ही झारखंड सेवा समिति का गठन किया गया है। सिन्हा ने कहा की समिति ने कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखकर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया है । ताकि उन्हें ठंड से परेशानी नही हो।अमित सिन्हा ने कहा की झारखंड सेवा समिति समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है और आगे भी रहेगी। कहा की समिति जरूरतमंद लोगों की मदद के हमेशा तत्पर रहती है और समाज के जरूरतमंदों की हर प्रकार से पूरे वर्ष मदद करती रहती है। मौके पर जिला नाई समिति के सदस्य बिगेंद्र ठाकुर, अंतू ठाकुर ,नेमधारी ठाकुर, मेघु ठाकुर, बी ठाकुर, जलेश्वरी देवी, मोहन ठाकुर सुंदरी देवी, तारा देवी ,प्रमिला देवी ,उर्मिला देवी, चंद्रिका देवी सीता देवी, सीमा देवी ,महादेव ठाकुर ,भुनेश्वर ठाकुर ,अनीता देवी, वासो देवी, फुलेश्वरी देवी , नवनीत कुमार, उत्तम कुमार, सलमान कादिर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सांसद को वर्ष 2019-2024 के पांच वर्षों के सर्वक्षेष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा के सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष जयन्त सिन्हा को वर्ष 2019-2024 के पांच वर्षों के सर्वक्षेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है । वहीं 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित ऐतिहासिक उत्सव श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के करकमलों द्वारा होने को लेकर एक प्रेस वार्तृता का आयोजन रामगढ़ कैंट स्थित ला मारिटल होटल में संध्या 3 बजे जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में किया गया। प्रेस प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने जयन्त सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार दिए जाने की घोषणा को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा सम्मान माना है। उन्होंने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार के लिए जयन्त सिन्हा का चुनाव महनीय निर्णायक समिति के वरिष्ठ सदस्यगणों में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पूर्व वरिष्ठ चुनाव प्रमुख टी एस कृष्णमूर्ति व अन्य प्रमुख सदस्यों द्वारा किया गया है। वहीं जयन्त सिन्हा की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को भी 5 वर्षों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ समिति के रूप में चुना गया है। सांसद जयन्त सिन्हा के सर्वक्षेष्ठ प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित निर्णायक समिति के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने के तैयारी कर ली गई है। दिनांक 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी कार्यकर्ता द्वारा अपने नज़दीक के मन्दिर में स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं एल ए डी के माध्यम से रजरप्पा मन्दिर परिसर में सहित जिला के कई मुख्य मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का लाइव टेलीकास्ट देखने की व्यवस्था की गयी है। मौके पर प्रेस वार्ता में उपस्थित भाजपा नेता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंणजय कुमार जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी जिला महामंत्री रंजन फ़ौजी सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र प्रसाद शर्मा मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप सिंह की उपस्थिति रही।

## मकर संक्रांति टुसू महोत्सव झारखंडी परंपरा से जुड़ा त्यौहार है संजोय रखने की आवश्यकता : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ जिला के कैथा पंचायत अंतर्गत गोबरदरहा दामोदर नदी किनारे महादेवपुर स्थल पर टुसु मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि मनोज महतो देवधारी महतो शामिल हुए इस मौक पर सांसद द्वारा विधिवत रूप से सांस्कृतिक मंच का फीता काटकर उद्घाटन किया। मेला आयोजन समिति के द्वारा उपस्थित अतिथियों का भव्य रूप से स्वागत किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंडियों की प्रकृति से जुड़ा हुआ टुसु पर्व है जिसे हम मकर संक्रांति के अवसर आपसी प्रेम भाव को बढ़ावा देते हुए मिलजुल कर बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं मकर संक्रांति के अवसर पर हमारा ऐतिहासिक त्यौहार टुसू प को हमें बचाए रखने की आवश्यकता है यह हमारी धरोहर है मकर संक्रांति टुसू महोत्सव मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन मनोज झारखंडी टीम के कलाकारो द्वारा एक से बढ़कर एक और नृत्य प्रस्तुत किया गया जिससे दर्शक झूमने पर हुए मजबूर देर शाम तक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक ठुमके प्रस्तुत किया जिससे खूब दर्शन लोग झूम नाचे गाये इस मौके आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक राजेंद्र महतो,संरक्षक कैलाश महतो, विनोद कुमार, संजय महतो, विनोद महतो , निरंजन कुमार मेला समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, सचिव सुजीत कुमार, संजय करमाली, अरविंद महतो टिकेंद्र महतो भोला महतो विकास महतो, सेवालाल महतो, कोषाध्यक्ष कुंवर महतो सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, सोमवार, 15 जनवरी 2024 | पेज 10

## समाजसेवी रंजीत व सरायढेला चैंबर आफ कामर्स के सौजन्य से हुआ कंबल वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर प्रखंड मरिचो पंचायत के बेहराडीह भोलमारा डिग्री पंजनियां घनुवाडीह ताराजोरी आदि ग्रामीणों के बीच इस कड़कड़ाती ठंड से बचाव हेतु समाजसेवी रंजीत कुमार महतो के प्रयास और सरायढेला चैंबर आफ कामर्स धनबाद के सौजन्य से लगभग दो सौ कंबल एवं गर्म कपड़े का निःशुल्क वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समाजसेवी रंजीत कुमार महतो के द्वारा तमाम मरिचो के पंचायत के ग्रामीणों के तरफ़ से सरायढेला चैंबर आफ कामर्स धनबाद के जिला अध्यक्ष शिव आशिष पांडेय, सचिव आशुतोष कुमार ओझा, कोषाध्यक्ष कालीचरण प्रसाद, श्रवण सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, संजय सोनी, चंद्रभूषण प्रसाद, बिजेंद्र कुमार सिंह, बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के डीएसपी अमर कुमार पांडेय, बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह को हृदय से धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया। मौके पर उपस्थित आदिवासी समाज के मांझी हड़ाम ढोलो मांझी, सोनाराम मांझी, चुरामन महतो, मनोहर सिंह, शिवचरण महतो, परमेश्वर रजवार, विजय रजवार, राजू महतो, दशरथ मांझी, महावीर कोल, रामप्रसाद सिंह, पुरण सिंह आदि को समाजसेवी रंजीत कुमार महतो ने कंबल वितरण में सहयोग करने लिए धन्यवाद दिया।

## स्वाभिमान संस्था ने बच्चों को ठंड से बचाव के लिए किया स्वेटर व कम्बल का वितरण

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वाभिमान संस्था द्वारा रविवार को नुतनडीह मल्हार टोला मे एक समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर स्वाभिमान निशुल्क कोचिंग सेंटर के नोनिहाल बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर और कम्बल का भाटडीह ओपी प्रभारी सौरभ कुमार चौबे के द्वारा वितरण किया गया। ओपी प्रभारी ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य संस्था के द्वारा किया जा रहा है। इन बच्चों पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा था, क्योंकि यह मल्हार समुदाय के बच्चे थे, पर इन बच्चों को भी अच्छी शिक्षा अच्छे कपड़े और मकान के लिए सहयोग की जरूरत है, ताकि यह भी अपनी शिक्षा के साथ आगे बढ़कर अपने समुदाय को बेहतर और आत्मनिर्भर बन पाएंगे।महुदा थाना के एस आई चंदन कुमार सिंह ने कहा कि अभी ठंड बहुत अधिक है और ऐसे समय में स्वाभिमान संस्था के द्वारा इनके तरफ ध्यान देकर स्वेटर देना बहुत अच्छी पहल है, आभार प्रकट करते हैं संस्था अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी ने सभी को धन्यवाद दिया। मौके पर आशा कुमारी, नीतू कुमारी, पिंकी देवी,पदम देवी, नीलम देवी, नारायण मल्हार, सुभाष मल्हार, मनोज मल्हार, एवं मल्हार समुदाय के सभी महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे ।

## अब ट्रांसफार्मर बदलने गिरिडीह जाने के झमेला होगा खत्म

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ट्रांसफॉर्मर जलने पर बदलने हेतु उपभोक्ता को गिरिडीह तक कि दौड़ लगानी पड़ती थी लोगो को कई समस्याओ का सामना करना पड़ता था लेकिन अब ये झमेला जल्द समाप्त हो जायेगा जिसकी जानकारी साझा करते हुए बगोदर विधायक विनोद सिंह ने अपने फेसबुक हैंडल से जानकारी देते हुए बताया कि पहले ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद लोगों को गिरिडीह लेकर जाना पड़ता था और वहां इंतजार भी करना पड़ता था जिसे लेकर हमने विधानसभा में प्रश्न भी उठाया था और आज यहां सुखद समाचार आया है कि अब सरिया में ट्रांसफॉर्मर रिपेयर वर्कशॉप बनाया जाएगा, इसके निर्माण से बगोदर, सरिया बिरनी और धनवार के उपभोक्ताओं को सुविधा होगी।

## जेबीकेएसएस ने किया कमेटी विस्तार

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखंड के पावापुर पंचायत एवं केलाटंड पंचायत में जे बी के एस एस पार्टी की बैठक किया जिसकी अध्यक्षता बोधि गोप एवं संचालन टिंकू यादव ने किया। जे बी के एस एस नेता धर्मपाल महतो ने कहा कि 22 जनवरी श्री राम के बाद 2024 झारखंड में जयराम की बारी हैं सभी पार्टियों के लोगो ने झारखंडी भाई बहन को एडा बना कर पेड़ा खाया हैं अब नही खाने देंगे झारखंड अलग राज्य बनाने के लिए 88 साल लड़ाई लड़े हैं 88 हजार बलिदान दिए हैं जरूरत पड़ी तो 8 हजार और बलिदान देंगे पर झारखंडी युवा अब जाग चुके है अब कोई पार्टी या कोई बाहरी को पेड़ा खाने नही देंगे। आज तक किसी ने यहां की नियोजन नीति या स्थानीय नीति को परिभाषित नही कर पाया है जिसके कारण 50 प्रतिशत दूसरे राज्य के लोग नोकरिया यहां पाते हैं और यहां के लोग विदेशों में पलायन करने पे मजबूर होते हैं सभी पार्टी के लोगो ने अपने पार्टी मजबूत करने का काम किए हैं जिससे चुनाव के समय लोग मुर्गा दारू और पैसे से वोट खरीद सके। इस बार पूरे झारखंड के हर लोकसभा और विधानसभा से प्रखंड एवं पंचायत तक पहुँच कर लोगो को जगरूप करना ही मेरा धर्म है।आगे सभी पंचायतों का गठन कर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लेने का समय है।

## थाना परिसर के शान्ति समिति की बैठक में सभी लोगों ने कपिलो मुखिया मुकेश यादव को दी बधाई

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आंध्रप्रदेश के तिरुपति में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला में भाग लेने लिए चयन होने के पश्चात जहां राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कपिलो मुखिया मुकेश यादव को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, वहीं रविवार को शान्ति समिति में उपस्थित सभी लोगों ने ताली बजाकर मुखिया मुकेश यादव का अभिनंदन व स्वागत किया। इस बीच बिरनी थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी ने कहा कि कपिलो मुखिया अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रेरणास्रोत हैं इनका चयन होना समस्त बिरनी प्रखंड वासियों के लिए गर्व की बात है। इस पर कपिलो मुखिया ने तिरुपति में आयोजित स्वस्थ्य गांव के कार्यशाला में चयन होने पर सराहना व अभिनंदन करने पर शान्ति समिति में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और राम मंदिर का उद्घाटन को लेकर पूरे क्षेत्र में शान्ति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए अपील किया।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण पत्र व अक्षतों का किया वितरण

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड अंतर्गत प्रतापपुर, पाण्डेय डीह, बेजराबाद आदि गांवों में आज रविवार को राम भक्तों द्वारा निमंत्रण पत्र एवं अक्षतों का घर-घर किया गया वितरण। बताया जाता है कि 22 जनवरी को लेकर इन दिनों राम भक्तों में काफी उत्साह देखी जा रही है और लोग अक्षत एवं निमंत्रण पत्र बांटने में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज के इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय पांडे, पप्पू पंडा, श्रीपति पांडे, सुबोध पांडे, राकेश पांडे, संतोष पंडा, मंतोष पांडे, रूपेश पांडे, रिंकू पांडे, टुनटुन पंडा,समरेश पांडे, सुजीत पांडे सुमेत सैकड़ो राम भक्त गण उपस्थित थे ।

# सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति कराएगी 101 जोड़े का विवाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के सदस्य एवं महिला विंग की सदस्यों ने आगामी होने वाले 17 जनवरी को 101जोड़े का सामुहिक विवाह की तैयारी हेतु अन्तिम रूप देने के लिए रविवार 14 जनवरी को बैठक की। जिसमे समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह में किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो इसे लेकर सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर सभी को अपने अपने कार्यों में दायित्व संभालने को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने धनबाद के सभी संस्थाओं के सदस्यों से आग्रह किया है वह इस विवाह में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि बारात एवं शरात के लिए लगभग दस हजार लोगों के खाने की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।जय माल के लिए लगभग 200 / 30 का मंच धनबाद के मशहूर टेंट श्याम डेकोरेटर्स के द्वारा की जा रही है।लगभग दस हजार कुर्सी लगाएं जा रहे हैं.शादी से सम्बंधित कार्य गायत्री परिवार के द्वारा किए जा रहे हैं। मुस्लिम निकाह की व्यवस्था जामा मस्जिद पुरानी बाजार के द्वारा की जा रही है। मंच पर दुल्हन और दुल्हे को तैयार करने से लेकर उनके जयमाल की जिम्मेदारी महिला विंग के सदस्यों के द्वारा किए जाएंगे। वहीं शादी के जोड़ों को शादी के उपरांत घर बसाने की जरूरत की सामग्री दी जाएगी। बारात निकालने की जिम्मेदारी पुरानी बाजार के नव जवान समिति को दिए गए हैं। बैठक में सामूहिक विवाह समिति के सभी पदाधिकारी महोदय एवं सदस्यों के अलावा महिला विंग की सभी सदस्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने 5 साईबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से एक बार फिर 5 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में गिरिडीह पुलिस ने सफलता पाई है। पुराना पुलिस लाइन बरवाडीह से रविवार को इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी। गिरफ्तार आरोपी में अब्दुल हालीम ,मोहम्मद मिनहाज, पवन कुमार मंडल, सुजीत कुमार मंडल और प्रशांत मुरारी शामिल है। वही दो नामजद अभियुक्त की तलाशी पुलिस कर रही है। पुलिस ने अपराधियों के पास से 6 मोबाइल फोन 25 सिम 5 एटीएम चार पैन कार्ड और आधार कार्ड व एक बाईक बरामद किया है। एसपी ने बताया कि अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जामजोरी में कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम का प्रयोग करते हुए आम लोगों से ठगी कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस उपाधीक्षक साइबर संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित किया गया। टीम द्वारा उक्त स्थल पर छापेमारी कर पांचो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने अपने बयान में साइबर ठगी करने की बात स्वीकार की है इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के कर्मी बनकर लोगों को झांसे में लेकर ओटीपी पासवर्ड प्राप्त करता था। वही एसबीआई का फर्जी लिंक भेज कर भी ठगी करता था। एसपी ने बताया कि विगत चार माह में 166 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है वही 376 मोबाइल फोन और 439 सिम बरामद किया गया है।

## चोरों ने किया स्कूल में हाथ साफ लैपटॉप सहित कई समान ले गए

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर थाना क्षेत्र के बेको पूर्वी पंचायत अन्तर्गत सरदार उच्च विद्यालय गोपालड़ीह में बीति रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड कर हजारो रुपये के समान लेकर चलते बने। सुबह जब स्कूल प्रिंसीपल कार्यालय के पास गया तो देखा की ताला टुटा हुआ है। अंदर जाकर जब देखा तो कई समान गायब है अलमीरा खुला है कागत जैसे तैसे है फेंका है। घटना लेकर शिक्षक कैलाश चौधरी ने बताया की कार्यालय में रखे लैपटॉप सहित कई समान ले गए है। यही पहली घटना है उधर निर्वतमान मुखिया टेंकलाल चौधरी ने कहा की असमाजिक तत्वों ने शिक्षा के मंदिर में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया है। उधर बगोदर पुलिस को सुचना दिया गय है । जानकारी के अनुसार बताया जाता है ताला को किसी किसी औजार काटने जैसा निशान है । सुबह जैसे ही पता चला की स्कूल में चोरी हुई लोगों की भीड लग गई ।

# नवजवान एकता फाउंडेशन का 14 वां वार्षिक समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** नवजवान एकता फाउंडेशन का 14 वां वार्षिक समारोह झरिया स्थित संस्था के प्रांगण मे हर्सोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान ए पाक की तिलावत एवं संस्था का झन्डा फहरा कर किया गया। वहीं इस मौके पर नवजवान एकता फाउंडेशन द्वारा पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल, निय्याह फाऊंडेशन की अध्यक्ष डॉ शबा आलम खान, आईसीटीसी काउंशेलर सह रेड क्रॉस सोसाइटी

धनबाद की सदस्य बेनजीर परवीन, केजीएन फाऊंडेशन के सचिव आबिद रजा फैज़ी, रोटी बैंक यूथ क्लब के संस्थापक शाहिद अंसारी, यूथ कांसेप्ट के कोआर्डिनेटर अखलाक़ अहमद, साथी फाऊंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम आदि को उनके संस्था के द्वारा किये जा रहे अच्छे समाजिक कार्यों के लिये मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के अध्यक्ष शाहनवाज खान, सचिव मो शाहनवाज खान, मीडिया सलाहकार हाजी ज़मीर आरिफ, ग्यासुद्दीन, मो इकबाल, मो आज़ाद, मो जफर, मो नसीमुद्दीन, मो जाकिर, मो सलीम, मो कल्लु, मो लिचु, मो इमरान, मो खालिद, मो शमशेर, मो बंटी, मो मुस्तकीम, मो अलमगीर सहित नवजवान एकता फाउंडेशन की पुरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# मकर सक्रांति पर बच्चों के बीच दिलीप ने किया तिलकुट चूड़ा का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को जरूरतमंद एवं असहाय परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही सामाजिक संस्था साथी फाउंडेशन में अध्ययनरत बच्चों के बीच युवा संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सदस्य व समाजसेवी दिलीप सिंह ने मकर संक्रांति के अवसर पर चूड़ा, तिलकुट, दही, लाई आदि का वितरण किया गया। इससे पहले साथी फाउंडेशन के द्वारा दिलीप सिंह व अन्य अतिथि गणों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम के द्वारा सभी अतिथियों को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के सैकड़ों बच्चे उपस्थित हुए। मौके पर अनिल सिंह, जीरा खान सिंह, पप्पू यादव, उदय मालाकार, अनिल अग्रवाल उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में साथी फाउंडेशन स्कूल की शिक्षिका तैयबा परवीन, नीमा परवीन की सराहनीय भूमिका रही।

## सरिया : अयोध्या से आया पूजित अक्षत कलश, निकाली गई शोभायात्रा, मनिताश्री के भजन से झूम उठा अमनारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** प्रखंड के अमनारी पंचायत मे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतू अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा की शुरुआत बजरंग चौक कालोनी से होते हुवे कारनोडीह, खोरातांड, भागनातांड बिरोहर कालोनी रेहाटांड, कोरियातांड, अमनारी, चौराटांड, महतो टोला से गुजरते हुवे सभी घरों मे पूजीत अक्षत और निमंत्रण पत्र दिया गया, शोभा यात्रा मे सुपर स्टार भजन गायिका मनिता श्री ने अपने भजनो से लोगो को झूमने को विवश कर दिया, मनिता श्री के राम आयेंगे, बनायेंगे मंदिर आदि कई भजनो को लोगो ने खूब पसंद किया इस

कार्यक्रम को लेकर अमनारी पंचायत के मुखिया अजय यादव ने बताया कि पूजित अक्षत लेकर घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है। साथ ही लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन आस पास के मन्दिर स्वच्छ कर अपने-अपने घरों में भगवान श्रीराम की आराधना-पूजन करें. धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती व रात्रि में अपने-अपने घरों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया जाएगा, ताकि अयोध्या जैसा उत्साह सभी जगह देखने को मिले ।

## पेमिया ऋषिकेश आवासीय अनाथ विद्यालय का एसपीपी ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पूर्वी टुंडी के पोखरिया गांव स्थित पेमिया ऋषिकेश आवासीय अनाथ विद्यालय का आज रविवार को धनबाद के एस एस पी एच पी जनार्दन एवं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी की संयुक्त उपस्थिति में शुभ उद्घाटन किया गया ।विदित हो कि पूर्वी टुंडी के पोखरिया गांव स्थित पेमिया ऋषिकेश अनाथ आवासीय विद्यालय का आज शुभ उद्घाटन होने के साथ यह विद्यालय आज से प्रारंभ हो गया ।इस विद्यालय के संस्थापक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सभी अतिथियों का बड़े ही आदर पूर्वक सम्मान किया एवं विद्यालय के कर्मचारियों द्वारा सभी लोगों को माथे पर तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धनबाद एसएसपी एच पी जनार्दन ने कहा कि टुंडी विधायक द्वारा इस तरह के प्रयास काफ़ी स्वागत एवं सराहनीय योग्य कदम है इस तरह के प्रयास से झारखंड के लोगों को एक बेहतर शिक्षा मिलने के साथ साथ रोजगार भी आसानी से मुहैया होगा वही ग्रामीण एस पी कपिल चौधरी ने ऐसे विद्यालयों की स्थापना होने से सभी अनाथ बच्चों को एक अच्छी शिक्षा प्रदान किए जाने की बात कही ।टुंडी विधायक सह मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि टुंडी जैसे प्रखंड जो उग्रवाद के नाम से जाना जाता था अब वह दिन दूर नहीं जब शिक्षा के नाम से जाना जायेगा साथ ही यह विद्यालय झारखंड का पहला विद्यालय होगा जो अनाथन जैसे बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा । मौके पर एसएसपीएचपी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सुनील, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष समेत सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन तेतुलमारी महिला कालेज के प्रिंसिपल युदेश्वर सिंह चौधरी ने किया ।

## पूजित अक्षत कलश के साथ खेतको में निकाली गई शोभायात्रा,

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के अन्तर्गत खेतको में अयोध्या से आये पुजित अक्षत कलश को लेकर नगर भ्रमण कार्यक्रम भव्य तरीके किया गया । वहीं 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लोगों के घरों में दीपक जलाने को लेकर आमंत्रण किया गया साथ ही अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश लेकर पुरे गाँव में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्र में बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो शामिल हुए। शोभा यात्रा दुर्गा मण्डप खेतको से सैकड़ो राम भक्त शामिल होकर धार्मिक झण्डे के साथ ढोल बाजे गाजे लेकर जय श्रीराम के जयकारे से गुंजायमान रहा। वहीं पूर्व विधायक श्री महतो ने बताया कि पूजित अक्षत लेकर घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है।

## जमीन अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पचम्बा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाटांड में जमीन विवाद को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने पचम्बा - जमुआ रोड को जाम कर दिया, इस दौरान लोगों ने अपनी अपनी जमीन के हक के लिए सड़क पर बैठकर प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगा रहे थे। सूचना मिलते ही पचम्बा थाना के पुलिस अपने हरकत में आई और मौके पर जहां जाम किया था वहां पहुंचकर विरोध तथा प्रदर्शन कर रहे लोगों को समुचित कार्यवाही करने की आश्वासन देते हुए समस्या को समझा बुझाकर जाम को किसी तरह से हटाया। इस बाबत ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पचम्बा के परसटांड व चंदनडीह निवासी मिल कर गरीब किसान के ज़मीन पर कुछ भू माफिया किस्म के लोग द्वारा जबरन जमीन पर मिट्टी भरवा कर कब्जा करना चाह रहा है जो गलत है और कहा की हम सभी किसान किसी तरह से खेती बारी करके घर परिवार के गुजर बसर करते हैं। प्रशासन से मांग है कि ये भू माफिया पर करवाई की जाए और हम सभी किसानों को इंसाफ मिले।

## गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में भाजपा नेता ने किया कंबल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मदिवस 25 दिसंबर से लगातार एक पखवाड़े से भी अधिक समय तक झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सुरेश साव द्वारा गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों गांवों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। वही रविवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का समापन महाथाडीह मैदान में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो उपस्थिति हुए। वही बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव का तहे दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि गरीबों जरूरतमंदों के बीच एक पखवाड़े से लगातार कंबल वितरण कर रहे हैं जो सराहनीय है। मैने श्री साव को लगातार गरीबों

असहायों के बीच देखा है। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है जो आपलोगों के बीच ऐसे नेता हैं। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में सुरेश साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव समर्पण भाव से कार्य करती आ रही है।

## सरकार चावल दाल के साथ गरीबों को अब सब्जी भी देगी : डॉ रामेश्वर उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र कैरो के सढ़ाबे पंचायत स्थित ग्राम खरता कोयल नदी के तट पर स्थित मनोकामना भोलेनाथ सिद्ध मंदिर मे 14 जनवरी रविवार को मकर संक्रांति का मेला धूमधाम व नववर्ष के हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा आयोजित मेले मे मुख्य रुप से उपस्थित झारखंड सरकार के मंत्री डा रामेश्वर उराँव, मान्डर की पुर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उराँव, चान्हो जिप सद्स्य,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, भाजपा नेता विन्देश्वर उराँव मुखिया सुमित्रा उराँव व उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम फीता काटकर मेला मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्थात कार्यक्रम स्थल के पास स्थानीय विधायक सह मंत्री डा रामेश्वर उराँव के कोष से निर्मित विवाह मंडप का मंत्री जी ने फीता काट कर किया उद्घाटन। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंत्री डा रामेश्वर उराँव ने कहा कि गरीबो को पहले केवल चावल मिलती थी, परंतु राज्य सरकार ने चावल के साथ दाल भी दे रही है, और अब सब्जी भी मिलेगी। हमारी सरकार पर्यटन के क्षेत्र को विकसित करने के लिये प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मान्डर विधनसभा की पुर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि मेला जतरा से सामाजिक सद्भाव और अटूट होता है ,बाबा भोलेनाथ की यहाँ की प्रकृतिक छटा वास्तव मे एक अद्भुत मनोरम दृश्य है,इस नववर्ष मे बाबा भोलेनाथ सबकी मनोकामना करें पुर्णा। कार्यक्रम को भाजपा नेता विन्देश्वर उराँव, जिप सद्स्य सुखदेव उराँव, चान्हो जिप सद्स्य,व आजसू नेत्रि निरु शांति भगत ने भी सम्बोधित किया। वही कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के मृत्युन्जय तिवारी ने किया।

## मारवाड़ी महिलाओं द्वारा अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण कार्ड का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अयोध्या में पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा का श्री राम मंदिर से आए हुए अक्षत निमंत्रण कार्ड को बगडू पंचायत अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में जाकर बांटी गई। और महिलाओं ने कही की 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री रामचंद्र जी का प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रहा है इस निमित्त आप अपने घरों पर उस दिन दीप प्रज्वलित करें,और उसके पूर्व अपने आसपास के सभी मंदिरों को साफ सुथरा करके रखें, और कही की हम सभी का सौभाग्य है कि हमारे जीवन काल में प्रभु श्री रामचंद्र जी का मंदिर निर्माण होकर प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है हमारा यह जन्म धन्य हो गया जो कि इस युग में हुआ। इस प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण कार्ड वितरण में लोहरदगा जिला मारवाड़ी महिला एकता शाखा की महिला दीपा पोद्दार, अंजलि सर्राफ, नीतू मित्तल, मंजू मोदी, रश्मि अग्रवाल, श्वेता मित्तल आदि उपस्थित थी।

## लुप्त होती हमारी झारखंडी संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत : संदेश एक्का

**कोलेबिरा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नवयुवक संघ कोंडेकेरा के द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहां बतौर मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष श्री विभव संदेश एक्का शामिल हुए , मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने तथा बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाने वाला पर्व है जिसे अलग अलग जगहों पर अलग अलग नामों से पुकारा जाता है माघ बिहु , पोंगल , लोहड़ी आदि । संदेश एक्का ने अपने संबोधन में आयोजन समिति को अपना आभार प्रकट करते हुए सभी को तिलकुट परब , खिचड़ी परब , मकर संक्रांति की बधाई दी , साथ ही उन्होंने कहा आज हमारे झारखंड की संस्कृति ही हमारी पहचान है जो समय के साथ लुप्त होते जा रही है , हमें हमारी संस्कृति को बचाए रखना है अपनी पहचान को बचाए रखना है ताकि हमारा पहचान सुरक्षित रहे , साथ ही उन्होंने युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में आने को कहा ताकि हम - हमारे और हमारे आने वाले पीढ़ी को सुधार सके अंत में मौजूद लोगों से शांतिपूर्वक कार्यक्रम देखने की अपील किया इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बलदेव साहू , कोषाध्यक्ष कैलाश प्रसाद , सचिव संजू प्रसाद , संरक्षक मुरली दस , उप मुखिया दिवाकर दस , लालधन नायक , समिति के सदस्य गण उपस्थित थे ।



## सेवा भारती द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 83 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए।आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 38 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने 22 जनवरी को अयोध्या में पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा के विषय में जानकारी देते हुए सभी को अक्षत एवं निमंत्रण कार्ड दिए और कहा की इस निमित्त 22 जनवरी के पूर्व अपने सभी आसपास के मंदिरों को सफाई रखते हुए प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों पर दीप प्रज्वलित करें,डॉ कुमुद ने कहा की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और लोग नियमित रूप से अपना स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एंव सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और यह निशुल्क



स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है,लोगों ने शुगर, बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, सुबोध महतो, अतुल सर्राफ, मोतीलाल अग्रवाल, प्राण महतो, अंजलि सर्राफ, लालमुनी देवी, प्रकाश कुमार, अमना खातून, कलीम अंसारी, चंपा देवी, डोमनचंद्र कर्मकार, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुरेंद्र महतो, विजय कुमार, कंचन कुमारी, किशोर अग्रवाल, रुपेश चौधरी, कृष्णा प्रसाद, शंभू शर्मा, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुकेश महतो, उदय कास्यंकार, नवल कास्यंकार, प्रभु दयाल साहू, सुरेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## पतंजलि के नेतृत्व में हवन कर मकर संक्रांति पर्व मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा के तत्वावधान में गुरुकुल शांति आश्रम में यज्ञ हवन एवं योग आयुर्वेद में व्याख्यान के अलावा मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही प्रसाद स्वरूप चूड़ा तिलकुट, दही, गुड़ सामुहिक भोज का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आचार्य शरतचन्द्र जी के निर्देश में आचार्य किशन ने हवन कराया एवं उसके बाद उपस्थित जनों को जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने बताया कि पतंजलि का उद्देश्य पूरे देश को स्वस्थ, शिक्षित एवं समृद्ध बनाने का है। योग से चरित्र निर्माण कर राष्ट्र निर्माण की ओर उन्मुख होना है। भारत विश्व में सबसे बड़ा युवा देश है अतः युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। वनवासी कल्याण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह ने कहा श्री राम हमारे देश की आस्था का मूर्तिमान स्वरूप है। आचार्य गणेश शास्त्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं जिनमे हेमंत सिन्हा, शिवशंकर सिंह, गंगाराम जी आदि ने अपने विचार प्रकट किए। लोहरदगा से दो महानुभाओं को आगामी 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम जन्मभूमि में नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में श्रीराम जी की मूर्ति को विराजित कर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में आचार्य शरचचन्द्र आर्य एवं स्वामी श्रीकृष्ण चैतन्य जी का विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्प, माला, अंगवस्त्र, श्रीफल से भव्य अभिनंदन किया। कायक्रम में शरचचंद्र आर्य, स्वामी चैतन्य जी, कृपा प्रसाद सिंह,नवनीत गौड़,एलजीएसएस सीपी यादव, गंगा प्रसाद यादव, संजय मधुर, दिनेश प्रजापति, पतंजलि से अभय भारती, वरिष्ठ वकील हेमंत सिन्हा, मनोज कुमार, राघव राणा, अजय प्रसाद, पुष्कर महतो, धनेश महतो, अजय कुमार पांडे, श्याम सुंदर उरांव, प्रदीप मनी पाठक, प्रदीप कुमार हिंद, अर्जुन आर्य, सुमन दास, प्रदीप कुमार, तीजन राम यादव, कृष्णकांत मिश्रा, रघु साहू, चमर राम आर्य, वासुदेव महतो, शोभा कुमारी, मानसी भारती, गरिमा भारती, मीणा सिंह, अनामिका भारती, अंजू मौर्य,अशोक कांस्यकार,सचिन साहू, सत्यम कुमार,अनुभव कुमार, मंगल उराव, सुमित देवी, तारा देवी, कलावती देवी, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, रविंद्र दत्ता, कौशल किशोर, संगीता मित्तल, सुमन राय, रीता अग्रवाल, कनक लता, कविता देवी, विनीता रेणु देवी, कृष्ण चंद्र आर्य, आदित्य साहू, अंकित कुमार, विनोद राय, अवधेश कुमार, राजीव कुमार सिंह, सुरेश चंद्र पांडे, वीरेंद्र कुमार, नवल किशोर, रवि शंकर, उपेंद्र साहू, जयप्रकाश शर्मा, दीपक सर्राफ, संजय चौधरी, डॉक्टर कुमुद कुमार, अवधेश मित्तल समेत मीडिया कर्मी,समाजसेवी एवं गुरुकुल के ब्रम्हचारीगण मौजूद रहे।

## थाना प्रभारी को दिया गया अयोध्या से आए पूजित अक्षत पत्रिका और निमंत्रण

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद व आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या से आये पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण का वितरण शहर से गाँव गाँव तक 22 जनवरी से पूर्व वितरण किया जा रहा है। उसी क्रम में रविवार को भी विहिप प्रखंड अध्यक्ष रणजीत साहु के नेतृत्व में विहिप व आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा सेन्हा थाना पँहुच कर थाना प्रभारी अभिन्व कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी व पदाधिकारियों को अयोध्या से आये पूजित अक्षत चावल और निमंत्रण पत्र दिया गया। वही रणजीत साहू ने कहा कि आज कई दशक बाद भगवान श्री राम को अपना स्थान मिल रहा है? अयोध्या में मंदिर निर्माण हो चुका है जिसे प्राण प्रतिष्ठा होने के उपरान्त सभी लोग आस्था से श्रद्धा भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर सकेंगे। साथ ही कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा राजनीति षड्यंत्र के कारण भगवान को वर्षों वर्षों तक तम्बू में रहना पड़ा था। परंतु उच्चतम न्यायालय के फैसला अनुसार मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त होने पर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ जिसका प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के लोग शामिल होंगे जिसके लिये अभी लोगों को पूजित अक्षत चावल और निमंत्रण पत्र दिया जा रहा। साथ ही सभी लोगो से आग्रह किया गया कि निमंत्रण स्वीकार करें और प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो कर साक्षी बनें वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार व अन्य सभी पुलिसकर्मियों ने अयोध्या से आये पूजित अक्षत चावल एवं निमंत्रण को खुशी खुशी स्वीकारा। मौके पर रणजीत साहु,केदारनाथ साहु,संतोष महतो,अवधेश साहु सहित विहिप व आरएसएस के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



## उदरंगी पंचायत के सभी गांव मे पूर्ण हुआ निमंत्रण देने का



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** पूजित अक्षत निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है के निमित आज उदरंगी पंचायत के ग्राम हाटी, बैमारी एवम उदरंगी ग्राम मे विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड उपाध्यक्ष भीम नाथ शाहदेव के नेतृत्व मे 22 जनवरी को अयोध्या मे श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी ग्रामीणों को अपने अपने गांव के मन्दिर में एकत्रित होकर भजन कीर्तन, आरती एवम अयोध्या से सीधा प्रसारण को देखने के लिए निमंत्रण दिया गया साथ ही उस दिन घर, मन्दिर, मुहल्ला को सफाई कर सजाते हुए दिपावली मनाने के लिए प्रेरित करते हुए घर घर जाकर निमंत्रण दिया गया। इस तरह उदरंगी पंचायत के सभी गांव के प्रत्येक घरों मे निमंत्रण देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया जिसमे मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता एवम ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे मुख्य रूप विहिप के पंचायत कार्यकर्ता अमित यादव आकाश यादव, सोहराई उरांव, मोहन उरांव, आनंद साहु सरिता देवी, चांदनी कुमारी, गुड़िया कुमारी सूरज साहु, दशरथ यादव आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दें महिलाएं : नीरू शांति भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के नदिया गांव में ग्रामीण महिलाओं के साथ आजसू पार्टी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी श्रीमती नीरू शांति भगत जी ने आज बैठक की,श्रीमती भगत ने महिलाओं से रूबरू होते हुए समस्याओं को जाना और कहा आपकी समस्याओं चाहे वह राशन कार्ड हो या पेंशन का मामला हो या पेयजल,स्वास्थ्य की व्यवस्था हो सभी मामलों को लेकर वह शीघ्र ही आला अधिकारियों से मिलेंगी,उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए विशेष तौर पर कहा कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो वह अपने पूरे परिवार को शिक्षित कर देती है,इसलिए महिलाएं अपने बच्चों के प्रति शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और मैं और हमारी आजसू पार्टी आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है। आज कि बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा आजसू प्रखंड अध्यक्ष रूपेश उरांव,लोहरदगा महिला प्रखंड अध्यक्ष मालती भगत,हरमू पंचायत के मुखिया सुनील उरांव,आजसू जिला छात्र संघ के अध्यक्ष आयुष मेहता,विजय कुमार सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

## जंगली हाथियों का क़हर , घरों को ध्वस्त कर अनाज भी खाए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत शनिवार रात पंचायत जोराम के पतराटोली में एक जंगली हाथी ने सोमारू लोहरा ,पिता थेपना लोहरा के घर को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को खा गया । घर में घुस कर हाथी द्वारा पलंग को पलटने से सुखमणि देवी को हल्की चोट लगी है । सुखमणि देवी लकवाग्रस्त हैं शायद इसलिए हाथी ने सूंघ कर कोई हानि नहीं पहुंचाया और उसके पति सोमारू लोहरा ने घर के दूसरे कमरे में जाकर जान बचाई ।सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,जोराम मुखिया श्री प्रीतम कांडुलना ,उपमुखिया कोरोलिना सोरेंग ,अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद के साथ पीड़ित से मिलने पहुंचे और तत्काल सहायता स्वरूप चावल और कंबल दिए और वन विभाग को जानकारी देते हुए जल्द मुआवजा राशि दिलाने हेतु आवेदन को जमा करने के लिए कहा ,इस मौके पर वार्ड पार्षद मैन्युअल डांग,सामाजिक कार्यकर्ता अजय डुंगडुंग,सहबाज अली,संजय आयंद और ग्रामीण उपस्थित हुए।

## जिला सरना समिति के अध्यक्ष बने चैतू उरांव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज दिनांक 14. 01. 2024 को केंद्रीय सरना समिति लोहरदगा जिला का दौरा किया। जिसमें जिला सरना समिति लोहरदगा में होटल केतकी में आयोजित बैठक में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की उपस्थित हुए। बैठक में जिला सरना समिति लोहरदगा का पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला सरना समिति लोहरदगा जिला के अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से चैतु उरांव, चुना गया एवं उपाध्यक्ष पद के लिए भगवान दास एवं प्रतिमा उरांव,को चुना गया,मंत्री लक्ष्मण उरांव कार्यकारी अध्यक्ष देवनाथ उरांव, मीडिया प्रभारी सुरेश उरांव,सचिव यशपाल भगत,युवा शाखा अध्यक्ष लोहरदगा जिला संदीप भगत को चुना गया साथ ही लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंड समिति का भी पूर्ण गठन किया गया। जिसमें सेन्हा प्रखंड के अध्यक्ष पद के लिए कलेश्वर उरांव,सचिव नागेश्वर उरांव को चूना गया। कैरो प्रखंड के लिए अध्यक्ष गोवर्धन उरांव सचिव शांति उरांव एवं कैरो प्रखंड महिला शाखा के अध्यक्ष पद पर मोनिका उरांव को चुना गया। कुडू प्रखंड के लिए अध्यक्ष सुरेश उरांव एवं सचिव राजू उरांव को चुना गया। पेशरार प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए सुमन उरांव को चयनित किया गया एवं सक्रिय सदस्य के रूप में विष्णु दयाल उरांव, सूरजमनी उरांव,सुशील उरांव को चुना गया तत्पश्चात सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास के पदाधिकारी के द्वारा फूलमाला एवं सरना गमछा देकर स्वागत किया गया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि प्राकृतिक पूजक आदिवासियों की परंपरा संस्कृति हक अधिकार पर चौतरफा हमला हो रहा है समाज की लड़ाई लड़ने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## विधायक कोलेबिरा ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ पंचायत अंतर्गत संत अन्ना कोन्वेंट विद्यालय परिसर में विधायक मद से निर्मित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभ उद्घाटन विधायक कोलेबिरा के द्वारा किया गया।सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन रिबन काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।विधायक के पहुंचते ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों और विद्यालय की सिस्टरों ने विधायक का फूल माला व बुके देकर स्वागत किया,साथ ही बच्चों के द्वारा विधायक के स्वागत में स्वागत गान भी प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन के क्रम में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी जी ने बताया कि सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का खुल जाने से स्थानीय बेरोजगार युवक युवतियों के रोजगार का सृजन होगा। हमारे विधानसभा क्षेत्र में रोजगार के लिए कोई व्यापक स्तर पर औद्योगिक केंद्र नहीं है जिस कारण यहां के कई बेरोजगार युवक युवतियों को नौकरी के लिए बाहर पलायन करना पड़ता है।इसी को ध्यान में रखते हुए हमने विचार विमर्श किया और और लचरागढ़ क्षेत्र में प्रशिक्षण केंद्र खोलने का निर्णय लिया।प्रशिक्षण केंद्र में विधायक मत से नई मशीन दी गई हैं।अधिक से अधिक संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियां प्रशिक्षण के लिए आए योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा इसका सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा।हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कटिबध है।मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। सिलाई प्रशिक्षण महिला विकास केन्द्र लचरागढ़ की प्रशिक्षक सह सिस्टर सेलेस्टीना टोप्पो जी ने बताया की इस छेत्र में रोजगार के नए- नए साधन उपलब्ध करवाने के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की आवश्यकता थी इसलिए हम माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी जी से आग्रह किए।जिस पर त्वरित कार्य करते हुए विधायक जी ने अपने मद से सिलाई मशीन और सिलाई प्रशिक्षण से जुड़ी अन्य सामग्री उपलब्ध कराई। आज उनके शुभ हाथों से रिबन काटकर केंद्र का उद्घाटन किया गया। आदिवासी महिला छात्रावास की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।हम सब बहुत खुश हैं और उनके सहयोग के लिए माननीय विधायक जी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए का हृदय से धन्यवाद करते हैं।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिख रहा है उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों भी अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह देखा जा रहा है। उसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के अरु ग्राम में भी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे बाजे के साथ अयोध्या से आए अक्षत को लेकर निमंत्रण देने के लिये गांव में ग्रामीण युवा निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है के नारे के साथ पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण वितरण करने के लिये निकले। वही गौतम प्रसाद साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या मे श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिये पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। साथ अन्य ग्रामीणों से आग्रह किया जा रहा है कि उस भजन



कीर्तन,आरती कर उत्सव मनायेंगे तथा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को देख सकेंगे जिस के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। साथ अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर अपने अपने घर,मन्दिर,मुहल्ला को साफ सफाई कर सजाते हुए दिपावली मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान गांव के अन्य ग्रामीणों के हृदय में राम मंदिर निर्माण को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोग राम लला के अयोध्या धाम आने को लेकर घर घर स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही 22 जनवरी को दीपावली के रूप में त्यौहार मनाने का संकल्प भी ले रहे हैं। वही ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चो ने जय श्री राम का गगनभेदी नारा लगाया और देश का विकास तथा कल्याण करने के लिये भगवान श्री राम लाल से प्राथना किया गया। लगभग 500 सालों के बाद राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दिन नजदीक है. जिसे लेकर कई ग्रामीणों में उत्साह और खुशी देखी जा रही है। जिसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिये घर घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं। पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण वितरण के मौके पर दिनेश साहू, संतोष राम,दीपक महतो,अयोध्या महतो, नीतीश साहू, मनीषा देवी,पूजा कुमारी सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## विपक्ष वोट बैंक बढ़ाने के लेकर रोहिंग्या मुसलमानो को संरक्षण देने का काम कर रही है : अनिल उरांव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज दिनांक 14.01.2024 दिन रविवार को भाजपा नगर मंडल लोहरदगा की आवश्यक बैठक नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सबसे पहले अपने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया तथा सभी लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए अमरेश भारती ने नगर मंडल द्वारा विगत दिनों किए गए कार्यों तथा आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों को बताया। अमरेश भारती ने कहा कि सबसे पहले सभी लोगों को मकर संक्रांति की बहुत-बहुत बधाई हो। उन्होंने कहा कि आगामी 20 जनवरी को रोहिंग्या मुसलमान जो गैर कानूनी तरीके से इस क्षेत्र में रह रहे हैं उनके विरुद्ध महा धरना जिला समाहरणालय में करना है। इसमें नगर क्षेत्र से अधिक से अधिक भागीदारी हो।राज्य की हेमंत सरकार अगर इस महा धरने से नहीं चेती तो आगे बृहद रूप से विरोध किया जाएगा। किसी भी कीमत पर रोहंगिया मुसलमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि महा धरना में नगर क्षेत्र से अधिक से अधिक लोग शामिल हों। देश में रह रहे अवैध रूप से रोहिंग्या मुसलमान को हर हाल में खदेड़ना है। यदि इन्हें नहीं खदेड़ा गया तो आने वाले समय में मूलवासियों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अत सभी लोगों से निवेदन है इस धरने में शामिल हो और इनको विरुद्ध आवाज़ उठाएं। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री अनिल उरांव ने कहा कि देश का जा रहा है। इसी के विरुद्ध आगामी 20 जनवरी को जिला समाहरणालय के समीप विशाल महाधारण किया जाना है जिसमें सभी लोगों के सहभागिता जरूरी है। अगर इसके बावजूद भी राज्य की हेमंत सोरेन सरकार नहीं चेती तो आने वाले समय में वृहत रूप से आंदोलन किया जाएगा। बैठक को राजेश महतो,परमेश्वर साहू,मिथुन तमेड़ा,पशुपतिनाथ पारस ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर महामंत्री शंकर प्रजापति ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह,संजय महतो,प्रमोद प्रजापति,रामलाल उरांव,विकास कांस्यकार,ज्ञानेश गुप्ता,दीपक साहू,बजरंग करुवा,पप्पू करूवा,निधिकांत प्रसाद,प्रभादेवी, मीरा देवी,प्रिया गुप्ता,बिंदिया देवी,सरस्वती देवी,मुरलीधर अग्रवाल,अशोक कुमार,अनूप महतो,कामेश्वर सिंह,हरिओम प्रसाद,अजय कुमार,भारती सिन्हा,अनिल ठाकुर,विमल कांत सिंह,अशोक कांस्यकर,अजय पंकज,उमेश कांस्यकार,अनिल पांडेय,भोला भगत,संगीता कुमारी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।




## आज चितरी घाघ में सूर्य उत्तरायण महायज्ञ का होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेन्हा प्रखण्ड अंतर्गत चितरी घाघ में लगने वाले मेला में सूर्य उत्तरायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यह आयोजन वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया है। जिसमे मंत्र पाठ व हवन पूजन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्र पाठ मुंगो स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। यज्ञ के ब्रह्मा युवा विद्वान योग गुरु आचार्य अशोक रहेंगे। मुख्य वक्ता डॉ रंजित कौशल किशोर (शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, भजन प्रस्तुति- सुलेखा, मुख्य यजमान उदय सिंह सह धर्मपत्नी, शिव शंकर साहू होंगे। वही ट्रस्ट के सदस्य रंजन समतानी एवं सहयोगियों के द्वारा 151 किलो चावल के खिचड़ी का भंडारे का महाप्रसाद का वितरण मेला में किया जाएगा। बताया गया कि मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी खिलाने का बहुत महत्व है। मकर संक्रांति की खिचड़ी में चावल, उड़द की दाल, कुर्थी के दाल, घी, हरी सब्जियों का उपयोग किया जाना है जो की विद्वानों एवं शास्त्रों का उपदेश है अन्न दान महादान। इस भंडारे में सुधीर अग्रवाल, राजन आहूजा, संजय नागपाल,जसप्रीत वालिया, बिहारी प्रसाद आदि का विशेष सहयोग मिलेगा। यज्ञ प्रबंध समिति में शीतांशु भूषण, सुरेश सिंह चितरी, करण कु सिंह चितरी, रत्नेश प्रकाश, निर्मला साहू हरमू, महेश कुमार शिक्षक, रोहित साहू नदिया, निलेश गुप्ता आदि शामिल हैं। बताया गया कि मकर सक्रांति पर यज्ञ अनुष्ठान करने का कई लाभ है। संसार का सबसे श्रेष्ठ कर्म है यज्ञ करना। अग्नि में आरती डालने से अभी सूक्ष्म होकर सूर्य तक फैल जाती हैं।

## उत्क्रमित वेतनमान और एम ए सी पी प्राप्त करने के लिए शिक्षकों की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** प्राथमिक शिक्षकों का सेवा काल हमेशा से ही एक जटिल और विवादित रहा है। जिसके चलते नियुक्त होकर सहायक शिक्षक के रूप में ही सेवानिवृत्त हो जाता है। इसके लिए जिम्मेदार है विलम्बित एवं विवादित प्रोन्नति प्रकिया। जबकि झारखंड सरकार के अन्य विभाग के कर्मचारियों को 10 वर्ष 20 वर्ष एवं 30 वर्ष में वृत्ति उन्नयन प्राप्त है। प्राथमिक शिक्षक भी राज्य कर्मी होने के चलते अन्य कर्मचारियों के ही भांति एम ए सी पी की मांग झारखंड सरकार से लम्बे समय से कर रहे हैं। उधर छठे पुनरीक्षित वेतनमान पर लगी रोक की दिशा में भी राज्य सरकार द्वारा किसी प्रकार की पहल होता नहीं देख शिक्षकों में सरकार के प्रति रोष पनपने लगा है। यदि एक महीने के अंदर राज्य सरकार कोई फैसला नहीं करती है तो प्राथमिक शिक्षक धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। इस आशय का निर्णय आज झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बीआरसी भवन में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता शैलेन्द्र सुमन और संचालन मनीलाल दास ने किया। बैठक में महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, सचिव मुमताज अहमद के आलावा रांची, दुमका, गिरीडीह, गुमला सिमडेगा, पलामू, लोहरदगा, लातेहार, रामगढ़, बोकारो, जामताडा आदि जिले से आए जिला प्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखा। यदि प्राथमिक शिक्षकों के लिए एम ए सी पी बहाली की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाता है तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## लीकेज पाइप को बनवाने के लिए मुख्यमंत्री को बुलाना होगा : अशोक साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी नगर अध्यक्ष अशोक साहू ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में पिछले लगभग छह महीनो से पेयजल आपूर्ति की पाइप शहर के विभिन्न स्थानों कचहरी मोड, ब्लॉक मोड, किस्को मोड, पावरगंज, न्यू रोड, अजय उद्यान पार्क के समीप, अलका हॉल के समीप विभिन्न स्थानों पर पाइप फटी हुई है जिससे हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है और सड़क पर चलने वाले राहगीरों के ऊपर पानी के छिंटे भी पडते हैं और आम दुकानदार एवं जनता परेशान हैं। एक ओर शहर में पीने के लिए पानी की सप्लाई दो दिन चार दिन,पाँच दिन में एक बार की जाती है और दूसरी ओर हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है,जिसे देखने वाला कोई नहीं है ना ही नगर परिषद ना ही नगर परिषद के पेयजल आपूर्ति संवेदक को इसकी चिंता है। जबकि इसी सड़क से प्रतिदिन प्रशासनिक पदाधिकारी, स्थानीय विधायक सह मंत्री, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधि आते एवं जाते हैं लेकिन किन्ही को इस बात की फिक्र नहीं है, लगता है कि इस पाइप लीकेज को बंद कराने के लिए भी मुख्यमंत्री को बुलाना होगा। दूसरी ओर नगर परिषद बहाना ढूंढ कर बैठा हुआ है की एन एच की रोड है हम छू नहीं सकते,लेकिन तस्वीरें ब्याँ कर रही है की जहां पर सड़क को छूना भी नहीं है केवल पाइप लीक है उसको भी बंद करने के लिए नगर परिषद तैयार नहीं है। नगर परिषद से आजसू पार्टी मांग करती है कि पिछले 5 वर्षों में पेयजल आपूर्ति के नाम से और मेंटेनेंस के नाम पर कितना रुपया संवेदक को दिया गया है, इसको जनता के सामने खुलासा करें।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### सादगी के मिसाल थे प्रीतम सिंह नामधारी : अविनाश देव

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के प्रतिष्ठित व्यवसाई सोनू सिंह नामधारी के पिता स्वर्गीय प्रीतम सिंह नामधारी के पुण्यतिथि के मौके पर संत मरियम आवासीय विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश देव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नामधारी गुरुद्वारा में माथा टेका और नमन किया। इसके बाद लंगर छका। सोनू सिंह नामधारी से मिलकर इस गम के दिन को प्रीतम सिंह के नाम को यादगार बनाया। प्रीतम सिंह नामधारी नेक इंसान थे उन्होंने अपना पूरा जीवन सादगी से जिया उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से लोगों को सीख लेनी चाहिए समाज में आज वैसे लोगों की जरूरत है।

### मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या के लता चौक से किया सफाई अभियान का आगाज

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वृहद सफाई अभियान की शुरुआत की। अयोध्या के नयाघाट स्थित लता चौक से शुरू हुआ यह सफाई अभियान 21 जनवरी तक चलता रहेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद झाड़ू लगाकर जन-जन को सफाई में खुद की भागीदारी तय करने का संदेश दिया। इस दौरान यहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चम्पत राय, सांसद लल्लू सिंह, मेयर गिरीशपति त्रिपाठी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि यह सफाई अभियान अगले सात दिनों तक चलता रहेगा और अयोध्या की हर गली चमका दी जाएगी। हालांकि अयोध्या की सफाई पहले से ही शुरू है, बावजूद इसके इस अभियान से अयोध्या की सफाई को गति मिलेगी। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री योगी 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी की समीक्षा भी करेंगे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय जूनियर वर्ग में बना चौंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के फाईनल में जवाहर नवोदय विद्यालय ने बीपी डीएवी स्कूल को पांच विकेट से हराकर चौंपियन बना। विजेता टीम ने इस विजय के साथ दुसरी बार रामानंद सिंह स्मृति कप पर कब्जा जमाया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीपीडीएवी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सत्यम के 23 रनो के सहयोग से 90 रनो का स्कोर खड़ा किया। जवाहर

नवोदय विद्यालय की और से अभिषेक कुमार गुप्ता ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी जवाहर नवोदय विद्यालय ने सुशील के 20, अभिषेक के 11 और जेपी के दस रनो के सहयोग से तीन ओवर शेष रहते पांच विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। इसी के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने लगातार दूसरी बार रामानंद सिंह स्मृति कप पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के अभिषेक कुमार गुप्ता को दिया गया। जूनियर वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज बीपीडीएवी के उत्कर्ष, श्रेष्ठ बल्लेबाज बीपीडीएवी के नैतिक तिवारी, श्रेष्ठ गेंदबाज साउथ प्वाइंट के सोएब रजा, बालिका वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज ज्ञान निकेतन बेलचंपा की सुहानी सिंह, श्रेष्ठ गेंदबाज शांति निवास की श्रुति कुमारी, श्रेष्ठ बल्लेबाज ज्ञान निकेतन बेलचंपा की सिमरन सिंह को दिया गया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, पंकज सिंह, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रिंस सोनी, नवनीत कुमार, मनोज तिवारी, विशाल कुमार आदि शामिल थे।

# नमो पतंग उत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ की ओर से रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर ओटीसी मैदान हेहल में भव्य नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। पतंग उत्सव में बड़ी संख्या में बच्चे सहित महिला ,पुरुषों ने पतंग उड़ा कर इस उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज के बच्चों की दुनिया और दोस्ती मोबाइल तक सीमित होकर रह गई है।

आज के बच्चे अपनी संस्कृति को जाने इसलिए इस तरह के आयोजन किया जाना बेहद जरुरी है। अपनी सनातनी संस्कृति के बारे में बच्चों को बताने की जरूरत है कैसे पर्व त्योहार हमारे बुजुर्ग मानते थे। हो सके तो बच्चों को त्यौहार में शामिल कर अपनी संस्कृति के बारे में बताएं जो समाज अपनी भाषा और सांस्कृतिक को भूल गया वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। पतंग उत्सव में बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पतंग उत्सव में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,अबकी बार 400 पार, प्रिंट के पतंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

सांसद सेठ की ओर से सफाई कर्मियों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों के बीच चूड़ा गुड़ का वितरण किया गया। अंत में सर्वश्रेष्ठ पतंग बाज को संसद सेठ के जरिये पुरस्कृत भी किया गया ।

## मकर संक्रांति पर सजे रांची का बाजार, खरीदारी के लिए उमड़े लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मकर संक्रांति के अवसर पर राजधानी रांची के हर चौक-चौराहे पर बाजार सज चुका है। रांची के कोकर, लालपुर, बरियातू, हरमू, किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, रातू रोड, बूटी मोड़, कांके चौक पर तिलकुट की बाजार में लोग खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में स्थानीय तिलकुट के साथ गया के तिलकुट भी मिल रहे हैं।

खोवा के तिलकुट की वैरायटी की भी डिमांड काफी है। साथ ही गजक, स्पेशल गजक, रेवड़ी, तिल पापड़ी भी ग्राहक खरीद रहे हैं। कोकर के तिलकुट भंडार के संचालक जोगेश्वर ने कहा कि गुड और चीनी का 300 किलो तिलकुट बेच रहे हैं। इस बार नया तिल का लड्डू है, जो 80 रुपये पैकेट( 200 ग्राम), गजक 320 रुपये, रेवड़ी 220 रुपये, तिलपट्टी 280 रुपये है। पंजाब स्वीट हाउस के मैनेजर ने कहा कि इस बार लोग घी वाले घेवर अधिक खरीद रहे हैं। एक घेवर की कीमत 100 रुपये है। इसमें मलाई डाला गया है। इसके अलावा प्रीमियम गुड रेवड़ी 420 रुपये किलो, स्पेशल खोवा तिलकुट 460 रुपये किलो, तिल रोल 380 रुपये किलो, गुड़ तिलकुट 360 रुपये किलो, स्पेशल तिलपट्टी 380 रुपये किलो, स्पेशल तिलकुट 360 रुपये किलो है। उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाया जाएगा। सूर्य धनु राशि से मकर राशि में दिन के 9.13 बजे प्रवेश करेंगे। इसके बाद से संक्रांति का पुण्य काल शुरू हो जायेगा। इसी दिन खरमास की समाप्ति हो जायेगी।

# राजनीति की भेंट चढ़ा तरहसी प्रखंड : लवली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारत गांव का देश है तथा भारत की आत्मा गांव में निवास करती है। एक विकसित भारत की कल्पना हम तब कर सकते हैं जब हमारा गांव विकसित हो। गांव के सर्वांगीण विकास के बगैर हम राष्ट्र उत्थान की परिकल्पना नहीं कर सकते। महात्मा गांधी जी ने कहा था- सच्चा लोकतंत्र केंद्र में बैठकर राज्य चलाने वाला नहीं होता,बल्कि यह तो गांव के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से चलता है। पंचायत का विकास कार्य करने के लिए वित्तीय सहायता केंद्र सरकार के माध्यम से किया जाता है जिसमें ग्राम पंचायत की भूमिका मुख्य होती है । सरकार ने पंचायत चुनाव कराकर पंचायत का गठन तो कर दिया लेकिन 1 साल से भी अधिक समय से एक भी विकास का कार्य तरहसी प्रखंड में नहीं हो सका। तरहसी प्रखंड के ग्रामीणों के विकास की कल्पना महज स्वप्न बनकर रह गया। लोग आश लगाए बैठे हैं कि कब तक उनके पंचायत का कायाकल्प होगा।

जिस विकास का कार्य से चहुंओर विकास होना था वह हाथी का दांत साबित हो रहा है। मामला

है तरहसी प्रखंड के प्रमुख के पद एक वर्ष से भी अधिक समय से खाली है जिस पर अभी तक किसी भी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं राज्य सरकार की नजर नहीं गई ।

इनके उदासीन रवैया के कारण वहां के ग्रामीण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जहां पंचायत के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कोई भी कार्य सुगमतापूर्वक संभव होता है वही जनता का पदाधिकारी तक आसानी से पहुंच संभव नहीं होता है प्रखंड में कर्मों को प्रमुख पद खाली होने के कारण विकास कार्य बाधित है। जनप्रतिनिधि भी अपने को ठगे महसूस कर रहे हैं, कहीं ना कहीं यह लोकतंत्र की हत्या है। प्रमुख के पद रिक्त रहने के कारण गांवो में विकास का कार्य बहुत दिनों से अवरुद्ध है।

ऐसी स्थिति में ग्राम विकास की परिकल्पना को साकार कर पाना मुश्किल है। इनके अनुपस्थिति के कारण प्रखंड स्तर पर किसी तरह का बैठक नहीं हो पा रही है जिसके कारण किसी भी विकास कार्य की रूपरेखा तय नही हो पा रही है और ना ही कोई समस्या का समाधान हो पा रहा है, कहीं ना कहीं यह मामला राजनीति की भेद चढ़ा हुआ प्रतीत हो रहा है इसलिए मैं सरकार और जिला प्रशासन से भी मांग करती हूं की तरहसी प्रखंड के मामला को अविलंब संज्ञान में लेते हुए इस पर पहल किया जाए जिससे यहां की जनता की समस्या को दूर किया जा सके।

### सरोवर महादेव मंदिर में भोले बाबा का 22 को होगा रुद्राभिषेक

**रांची :** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजस्थान मित्र मंडल ने रविवार को रांची में बैठक की। बैठक में तय किया गया कि 22 जनवरी को अपर बाजार स्थित सरोवर महादेव मंदिर में भोले बाबा का रुद्राभिषेक दोपहर 1ः30 बजे से किया जाएगा। दस दौरान भजन गायक भजन करेंगे। साथ ही कीर्तन और भंडारा भी किया जायेगा। शाम से युवा नाट्य अकादमी की ओर से संपूर्ण रामायण की जीवंत झांकी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की जाएगी। शाम सात बजे से दीपोत्सव एवं मनमोहक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। पूरे अपर बाजार में दीप उत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार पुरोहित ने बताया कि अपर बाजार की दीपावली पूरे झारखंड में प्रसिद्ध है। उसी के तर्ज पर पूरे अपर बाजार में दीप उत्सव एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण और अपर बाजार के हर क्षेत्र में आतिशबाजी की जाएगी।

# रांची : जेसीआई की नई टीम ने लिया शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में सामाजिक संस्था जेसीआई रांची का 64वां शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि रांची के आईजी पुलिस अखिलेश कुमार झा ने कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने अपनी नई युवा टीम के साथ शपथ ग्रहण किया।अध्यक्ष के रूप में शपथ लेते हुए उन्होंने आने वाले वर्षों में समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना विजन बताया और अपनी टीम को न्यू विज़न, न्यू डायरेक्शन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जेसीआई रांची के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सचिव उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जेएफएस वसुंधरा सिंह, जोन प्रेसिडेंट, जोन 3, जेसीआई इंडिया उपस्थित थीं। अखिलेश कुमार झा ने

जेसी विक्रम चौधरी एवं उनकी नई टीम को बधाई दी।

**नई टीम इस प्रकार है**

सचिव- जेसी मयंक अग्रवाल उपाध्यक्ष- जेसी निशांत मोदी, जेसी पियूष केडिया, जेसी तरुण अग्रवाल, जेसी साकेत अग्रवाल, जेसी अभिषेक कुमार जैन, जेसी रवि आनंद। कोषाध्यक्ष- जेसी नटवर बाजोरिया। संयुक्त सचिव- जेसी कौशल मुरारका। प्रवक्ता-जेसी अमन पोद्दार। निर्देशक- जेसी आदित्य जालान, जेसी अक्षत आनंद, जेसी अमन सिंघानिया, जेसी अंकित अग्रवाल, जेसी अंकित मोदी, जेसी अनिमेष निखिल, जेसी अनुभव कुमार अग्रवाल, जेसी दीपक कुमार पटेल, जेसी मनदीप सिंह, जेसी मोहित बागला, जेसी निखिल मोदी, जेसी प्रवीण कुमार अग्रवाल, जेसी राहुल टिबरेवाल, जेसी रौनक टेकरीवाल, जेसी रिषभ जैन, जेसी रोहित दयानी, जेसी संदीप खेमका, जेसी संकेत सरावगी, जेसी शिवि तनेजा, जेसी शुभम बुधिया एवं जेसी वैभव जैन।

### एचआईवीएफ एंड इंफर्टिलिटी रिसर्च सेंटर का स्थापना दिवस 16 को

**रांची:** रांची में एएचआईवीएफ एंड इन्फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर का 23वां स्थापना दिवस आइएमए हॉल मोरहाबादी में 16 जनवरी को मनाया जाएगा। स्थापना दिवस के दिन लगभग 1000 दम्पति और बच्चे हिस्सा लेंगे। इस दिन लोगों को फ्री काउंसलिंग, गर्भवती महिलाओं के लिए फ्री चेकअप के साथ कई तरह की सुविधा दी जाएगी। एएचआईवीएफ एंड इन्फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर की डॉ जयश्री भट्टाचार्य ने बताया कि मां बनने में यदि किसी महिला को दिक्कत आती है, तो वह एक बार आईवीएफ को ट्राई कर सकती हैं। इसमें किसी तरह का खतरा नहीं होता है। इसकी सफलता 70 से 80 प्रतिशत होती है। इसमें ज्यादा से ज्यादा एक से 1.5 लाख रुपये का खर्च आता है।

# एमआईएम पार्टी के पुर्व प्रत्याशी डॉ. एमएन खान ने किया कंबल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** एमआईएम पार्टी के गढ़वा रंका विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान की अध्यक्षता में चिनिया प्रखंड के रानचेरी गांव में एक मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित की गयी। इस मौके पर ठंड को देखते हुए कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

मौके पर एमआईएम पार्टी के सिद्धांतों के बारे में लोगों से चर्चा कर पार्टी से जुड़ने का आह्वान करते गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी एम एन खान खान ने कहा कि वर्तमान की सरकार बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गए। इसका आपके बीच भरपाई नहीं हो सका। एक भी वादा पूरा नहीं हो सका। एमआईएम पार्टी पिछड़ी, आदिवासी, दलित, दबे-कुचले लोगों का हक अधिकार के बारे में आवाज उठाती रही है।

मौके पर मंदोदरी कुंवर, नौकी कुंवर, लेट सिंह, जगबानी देवी, राम सकल कोरबा, कुर्बान अंसारी, संतु, तेतरी देवी, मलखान सिंह, रीता देवी, बाबू पुरवा, सुमित्रा देवी, इसहक मंसूरी आदि लोगों के बिच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके एमआईएम के पुर्व प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान, जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, जिला प्रवक्ता रहमान अंसारी, युवा जिलाध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारुक अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी, हसनैन मंसूरी, खुशिदल अंसारी, सुरेंद्र गुप्ता, गुलबहार अंसारी, हाजी नसीरुद्दीन, इफ्तिखार अहमद आदि उपस्थित थे।

## लायंस संस्थापक के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच पौष्टिक आहार व कंबल वितरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल द्वारा लॉयन इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जॉन्स का जन्मदिन धुमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लायंस विशाल कार्यालय गढ़वा में शनिवार की रात्रि जरुरतमंदों के बिच कम्बलों का वितरण किया गया।

क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ कमलेश कुमार कि अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में केक काटा गया। जन्मदिन के दुसरे दिन रविवार को क्लब कार्यालय में गोद लिये हुए दस टीबी मरीजों के बिच गुड फॉर हंगर के तहत सभी मरीजों को पौष्टिक आहार दिया गया। साथ ही उन्हें अपने और अपने परिवार को टीबी रोग से कैसे बचाये इसकी जानकारी क्लब के चिकित्सकों के द्वारा दी गयी।

अध्यक्ष ने बताया कि मेल्विन जॉन्स ने सैकड़ों साल पहले जिस सोच और जज्बे के साथ लायंस इंटरनेशनल की स्थापना की थी आज सेवा के क्षेत्र में पुरे विश्व में लायंस क्लब का परचम लहरा रहा है। उनकी नेक सोच और उनके नेक इरादे को हम सब सलाम करते हैं और उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चलकर मानवता कि सेवा में समर्पित रहेगें। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल 1986 से लगातार सेवा कार्यो में समर्पित है। मौके पर लायंस विशाल के विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### रांची के ओंकारेश्वर धाम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

**रांची :** राजधानी के बूटी मोड़ के पास त्रिवेणीपुरम स्थित श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। मंदिर में भगवान शंकर सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इसके लिए मंदिर परिसर में 20 से 22 जनवरी तक प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने रविवार को कहा कि 20 जनवरी को शोभायात्रा निकालकर कलश जलभरी कार्यक्रम होगा। इसके बाद तीनों दिन पूजन, अनुष्ठान, कथा-प्रवचन, महायज्ञ, सामूहिक महाआरती, जागरण और भंडारा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम सफल बनाने में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव नरेंद्र सिंह, उपसचिव अमित सिंह, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, मुख्य संरक्षक आभाष कुमार, सदस्य सुमित सिंह, अभय सिंह, अंकित ब्रजेश कुमार, संजय साहा, राजीव दुबे, मुरली और शैलेंद्र वर्मा जुटे हुए हैं।

# राजनीति में सामूहिक विचारों को समाहित करना जरूरी : सुदेश महतो

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह सम्पन्न, रांची के कई युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं, बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है। कल की चिंता से पहले हमें आज लिए जा रहे राजनीतिक फैसलों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। यदि हम आज गंभीर नहीं हुए तो आने वाले समय में हमें इसका नुकसान उठाना होगा। यह बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित

मिलन समारोह में कही। इस दौरान मो. सरफराज आलम और मो. शाहनवाज आलम के नेतृत्व में रांची शहर के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी युवा साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति किसी एक व्यक्ति के विचार से नहीं, बल्कि अनेक विचारों को एक जगह समाहित करने से चलती और सशक्त दिखती है। राजनीति में सामूहिकता को प्लेटफार्म देने का काम आजसू पार्टी करती है। पार्टी में सभी की भावनाओं का सम्मान होता है। भावनाओं के सम्मान और विचारों को राज्य के विकास में लगाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इंडी अलायन्स सिर्फ चुनाव लड़ने और जीतने की कोशिश तक ही सीमित है। इसमें देश और देशवासियों की तरक्की नहीं दिखाई देती है। देश एवं देशवासियों के प्रति इनकी कोई जवाबदेही नजर नहीं आती है। अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनकी याद में एक मिनट का मौन रख कर उन्हें नमन किया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहादुर ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने अपनी सोच और ऊर्जा से पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया था। पार्टी में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता, केंद्रीय सांगठनिक सचिव एस अली, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।